संस्करण ● नई दिल्ली ● पानीपत (हरियाणा) ● चण्डीगढ़ ● लखनऊ ● भोपाल (मध्य प्रदेश) ● हल्द्वानी नैनीताल ● देहरादून (उत्तराखण्ड) से एक साथ प्रकाशित ... www.publicasia.in

पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें

# पब्लिक एशिया

पब्लिक एशिया परिवार की तरफ से आपके इस स्नेह और सहयोग के लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद...

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia e-mail: publicasia1989@gmail.com

वर्ष : 36, अंक : 01, पृष्ठ : 12, नई दिल्ली, गुरुवार 21 नवंबर 2024, मूल्य : 3 रूपये RNI No.- 49329/89

# 35 साल बेमिसाल

# यूपी के सोलर पावर मॉडल को अपनाएंगे अन्य राज्य

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**लखनऊ »** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में उन्नति की कहानी से पूरा देश रूबरू होगा। केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित की जा रही रीजनल कॉन्फ्रेंस ऑन गुड गवर्नेंस में यूपी में जल जीवन मिशन की परियोजनाओं में सोलर पावर के इस्तेमाल का डंका बजेगा। कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए आईएएस अफसर जानेंगे कि किसी तरह से उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन की परियोजनाओं में सोलर पावर का इस्तेमाल कर परियोजना की लागत को कम कर रहा है। साथ ही साथ कॉर्बन उत्सर्जन कम करके पर्यावरण को भी सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। 21 नवंबर से शुरू होने वाली दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में इनोवेशन स्टेट के तौर पर पहले सत्र में नमामि गंगे विभाग के अपर मुख्य सचिव जल जीवन मिशन में सोलर पावर के इस्तेमाल पर व्याख्यान देंगे। इसमें दूसरे राज्यों के अफसरों को बताया जाएगा कि किस तरह से यूपी जैसे बड़े राज्य में जल जीवन मिशन को सफलता से लागू किया गया और ये परियोजनाएं लंबे समय तक कम कीमत पर चल सकें, इसके लिए सोलर पावर का इस्तेमाल किया गया।



### सोलर तकनीक से पानी निकालने के लिए बिजली का खर्च 50 प्रतिशत से भी होगा कम

सोलर तकनीक के इस्तेमाल से गांवों में की जाने वाली जलापूर्ति की लागत में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। लो मेंटेनेंस के साथ-साथ इन सौर ऊर्जा संयंत्रों की आयु 30 साल होती है। 30 साल के दौरान इन परियोजनाओं का संचालन सौर ऊर्जा के जरिए होने से करीब 1 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। इससे करीब 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड का इमिशन प्रतिवर्ष कम होगा।

भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा गुड गवर्नेंस के क्षेत्र में



उत्तर प्रदेश की इस योजना को चुना गया है। ये कॉन्फ्रेंस देशभर के टॉप आईएएस अफसरों के लिए आयोजित की जाती है, जिसमें देशभर में चलाई जाने वाली योजनाओं में हुए उत्कृष्ट कार्यों को शामिल किया जाता है।

### योगी के निर्देशन में 80 फीसदी से अधिक परियोजनाएं सोलर पर आधारित

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में जल जीवन मिशन की 80 प्रतिशत से अधिक परियोजनाएं सोलर पावर पर आधारित हैं। जल जीवन मिशन परियोजना में इतने बड़े पैमाने पर सोलर पावर का इस्तेमाल करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है।

भारत सरकार की तरफ से आयोजित की जा रही इस कॉन्फ्रेंस का मकसद है कि देश के दूसरे राज्य भी इसी तरह का मॉडल अपनाएं। जिससे बिजली की बचत हो सके और परियोजनाएं लंबे समय तक चल सकें। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत यूपी में कुल 41539 परियोजनाएं हैं। जिसमें से 33,157 जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट्स में सोलर एनर्जी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे रोजाना 900 मेगावाट बिजली पैदा हो रही है। ऐसा करने वाला उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है।

**12.50 लाख लोगों को सोलर प्रोजेक्ट चलाने की दी गई ट्रेनिंग :** जल जीवन मिशन में सोलर आधारित पंपों को चलाने के लिए ग्रामीण इलाकों में 12.50 लाख लोगों को ट्रेनिंग दी गई है। ट्रेनिंग पाने वाले ग्रामीण ही इन परियोजनाओं का संचालन और सुरक्षा करेंगे।

### जल जीवन मिशन

» भारत सरकार द्वारा गुड गवर्नेंस थीम पर छत्तीसगढ़ में आयोजित कॉन्फ्रेंस में इनोवेशन स्टेट के रूप में चुना गया यूपी

» देश भर के आईएएस अफसरों को बताया जाएगा, कैसे 'योगी के यूपी' में जल परियोजनाओं में किया गया सोलर पावर का सफल इस्तेमाल

» यूपी में जल जीवन मिशन की 80 प्रतिशत से अधिक परियोजनाएं सोलर पावर पर हैं आधारित

» छत्तीसगढ़ के रायपुर में भारत सरकार आयोजित कर रही है गुड गवर्नेंस पर देशभर के आईएएस अफसरों की कॉन्फ्रेंस

# पब्लिक एशिया : सफलता के 35 वर्ष



मुकेश वत्स ग्रुप एडिटर

आज से 35 वर्ष पूर्व पब्लिक एशिया राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र का उदय हुआ। आज समाचार पत्र को पूरे 35 वर्ष बीत गए हैं। अब हिन्दी दैनिक समाचार पत्र पब्लिक एशिया का 36 वें वर्ष में सुखद प्रवेश पब्लिक एशिया परिवार के लिए गर्व करने जैसा है। व्यक्तिगत या संस्थागत जीवन में परिपक्व होने के लिए 35 वर्ष की अवधि अपने आप में पर्याप्त होती है परन्तु आज भी पब्लिक एशिया सत्य और निष्ठा की राह पर चलकर नित नये आयाम छुता जा रहा है, सुधी पाठकों के निरंतर सौजन्य और स्नेह से पब्लिक एशिया ने इस कसौटी पर खरा उतरने में भरपूर सफलता हासिल की है। मैत्री ममत्व एवं अपनत्व के इस सुदीर्घ कालखंड पर इतराने का पब्लिक एशिया को पूरा अधिकार है और वह भी ज्यादा गहराते संपुष्ट होते उत्तरदायित्व कर्तव्य बोध के साथ यह उत्तरदायित्व पब्लिक एशिया का संकल्प मंत्र भी है और निरंतर प्रगति के सोपान चढ़ते जाने का आधारभूत कारण भी 21 नवंबर 1989 में जब पब्लिक एशिया समाचार पत्र का जन्म हुआ तो समाचार पत्र के सामने अनेक चुनौतियां थी। अखबरीय प्रभुत्ववाद के चलते एक पक्षीय संवाद का चलन था खबरें एक तरफा, परिभाषा के तहत पोषित हो रही थी तब पब्लिक एशिया समाचार पत्र के प्रधान संपादक स्वर्गीय अनिल कुमार शर्मा जी नें अपनी योग्य टीम के संयुक्त प्रयास से यह सुनिश्चित करने का प्रण किया कि अब देश में पत्रकारिता को मजबूत करने और उनके अधिकारों के लिए लड़ने हेतु एक राष्ट्रीय समाचार पत्र निकाला जाए। यह समाचार पत्र एक तरफा संवाद की जड़ता को तोड़ने के साथ ही पाठक की घनिष्ठ मित्र, दिशा-निर्देशक और क्षेत्र के सम्यक समग्र विकास में सहयोगी की भूमिका निभाएगा। आज उस प्रण के 35 साल बाद भी पब्लिक एशिया समाचार पत्र अपने उसी संकल्प पर सजग है, अडिग है और उसी पर अटल रहने का पुन: पवित्र संकल्प भी दोहराता है। पब्लिक एशिया परिवार ने इसे कर्म सत्रवाक्य के रूप हर पल, हर क्षण पूरी संजीदगी के साथ जिया और जीने की इसी निर्वहन शैली के बूते यह दावा करने में सक्षम है कि विगत वर्षों के दौरान समाज के हर स्तर, हर क्षेत्र में महिलाओं की आवाज के साथ-साथ राजनैतिक मुद्दों को बुलंद किया है।

पब्लिक एशिया समाचार पत्र ने यह भी प्रमाणित किया कि वह वास्तव में बदलते हुए जमाने का अखबार है। सामाजिक सरोकारों को अपनी कार्यसंस्कृति का अभिन्न अंग बनाए रखते हुए बुनियादी सांस्कृतिक संस्कारों के मामले में समझौता किए बगैर पाठकों की बदलती अपेक्षाओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप एक परिवर्तनशील अखबार, जो राष्ट्रभाषा हिंदी की पवित्रता का पहरुआ भी रहा है। आंकडे बोलते है और साख गवाही देती है कि पब्लिक एशिया समाचार पत्र देश के कई प्रदेशों में अपना एक अहम स्थान रखता है अखबार की गलाकाट प्रतिस्पर्धा में यह कोई आसान काम नहीं है। पब्लिक एशिया समाचार पत्र ने यह उपलब्धि सिर्फ और सिर्फ सामग्री की शुद्धता, सूचना की पवित्रता, निडर रहकर समाचारों का संकलन करने और कुल मिलाकर विश्वसनीयता के बल पर हासिल की है। कभी कोई शार्टकट नहीं आजमाया, और ओच्छी पत्रकारिता से सदा परहेज किया।

आज देश के हर आयु वर्ग के हजारों पाठकों के दिलो-दिमाग में पब्लिक एशिया ने अपनी प्रतिष्ठा कायम की है तो वह भी सिर्फ अपने कर्तव्य परायणता और निष्पक्षता के बूते देश के समाचार पत्रों में अपना एक स्थान बनाने की उपलब्धि हासिल करने से ज्यादा कठिन है उसे बरकरार रखना। इस सोपान पर बने रहना ही समूची पब्लिक एशिया समाचार पत्र टीम के लिए एक मेव संकल्प है, कसौटी है। और निरंतर परीक्षा भी अतीत में कितनी ही परीक्षा की घड़िया आई टीम पब्लिक एशिया ने पाठकों के बीच पत्रकारीय निष्ठा के सहारे हर बार अच्छे अंकों के साथ परिणाम हासिल किए। अगर हम अपने स्थान से हिले नहीं तो इसका यह बड़ा कारण है कि हम अब्बल दर्जे की पावन पत्रकारिता प्रबिधताओं से कभी विचलित नहीं हुए। संकल्प की सुनिश्चितता, कार्य संस्कृति की पवित्रता से उपजी आत्मीयता ने ही पब्लिक एशिया समाचार पत्र और पाठकों को एकाकार कर दिया है। आज पब्लिक एशिया 6 राज्यों में 10 संस्करण दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, मुज़फ्फरनगर (उत्तर प्रदेश), पानीपत, रोहतक (हरियाणा), देहरादून, हल्द्वानी नैनीताल (उत्तराखंड), भोपाल (मध्यप्रदेश), चंडीगढ़ (पंजाब हिमाचल) के साथ -साथ संध्या पब्लिक एशिया (दैनिक), पाक्षिक इंग्लिश मैगज़ीन पब्लिक एशिया, हिंदी मासिक मैगज़ीन पब्लिक एशिया, यूट्यूब चैनल पब्लिक एशिया के साथ साथ वेबसाइट www.publicasia.in के माध्यम से लोगों तक लोगों से जुड़ी न्यूज़ पहुंचा रहा है, सफलता के 35 वर्ष पर में आप सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में बंगाल की दिया मुखर्जी ने फैब्रिक पेंटिंग से लोगों को आकर्षित किया



एजेंसी

**नई दिल्ली »** राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में चल रहा 43वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला युवा-युवतियों को अपने उद्यमशीलता प्रदर्शित करने का मंच दे रहा है। इसी तरह के युवाओं में पश्चिम बंगाल की आर्टिस्ट दिया मुखर्जी भी हैं, जो शौकिया तौर पर चित्रकार हैं और अपनी कला को फैब्रिक पर पेंट करती हैं। भारत मंडपम के हॉल नंबर 10 के एक स्टाल पर अपनी पेंटिग की पृष्ठभूमि में तुलिकाओं और रंग के साथ एक टीशर्ट पर राधा कृष्ण का चित्र बनाते हुये दिया ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा, 'मैंने सरकारी या निजी क्षेत्र में नौकरी की उम्मीद रखने की बजाए अपने शौक को चुना है और अब अपने हुनर को दुनिया के सामने लाकर खासकर अपनी उम्र के युवाओं को अपनी कलात्मक शौक को अभिव्यक्ति देने के रास्ते को चुनने के लिये जागरूक कर रही हूं।'

दिया ने बातचीत में कहा, 'मुझे शुरू से ही पेंटिंग करने का शौक था लेकिन फिर भी मैंने साइंस में पढ़ाई पूरी की और एक निजी कंपनी में नौकरी की। बाद में, नौकरी से मन ऊबने लगा तब मुझे लगा नौकरी करना मेरे बस में नहीं है, मेरा शौक और पेशा कला है और इस क्षेत्र में ही कुछ अलग करना है। इसलिये मैंने अपने सीनियर से पेंटिंग करने का प्रशिक्षण लिया।'दिया मुखर्जी टीशर्ट, कुर्ते और परिधानों के अलावा ज्वैलरी पर हैंड पेंटिंग करती हैं और यह उनका रोजगार बन चुका है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने शौक को हुनर में बदलकर, अपने साथ-साथ दूसरों की भी मदद कर सकता है और कोई भी कलाकार हर वर्ग के व्यक्ति को अपने शौक को हुनर में बदलने के लिये प्रेरित कर सकता है।

# गुयाना और बारबाडोस मोदी को अपने देश का शीर्ष नागरिक सम्मान प्रदान करेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली »** गुयाना और बारबाडोस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने देश का शीर्ष नागरिक सम्मान प्रदान करेंगे और इस तरह श्री मोदी को मिलने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मानों की संख्या 19 हो गयी है ।



प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक गुयाना श्री मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' प्रदान करेगा। इसके साथ ही बारबाडोस उन्हें प्रतिष्ठित मानद 'ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस' से सम्मानित करेगा। इससे पहले हाल में डोमिनिका ने भी श्री मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार- 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री के गुयाना पहुंचने पर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के लिए स्वयं राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली, प्रधानमंत्री मार्क एंथोनी फिलिप्स, वरिष्ठ मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री मोदी ने उनका आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इस यात्रा से दोनों देशों देशों के बीच मित्रता और गहरी होगी।

# सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी नेपाल की यात्रा पर रवाना

एजेंसी

**नई दिल्ली »** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी बुधवार को नेपाल की यात्रा पर रवाना हुए, जो भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्रालय के बयान में कहा कि वह 20 से 24 नवंबर तक अपनी नेपाल की यात्रा के दौरान, जनरल द्विवेदी नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव के साथ बातचीत करेंगे और उसके बाद वह रक्षा मंत्रालय के शशि भवन में नेपाली थल सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल के साथ अनौपचारिक चर्चा करेंगे। जनरल द्विवेदी को 21 नवंबर को नेपाली सेना मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया जाएगा, जिसके बाद नेपाली सेना के सीओएएस के साथ उनकी बातचीत होगी।जनरल द्विवेदी



को दोनों देशों के सामान्य हित के मुद्दों पर नेपाली सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) द्वारा भी जानकारी प्रदान की जाएगी। बाद में, वह राष्ट्रपति भवन, शीतल निवास में अलंकरण समारोह में शामिल होंगे, जिसमें भारतीय सेना और नेपाली सेना के बीच अनूठी परंपरा के अनुसार, उन्हें नेपाल के माननीय राष्ट्रपति द्वारा नेपाली सेना के जनरल के मानद रैंक से सम्मानित किया जाएगा।वह नेपाल के राष्ट्रपति से भी मुलाकात करेंगे और भारत और नेपाल के बीच रक्षा साझेदारी को बढ़ावा देने वाले विषय पर बातचीत करेंगे। शाम को वह नेपाली सेना प्रमुख द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगे।

भारतीय सेनाध्यक्ष 22 नवंबर को शिवपुरी में नेपाली सेना कमान एवं स्टाफ कोर्स के छात्रों को संबोधित करेंगे। दिन में जनरल द्विवेदी नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और रक्षा मंत्री मनबीर राय से मुलाकात करेंगे और परस्पर हितों के मुद्दों पर बातचीत करेंगे। जनरल द्विवेदी 23 नवंबर को पोखरा में पूर्व सैनिक रैली में हिस्सा लेंगे, जिसमें वह वीर नारियों और वीरता पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगे। रैली के दौरान, वह भारतीय सेना के दिग्गजों के साथ भी बातचीत करेंगे, जो नेपाल में बड़ी संख्या में मौजूद हैं। सेना प्रमुख पश्चिमी डिवीजन मुख्यालय, नेपाली सेना का दौरा करेंगे और उन्हें जनरल ऑफिसर कमांडिंग, पश्चिमी डिवीजन, नेपाली सेना की उपस्थिति में जानकारी प्रदान की जाएगी। शाम को सेना प्रमुख काठमांडू में गणमान्य व्यक्तियों के लिए भोज का आयोजन करेंगे।

# तेलंगाना में जाति जनगणना का काम 70 फीसदी पूरा : राहुल

एजेंसी

**नई दिल्ली »** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना को जरूरी बताते हुए बुधवार को कहा कि तेलंगाना सरकार ने जाति जनगणना का 70 फ़ीसदी काम पूरा कर लिया है और जल्द ही इस काम को पूरा कर लिया जाएगा। श्री गांधी ने कहा,'तेलंगाना में हमारी सरकार ने जातिगत गिनती का 70 प्रतिशत से ज़्यादा काम पूरा कर लिया है। जल्द ही पूरे राज्य



का विस्तृत डेटा सरकार के पास होगा, जिसका इस्तेमाल हम नीतियां बनाने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए करेंगे।' उन्होंने कहा,'जाति जनगणना उन सभी महत्वपूर्ण कदमों में से पहला कदम है जो अगले कुछ दशकों में संपूर्ण विकास के लिए योजना बनाने में मदद करेगा। यही कारण है कि मैं बार-बार देश में एक व्यापक जातिगत जनगणना करवाने की मांग कर रहा हूं। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने रास्ता दिखाया है, राष्ट्रीय स्तर पर भी हम एक व्यापक जातिगत जनगणना करवा कर रहेंगे।'

# झारखंड 67.59% और महाराष्ट्र में 58.25% मतदान

## 23 नवंबर को रिजल्ट आएगा

एजेंसी

**रांची/मुंबई »** झारखंड विधानसभा की 38 और महाराष्ट्र की 288 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यव-स्था के बीच बुधवार शाम मतदान शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया तथा इस दौरान क्रमश» 67.59 और 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने यहां बताया कि 38 विधानसभा क्षेत्र में आज सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम समाप्त हो गया और इस दौरान 67.59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन क्षेत्रों के 31 मतदान केंद्रों पर शाम 4 : 00 बजे शाम ही मतदान समाप्त हुआ था जबकि शेष मतदान केंद्रों पर पांच बजे शाम मतदान समाप्त हुआ।

दूसरे चरण के चुनाव में कुल 528 उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में आज बंद हो गई। इसमें 472 पुरूष और 55 महिला उम्मीदवार हैं जबकि एक ट्रांसजेंडर उम्मीदवार है। जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में बंद हुई उनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, विधानसभा



अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह, विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी, भाजपा के लोबिन हेंब्रम, भाजपा के अनंत कुमार ओझा, कांग्रेस के जेपी भाई पटेल और जेएलकेएम के जय राम महतो शामिल हैं।राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो , सांसद निशीकांत दूबे समेत अन्य नेताओं ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में मताधिकार का प्रयोग किया।

### यूपी उपचुनाव में हिंसा, पंजाब में आप-कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़े

**लखनऊ/चंडीगढ़ »** यूपी के मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर सीट पर उपचुनाव की वोटिंग के दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया। पुलिस को जान बचाकर भागना पड़ा। बाद में ककरौली थाने के इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने भीड़ को खदेड़ने के लिए वहां मौजूद महिलाओं पर रिवॉल्वर तान दी और कहा- यहां से चली जाओ, नहीं तो गोली मार दूंगा। समाजवादी पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया ङ्ग पर रिवॉल्वर ताने हुए इंस्पेक्टर का वीडियो शेयर करते हुए उन्हें निलंबित करने की मांग की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ये फुटेज जारी करके लिखा- इंस्पेक्टर रिवॉल्वर से धमकाकर वोटर्स को वोट डालने से रोक रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ये फुटेज जारी करके लिखा- इंस्पेक्टर रिवॉल्वर से धमकाकर वोटर्स को वोट डालने से रोक रहे हैं। यूपी के करहल में वोटिंग के बीच दलित युवती की हत्या : उत्तर प्रदेश में करहल, मीरापुर, ककरौली, सीसामऊ सीट, मुजफ्फरनगर में पुलिस से झड़पें हुईं। करहल में वोटिंग के बीच दलित युवती की हत्या कर दी गई। पिता ने आरोप लगाया कि सपा को वोट देने से मना करने पर युवक ने बेटी को मार डाला। चुनाव आयोग ने सपा की शिकायत पर 7 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है।

**आप कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प** - पंजाब के डेरा बाबा नानक में कांग्रेस और,क्क समर्थकों में वोटिंग को लेकर झड़प हो गई। उन्हें शांत कराने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची। कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने आरोप लगाया है कि पंजाब की आप सरकार गुंडागर्दी कर रही है।

उधर, महाराष्ट्र की 288 विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया, जो शाम छह बजे तक चला। इस दौरान 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य में गढचिरौली में सबसे अधिक 69.63 प्रतिशत और मुंबई सिटी में सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य चुनाव आयोग ने बताया कि राज्य के कुछ मतदान केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में खराबी आने पर मतदान प्रकिया बाधित हुई और मतदान केन्द्र के बाहर मतदाताओं को लम्बी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 4136 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद हो गया। राज्य के पांच करोड़ से अधिक पुरुष, 4.68 करोड़ से अधिक महिला और 6101 ट्रांसजेंडर सहित 9.70 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में बंद कर दी। मतदान के लिए कुल 1,00,427 केंद्र बनाये गये थे। मतदान केंद्रों पर 1,64,996 बैलेट यूनिट, 1,19,439 कंट्रोल यूनिट और 128531 वीवीपैट मशीनें लगी हुई थी। विधानसभा की सभी सीटों पर महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच सीधा मुकाबला रहा। वहीं वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए), बहुजन समाज पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन और अन्य छोटी पार्टियों ने भी दोनों मोर्चों के सामने चुनौती खड़ी की।

हिंसा की छिटपुट घटनाओं को छोड़कर आमतौर पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। आयोग ने बताया कि राज्य में शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से मतदान कराने के लिए हरसंभव प्रयास किये गये थे। मतदान के दौरान नासिक जिले के नांदगांव निर्वाचन क्षेत्र में शिवसेना (शिंदे गुट) के उम्मीदवार सुहास कांडे और निर्दलीय उम्मीदवार समीर भुजबल के समर्थकों के बीच झड़प हो गयी। निर्दलीय उम्मीदवार भुजबल ने आरोप लगाया कि श्री कांडे मतदान के दिन नांदगांव निर्वाचन क्षेत्र से गुजरते समय एक वाहन में सैकड़ों बाहरी लोगों को लेकर आ रहे थे।

## लेख

# कृत्रिम बुद्धि का बढ़ता प्रभाव

नई तकनीकों का उपयोग करने वाले अभिनव उत्पाद और सेवाएं सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र में हलचल मचाने लगी हैं। परिणामस्वरूप, पारंपरिक कौशल को मजबूत करने और आधुनिक तकनीकी कौशल जैसे कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ऐप विकास, ट्राई- ऑन सेवाओं के लिए संवर्धित वास्तविकता, डेटा एनालिटिक्स और उन्नत ग्राहक जुड़ाव रणनीतियों के साथ संयोजित करने की आवश्यकता है। एआई ने सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, खासकर जब अनुकूलन और वैयक्तिकरण की मांग बढ़ी है। यह प्रवृत्ति विविध ग्राहक वरीयताओं, जीवन शैली, शरीर के प्रकार और आनुवंशिक कारकों को दर्शाती है। माइक्रोसाफ्ट टीमों के लिए मेवेलिन केएआई संचालित मेकअप फ़िल्टर के बारे में हाल ही में आई खबरों ने सौंदर्य क्षेत्र में एआई की भूमिका पर चर्चाओं को फिर से हवा दे दी है। यह पता लगाना महत्वपूर्ण है। कि एआई किस तरह से उद्योग को बदल रहा है और नवीनतम विकास पर अपडेट रहना चाहिए। 2020 में एआई का उपयोग करने वाले वैश्विक सौंदर्य उद्योग का मूल्य 216.12 मिलियन था और 2027 तक 1.26 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। एक उद्योग रिपोर्ट बताती है कि 2021 से 2027 तक सौंदर्य क्षेत्र में एआई की वार्षिक वृद्धि दर 33.2 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

कई प्रयोगशालाओं ने एआई- संचालित त्वचा परामर्श उपकरण विकसित किए हैं जो त्वचा की उम्र बढ़ने का विश्लेषण करने के लिए संवर्धित वास्तविकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एकीकृत करते हैं। ये उपकरण उम्र बढ़ने के संकेतों की पहचान कर सकते हैं और त्वचा की मजबूती का आकलन कर सकते हैं, जिससे आगे की गिरावट को रोकने के लिए अनुरूप त्वचा देखभाल सिफारिशें मिल सकती हैं। उनके एल्गोरिदम 10,000 छवियों और 15 वर्षों की त्वचाविज्ञान विशेषज्ञता पर आधारित हैं। उपयोगकर्ता एक सेल्फी ले सकते हैं और अपनी त्वचा की स्थिति का अनुमान लगाने के लिए अपनी उम्र और त्वचा का प्रकार प्रदान कर सकते हैं और साथ ही एक व्यक्तिगत विश्लेषण भी प्राप्त कर सकते हैं। फिर उन्हें अनुकूलित त्वचा देखभाल नुस्खे प्राप्त होंगे। एआई त्वचा की स्थितियों का विश्लेषण करने, व्यक्तिगत त्वचा देखभाल और स्वास्थ्य दिनचर्या की सिफारिश करने और यहां तक कि रुझानों की भविष्यवाणी करने में सहायता करता है, जिससे अंततः उत्पाद विकास और ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि होती है। मुहांसे दुनिया भर में एक आम समस्या है, जो 80 प्रतिशत किशोरों और 40 प्रतिशत वयस्कों को प्रभावित करती है। एआई के साथ, विभिन्न जातीय त्वचा प्रकारों का प्रतिनिधित्व करने वाली 6,000 छवियों का एक डेटाबेस, मुहांसे से पीड़ित लोगों के लिए सटीक विश्लेषण और व्यक्तिगत नियमित अनुशंसाओं को सक्षम बनाता है। यह अभूतपूर्व एआई तकनीक वास्तविक त्वचा विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन की गई 10,000 प्रामाणिक छवियों की लाइब्रेरी से आकर्षित होती है, जो आठ नैदानिक मापदंडों और त्वचा के विभिन्न प्रकारों में लगभग 97 प्रतिशत की सटीकता दर प्राप्त करती है।

लगातार विकसित हो रहे सौंदर्य और कल्याण उद्योग में, जहां नवाचार आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ावा देता है, एआई पहले से कहीं अधिक प्रभावी और व्यक्तिगत उत्पाद निर्माण बनाने में एक शक्तिशाली सहयोगी बन गया है। अपने विविध अनुप्रयोगों और क्षमताओं का लाभ उठाकर एआई एक क्रांति ला रहा है जो सौंदर्य और कल्याण उत्पादों के विकास, व्यक्तिगतकरण और विपणन के तरीके को बदल रहा है। ट्रेंड स्पॉटिंग से लेकर सटीक उत्पाद निर्माण तक, एआई सौंदर्य उद्योग को रोमांचक और अभूतपूर्व तरीकों से नया रूप दे रहा है। निर्माण प्रक्रिया में एआई को एकीकृत करने से उत्पाद की प्रभावशीलता भी सुनिश्चित हो सकती है। एआई एल्गोरिदम यह अनुकरण कर सकते हैं कि त्वचा द्वारा अवयवों को कैसे अवशोषित और चयापचय किया जाता है, संभावित अवांछित अंतः क्रियाओं या दुष्प्रभावों की पहचान करते हुए। यह दृष्टिकोण नए उत्पादों को बाजार में लाने से जुड़े जोखिमों को कम करता है और यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ता अपनी भलाई से समझौता किए बिना इष्टतम परिणाम करें। परंपरागत रूप से, स्किनकेयर उत्पादों को एक ही आकार- फिट- सभी दृष्टिकोण के साथ विकसित किया गया है, जो अक्सर व्यक्तिगत उपभोक्ताओं की अनूठी जरूरतों को पूरा करने में विफल रहता है। एआई त्वचा के प्रकार, आयु, पर्यावरणीय कारकों और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं सहित विभिन्न डेटा बिंदुओं का विश्लेषण करके इस पद्धति को बदलता है। - संचालित उपकरणों का उपयोग करके, ब्रांड प्रत्येक ग्राहक की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप अनुकूलित स्किनकेयर उत्पाद बना सकते हैं। उदाहरण के लिए एआई एल्गोरिदम फ़ोटो और प्रश्नावली के माध्यम से उपयोगकर्ता की त्वचा की स्थिति का आकलन कर सकते हैं, सक्रिय अवयवों की विशेष सांद्रता वाले उत्पादों की सिफारिश या निर्माण कर सकते हैं जो व्यक्तिगत त्वचा संबंधी चिंताओं को संबोधित करते हैं। इसके अतिरिक्त, एआई आणविक संरचनाओं का विश्लेषण करके यह अनुमान लगा सकता है कि नए यौगिक मानव त्वचा के साथ कैसे बातचीत करेंगे, जिससे पारंपरिक परीक्षण और त्रुटि विधियों के समय और लागत में काफी कमी आएगी। एआई सिस्टम प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतों के अनुरूप उपयुक्त सामग्री, उत्पाद और स्किनकेयर रूटीन की सिफारिश करता है। यह ब्रांडेड उत्पादों का सुझाव भी दे सकता है जो सौंदर्य और कल्याण उद्योग में विशिष्ट स्थितियों को संबोधित करते हैं, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्राहक की प्राथमिकताओं से गहराई से जुड़ना है। जैसे-जैसे तकनीक विकसित होती जा रही है, यह ऐसे समाधानों का वादा करती है जो भविष्य में दिखावट और सेहत दोनों को बढ़ाएंगे।

*-विजय गर्ग*

# ला ईलाज हो चुका 'स्मॉग प्रदूषण'



निर्मल रानी

धनाढ्य या नव धनाढ्य लोग मात्र एक सवारी के साथ सड़कों पर कारें दौड़ाते फिरते हैं। सड़कों पर बे रोकटोक धुंआ करना तो गोया लोगों के मौलिक अधिकारों में शामिल हो गया है। यहाँ तक कि रोज़ाना कई जगह खुद नगर पालिका के कर्मचारी झाड़ू देने के बाद जगह जगह इकट्ठा किये गये कूड़े के ढेर में अपने ही हाथों से माचिस लगा देते हैं। गोया पढ़ा लिखा हो या अनपढ़,ग़रीब हो या अमीर,वैश्विक स्तर पर प्रदूषण बढ़ने के लिये सभी ज़िम्मेदार हैं। इसलिये भले ही सतही उपाय कितने ही क्यों न कर लिये जाएँ परन्तु हक़ीक़त तो यही है कि 'स्मॉग प्रदूषण' अब एक लाईलाज संकट बन चुका है।

उत्तर भारत का एक बड़ा क्षेत्र इन दिनों 'स्मॉग' यानी ज़हरीले धुयें युक्त कोहरे जिसे धूम कोहरा भी कहा जाता है, की चपेट में है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जबकि 'स्मॉग' यानी ज़हरीले धुयें की ख़बरें मीडिया में सुर्ख़ियां बटोर रही हों। बल्कि लगभग दो दशक से यह स्थित प्रत्येक वर्ष पैदा हो रही है। हाँ इतना ज़रूर है कि प्रदूषण दिन प्रतिदिन और भी न केवल बढ़ता जा रहा है बल्कि और भी ज़हरीला भी होता जा रहा है। इसका घोर प्रदूषण युक्त वातावरण का ख़ामियाज़ा हमें तरह तरह से भुगतना पड़ रहा है। कहीं विमानों की उड़ानें प्रभावित हो रही हैं तो कहीं ट्रेंस परिचालन में बाधा आने के चलते रेल गाड़ियां लेट हो रही हैं। गत दिनों ख़राब मौसम के कारण ही दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 15 विमानों का मार्ग बदला गया जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। सड़कों पर दुर्घटनाओं में इज़ाफ़ा होने लगा है। स्वास्थ्य कारणों से बच्चों के स्कूल बंद कर दिए जाते हैं तो अस्पतालों में सांस और दमा के मरीज़ों की संख्या बढ़ जाती है। यहाँ तक कि एक स्वस्थ व्यक्ति भी ऐसे वातावरण में सांस लेने में दिक़्क़त महसूस करने लगता है। लोगों को खुजली हो रही है और आंखों में जलन व आँखों से पानी आने की शिकायतें आ रही हैं। मास्क लगाना या न लगाना दोनों ही स्थिति में लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी बढ़ते प्रदूषण की वजह से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान के लाहौर में स्मॉग यानी ज़हरीले धुएं की इतनी मोटी चादर बिछ गई जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देने लगी। अब ख़बर तो यहां तक है कि स्मॉग यानी ज़हरीले धुएं से पैदा होने वाले इस प्रदूषण को कम करने के लिए वहां लॉकडाउन लगाने तक की योजना बन रही है।

सवाल यह है कि गत लगभग 2 दशक से निरंतर प्रदूषित होते जा रहे इस ज़हरीले धुएं युक्त वातावरण और अनेक माध्यमों से इनसे होने वाले आर्थिक नुक़सान व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिये ज़िम्मेदार कौन है। सर्दियों की शुरुआत में हमेशा टी वी व अख़बारों में यह सुर्ख़ियां बनती हैं कि प्रदूषण का स्तर क्या है। विशेषज्ञों के अनुसार स्वच्छ हवा वाले वातावरण के लिये 50 तक AQI होना चाहिये। 50 से कम AQI (एयर क्वालिटी इंडेक्स ) स्वास्थ्य के लिये ठीक रहता है। जबकि दिल्ली राजधानी क्षेत्र (एन सी आर ) से लेकर केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ तक का एयर क्वालिटी इंडेक्स पिछले दिनों 500 के क़रीब पहुँच गया। सरकार से लेकर जनता तक इस अति प्रदूषित वातावरण से निजात पाने के लिये केवल प्रकृति के भरोसे बैठी हुई है कि या तो बारिश हो तो इस ज़हरीली हवा से निजात मिले या फिर तेज़ हवा इस वातावरण से निजात दिलाये। जबकि प्रदूषण से त्राहि त्राहि करती यही जनता या जनता द्वारा चुनी उसकी सरकार इस समस्या से निपटने का कोई भी कारगर उपाय ढूंढ नहीं पाती। कभी स्कूल्स में छुट्टी कर,कभी निर्माण कार्य रूकवाकर तो कभी सम-विषम नंबर के अनुसार वाहन चलने



का निर्देश देकर ऐसी समस्याओं से निजात के उपाय तलाशे जाते हैं। जबकि प्रदूषण फैलाने के ज़िम्मेदार वाहनों की संख्या प्रतिदिन लाखों की तादाद में बढ़ती जा रही है। उद्योगों से प्रदूषित धुआं निरंतर निकलता रहता है। पूरे देश की सड़कें धुल मिटटी से पटी पड़ी हैं। खेतों में फ़सलों के अवशेष बेरोकटोक जलाये जा रहे हैं। जगह जगह आम लोग कूड़े के ढेर में बेख़ौफ़ होकर आग लगाते हैं जिनमें रबड़,पॉलीथिन,प्लास्टिक आदि सब कुछ जलाया जाता है। इसी तरह आतिशबाज़ी चलाने के लिये चाहे अदालतें मना करें या सरकारें, कोई भी मानने को तैयार नहीं। बल्कि हर साल आतिशबाज़ी का चलन व इनकी खपत बढ़ती ही जा रही है। यदि आप दीपावली पर आतिशबाज़ी चलाने को लेकर 'ज्ञान' देने लगे तो समझो आप को सनातन विरोधी होने का प्रमाण पत्र तो उसी क्षण मिल जायेगा। गुरपूरब पर होने वाली आतिशबाज़ी पर सवाल उठाया तो दीपावली का सवाल खड़ा होगा। इसी तरह शब् बरात हो या नया साल,रोज़ होने वाले शादी ब्याह कोई भी आयोजन आतिशबाज़ी से अछूता नहीं है। और ज़ाहिर है ऐसी आतिशबाज़ीयों का एक ही परिणाम है, ज़हरीला धुआं,जान लेवा प्रदूषण,स्मॉग यानी ज़हरीले धुयें युक्त कोहरे की चादर और अंततः बदलता मौसम व ग्लोबल वार्मिंग।


जिस तरह बारिश के दिनों में शहरों में समुचित जल निकासी का प्रबंध न होने के चलते शहरों व क़स्बों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है और इससे संबंधित ख़बरें लेख व परिचर्चाएं वर्षा ऋतू के दौरान पढ़ने सुनने को मिलती हैं। परन्तु बारिश ख़त्म होते ही जनता व सरकार सभी हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाते हैं और अगले साल की बारिश व इससे होने वाली तबाही की प्रतीक्षा करने लगते हैं। ठीक उसी तरह हर साल दीपावली के बाद और सर्दियों के आग़ाज़ में हर वर्ष यही प्रदूषण व ज़हरीले धुएं की चर्चा सुर्ख़ियों में आ जाती है। इस विषय को लेकर हमारे समाज की जागरूकता व समझ का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि न तो कोई अतिशबाज़ियों से परहेज़ के लिए तैयार है न ही यह मानने के लिये तैयार है कि पराली या खेतों में फ़सलों के अवशेष जलने से प्रदूषण फैलता है।

धनाढ्य या नव धनाढ्य लोग मात्र एक सवारी के साथ सड़कों पर कारें दौड़ाते फिरते हैं। सड़कों पर बे रोकटोक धुंआ करना तो गोया लोगों के मौलिक अधिकारों में शामिल हो गया है। यहाँ तक कि रोज़ाना कई जगह खुद नगर पालिका के कर्मचारी झाड़ू देने के बाद जगह जगह इकठ्ठा किये गये कूड़े के ढेर में अपने ही हाथों से माचिस लगा देते हैं। गोया पढ़ा लिखा हो या अनपढ़,ग़रीब हो या अमीर,वैश्विक स्तर पर प्रदूषण बढ़ने के लिये सभी ज़िम्मेदार हैं। इसलिये भले ही सतही उपाय कितने ही क्यों न कर लिये जाएँ परन्तु हक़ीक़त तो यही है कि 'स्मॉग प्रदूषण' अब एक लाईलाज संकट बन चुका है।

# 21 नवंबर 'पब्लिक एशिया' के स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं

वर्तमान काल में यदि संसार के किसी भी कोने में कोई भी घटना घटित हो तो उसके अगले दिन हमारे पास उसकी खबर आ जाती है। ऐसा सिर्फ समाचार पत्रों के कारण ही संभव होता है। आज के समय में बिना समाचार पत्र के जीवन की कल्पना करना भी काफी कठिन है। यह वो पहली और आवश्यक वस्तु है, जिसे सभी हर सुबह सबसे पहले देखते हैं। यह हमें पूरे विश्व में हो रही घटनाओं के बारे में जानकारी देकर वर्तमान समय से जुड़े रखने में हमारी मदद करता है। समाचार पत्र व्यापारियों, राजनितिज्ञों, सामाजिक मुद्दों, बेरोजगारों, खेल, अन्तरराष्ट्रीय समाचार, विज्ञान, शिक्षा, दवाइयों, अभिनेताओं, मेलों, त्योहारों, तकनीकों आदि की जानकारी हमें देता है। यह हमारे ज्ञान कौशल और तकनीकी जागरूकता को बढ़ाने में भी हमारी सहायता करता है।

आज 21 नवंबर को हम हर साल पब्लिक एशिया के स्थापना दिवस के रूप में मनाते है। 21 नवंबर 1989 को पब्लिक एशिया अस्तित्व मे आया। इसकी शुरुआत एक डेली हिंदी समाचार पत्र के रूप मे नयी दिल्ली से हुई थी। जैसे-जैसे दशक दर दशक पब्लिक एशिया तरक्की की सीढ़ियां चढ़ता गया, वैसे-वैसे शहर की तस्वीर भी बदलती चली गई। आजकल, समाचार पत्र जीवन की एक आवश्यकता बन गया है। यह बाजार में लगभग सभी भाषाओं में उपलब्ध होता है। एक समाचार पत्र खबरों का प्रकाशन होता है, जो कागजों पर छापा जाता है और लोगों के घरों में वितरित किया जाता है। अलग-अलग देश अपना अलग समाचार संगठन रखते हैं।पब्लिक एशिया अखबार का उद्देश्य हमें अपने देश में हो रही सभी घटनाओं के साथ ही संसार में हो रही घटनाओं से भी अवगत कराना हैं। यह हमें खेल, नीति, धर्म, समाज, अर्थव्यवस्था, फिल्म उद्योग, फिल्म (चलचित्र), भोजन, रोजगार आदि के बारे में बिल्कुल सटीक जानकारी देता है।



बदलते वक्त के साथ विकास की उड़ान का साक्षी रहा है पब्लिक एशिया ग्रुप।देश के सभी महत्वपूर्ण राज्यों जैसे की उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,हरियाणा,पंजाब,हिमाचल से प्रकाशित ये समाचार पत्र उच्चाइयों को छूता गया। सदा से इस अखबार का उद्देश्य सही और सच का साथ देने का रहा है। इस अखबार के माध्यम से हमने हर उस व्यक्ति को न्याय दिलाने की कोशिश की है जो किसी परिस्तिथिवश संकट में हो। 'पब्लिक की कहे और पब्लिक की सुने' इस अखबार का मोटो रहा है और आम जनता की आवाज़ को इस अखबार के माध्यम से सरकार,अधिकारीयों व लोगो तक पहुंचाने का काम सदा इस समाचार पत्र ने किया है।

समय दर समय इस अखबार ने ऊँची बुलंदियों को हासिल कर एक मुकाम बनाया है। आज पब्लिक एशिया मात्र एक डेली अखबार ही नहीं अपितु हिंदी व अंग्रेजी की मैगज़ीन,संध्या पब्लिक एशिया अख़बार, डिजिटल चैनल , सभी सोशल मीडिया जैसे फेसबुक,ट्विटर,इंस्टाग्राम पर अपनी पहचान बनाने में खासी कामयाबी हासिल कर चुका है ।

वर्तमान समय में, जब सभी लोग अपने जीवन में इतने व्यस्त है, ऐसे में उनके लिए बाहरी संसार के बारे में सूचनाओं या खबरों की जानकारी होना बहुत ही मुश्किल से संभव है, इसलिए पब्लिक एशिया समाचार पत्र इस तरह की कमजोरी को हटाने का सबसे अच्छा विकल्प है। केवल 15 मिनट या आधे घंटे में किसी घटना की विस्तृत जानकारी हम अपने अखबार के माध्यम से देने की भरपूर कोशिश करते है। यह सभी क्षेत्रों से संबंधित व्यक्तियों के लिए बहुत ही लाभदायक है क्योंकि यह सभी के अनुसार जानकारियों को रखता है जैसे विद्यार्थियों, व्यापारियों, राजनेताओं, खिलाड़ियों, शिक्षकों, उद्यमियों आदि।

अनिल शर्मा जी व प्रतिमा चतुर्वेदी द्वारा शुरुआत किया गया ये समाचार पत्र आज एक नयी बुलंदियों को छू रहा है।अनिल शर्मा जी व प्रतिमा चतुर्वेदी के तजुर्बे से बहुत कुछ सीखने को मिला है। समाचार पत्र की बारीकियों को समझना और उसको सूझ भोज से अमल में लाना अनिल शर्मा जी से बेहतर कौन समझा सकता था। मैं मुकेश वत्स इस अखबार के मालिक व समूह संपादक होने के नाते अपनी मेहनत व काबिलयत के बल पर इसे और नयी बुलंदियों तक पहुंचाने का प्रयास किया है और आगे भी निष्ठापूर्ण इसमे प्रयासरत रहूँगा। सम्पूर्ण पब्लिक एशिया अखबार की तरफ से सभी को पब्लिक एशिया के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

# अब बुद्धू बकसा नहीं रहा टेलीविजन



डॉ घनश्याम बादल

चाहे आपकी रुचि वॉकिंग डेड में किसकी मृत्यु हुई या फेस द नेशन में राष्ट्रपति के साथ साक्षात्कार में हो, वर्चुअल दुनिया में एक पूरा समुदाय है जिसके साथ आप गपशप कर सकते हैं। वैसे भारत में पुरानी पीढ़ी के लोग अधिक टेलीविजन देखना पसंद नहीं करते पर नई पीढ़ी किसी भी माध्यम से टेलीविजन देखने से छुट्टी भी नहीं है शायद दोनों के अपने-अपने आदर्श एवं जीवन शैलियों हैं। पर ,यह तो सच है कि न तो आज के युग में टेलीविजन से कट कर चला जा सकता है और साथ ही साथ यदि हम अपना सारा समय टेलीविजन को ही दे देंगे तो यह भी घातक हो सकता है।

आज के समय में देश और दुनिया का शायद ही कोई ऐसा शहर, गांव या घर होगा जहां पर टेलीविजन की उपस्थिति न हो । आज हमारी दिनचर्या में टेलीविजन देखना एक अपरिहार्य हिस्सा बन चुका है । कह सकते हैं कि जो टेलीविजन के संपर्क में नहीं है वह आज की दुनिया के भी संपर्क में भी नहीं है और ऐसे लोगों को पिछड़ा माना जाता है । आज बड़ों से लेकर बच्चों तक जब आपस में मिलते हैं तो टेलीविजन का जिक्र किसी न किसी संदर्भ में ज़रूर आता है । अब टेलीविजन के बारे में तो सब जानते हैं पर शायद यह बहुत कम लोग जानते होंगे कि 21 नवंबर को पूरी दुनियाभर में टेलीविजन दिवस मनाया जाता है। आज टेलीविजन संचार और वैश्वीकरण का प्रतीक है जो हमें शिक्षित करता है, सूचित करता है, मनोरंजन करता है और हमारे निर्णयों और विचारों को प्रभावित करता है।

मजे की बात यह है कि आज के इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन का आविष्कार किसी जाने-माने वैज्ञानिक ने नहीं किया अपितु 1927 में, फिलो टेलर फ़ार्नस्वर्थ नामक 21 वर्षीय जर्मन आविष्कारक ने दुनिया का पहला इलेक्ट्रॉनिक टेलीविज़न बनाया जो 14 साल की उम्र तक बिना बिजली के घर में रहा था । अपनी पढ़ाई के दौरान हाई स्कूल में ही, उसने एक ऐसी प्रणाली के बारे में सोचना शुरू किया जो चलती हुई तस्वीरों को कैप्चर कर सके, उन्हें एक कोड में बदल सके और फिर उन छवियों को रेडियो तरंगों के साथ अलग-अलग डिवाइस पर भेज सके। वह पारंपरिक टेलीविज़न सिस्टम से कई साल आगे था क्योंकि उसकी संरचना इलेक्ट्रॉनों की एक किरण का उपयोग करके चलती हुई छवियों को कैप्चर करती थी। फ़ार्नस्वर्थ ने बाद में अपने टेलीविज़न का उपयोग करके एक डॉलर के चिह्न की छवि को प्रसारित किया, जब एक साथी आविष्कारक ने पूछा 'हम इस चीज़ से कुछ डॉलर कब देखेंगे?' तब उनमें से किसी को भी नहीं पता था कि टेलीविज़न वैश्विक सूचना के प्रसार को बढ़ावा देने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिवस का प्रतीक बन जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक टेलीविज़न से पहला प्रसारण चार्ल्स फ्रांसिस जेनकिंस द्वारा निर्मित ङ्ख3ङ्क्ष नामक प्रथम यांत्रिक टीवी स्टेशन ने किया।

1996 में 21 और 22 नवंबर को, संयुक्त राष्ट्र ने पहला विश्व टेलीविजन फोरम आयोजित किया। यहाँ, प्रमुख मीडिया हस्तियाँ तेज़ी से बदलती दुनिया में टेलीविज़न के बढ़ते महत्व पर चर्चा और इस बात पर विचार करने के लिए मिलीं कि वे अपने आपसी सहयोग को कैसे बढ़ा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के नेताओं ने माना कि टेलीविज़न संघर्षों की ओर ध्यान आकर्षित कर सकता है, शांति और सुरक्षा के लिए खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ा सकता है और सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने तब टेलीविज़न को सूचना देने, चैनल बनाने और जनमत को प्रभावित करने के एक प्रमुख उपकरण के रूप में स्वीकार किया और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 नवंबर को विश्व टेलीविज़न दिवस का नाम दिया । अब तो आपको पता है कि 21 नवंबर को टेलीविजन दिवस है तो फिर इस दिवस को कैसे मनाया जाए इसके लिए लिए सोचते हैं कुछ नया।

### शेयर करें पसंदीदा टीवी पल



टेलीविज़न पर बहुत कुछ ऐसा है जिसे देखकर आप खुश हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर जाएं और अपने पसंदीदा टेलीविज़न पल के बारे में लिखें, चाहे वह पिछले हफ़्ते हुआ हो या 20 साल पहले।अपने पसंदीदा लोगों को टीवी डिनर के लिए आमंत्रित करें और साथ ही अपना पसंदीदा कार्यक्रम देखें।

### खूब मज़े करो

हो सकता है कि आप टीवी देखने से इसलिए परहेज करते हों क्योंकि आपको लगता है कि आपको कुछ काम करने चाहिए? यह दिन आपके लिए ही बना है! कुछ आरामदायक स्वेट पहनें, अपने लिए पॉपकॉर्न बनाएं और अपने पसंदीदा शो के एक के बाद एक एपिसोड देखें। अगर आपको इस तरह की आरामदेह गतिविधि पर कोई अपराधबोध महसूस होता है, तो खुद को याद दिलाएँ कि आप अपने कार्यों से संयुक्त राष्ट्र के आदर्शों का समर्थन कर रहे हैं - या इस मामले में निष्क्रियता डेविड एटनब्रो की 2016 की डॉक्यूमेंट्री श्रृंखला दुनिया भर में प्रकृति की खोज करती है और यह नाजुक वर्णन और आश्चर्यजनक दृश्यों से भरपूर है। और भी ऐसे अनेक कार्यक्रम हो सकते हैं जिन्हें आप अपनी पसंद के अनुसार देख सकते हैं पर बेहतर हो कुछ सार्थक देखें। ऐसे ही कुछ सार्थक सीरियल्स हैं

### प्लैनेट अर्थ

मूल प्लैनेट अर्थ का फिल्मांकन 2006 में किया गया था और यह मूलतः प्लैनेट अर्थ 2 जैसा ही था, लेकिन फुटेज को कैप्चर करने वाली तकनीक थोड़ी पुरानी थी। भाइयों का बैंड

युद्ध ड्रामा लघु श्रृंखला 1942 से द्वितीय विश्व युद्ध के अंत तक 101वीं एयरबोर्न डिवीजन की 506वीं रेजिमेंट, ईज़ी कंपनी की कहानी पर केंद्रित है। ब्रेकिंग बैड यह नाटक एक रसायन विज्ञान शिक्षक की कहानी है, जिसे पता चलता है कि उसे कैंसर है और वह मेथ-निर्माण व्यवसाय में जाने का निर्णय लेता है। चेरनोबिल यह लघु श्रृंखला 1986 में चेरनोबिल में हुई परमाणु आपदा और उसके बाद किए गए सफाई प्रयासों को कवर करती है। यह कार्यक्रम तो महा जे महज सुझाव के लिए हैं दुनिया भर के टेलीविजन कार्यक्रमों की सूची उठाकर देखेंगे तो आपको अपनी पसंद के एवं सार्थक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रृंखला मिल जाएगी तो अगर समय है और मन भी है तो टेलीविजन दिवस पर यह कार्यक्रम देख सकते हैं। ज्यादा टेलीविजन देखने के अपराध बहुत से ग्रस्त होने की आपका आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका में, औसतन लोग प्रतिदिन 3.5 घंटे टेलीविजन देखते हैं। चाहे वह समाचार हो, खेल हो, संगीत कार्यक्रम हो, शो हो या फ़िल्में हों, हम मनोरंजन और जानकारी के लिए टेलीविजन का सहारा लेते हैं। मनोरंजन के रूप में टेलीविजन केवल संयुक्त राज्य अमेरिका तक ही सीमित नहीं है। दुनिया भर में लगभग 610 मिलियन दर्शक हैं। यह जानना कि इसके उच्च उद्देश्यों के लिए एक दिन समर्पित है, हमें दिन के अंत में थोड़ा टीवी देखने के अपने निर्णय के बारे में बेहतर महसूस कराता है।

एक समय टेलीविजन का मतलब लिविंग रूम में रखा हुआ वह बॉक्स होता था जो रेडियो तरंगें प्राप्त करता था और छवियों को प्रसारित करता था। वे दिन चले गए हैं। टेलीविजन अब कोई भी सिस्टम है जो ध्वनि और छवियों को प्रसारित करता है और स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है। यह अभी भी डेन में बड़ी स्क्रीन हो सकती है, लेकिन यह आपके डेस्कटॉप, लैपटॉप या फोन को भी संदर्भित करती है। जब तक वे कार्यक्रमों तक पहुँच रहे हैं, वे निष्पक्ष खेल हैं! अपने कई नवाचारों के साथ, टीवी मनोरंजन और सूचना का एक स्रोत है जिसे हम प्रतिदिन एक्सेस करते हैं। यदि चाहें तो आप सोशल मीडिया पर जाएं और अपना पसंदीदा टेलीविज़न शो, न्यूज़ प्रोग्राम या नेटवर्क टाइप करें और आपको ढेरों कमेंट, लाइक और शेयर मिलेंगी। इसलिए चाहे आपकी रुचि वॉकिंग डेड में किसकी मृत्यु हुई या फेस द नेशन में राष्ट्रपति के साथ साक्षात्कार में हो, वर्चुअल दुनिया में एक पूरा समुदाय है जिसके साथ आप गपशप कर सकते हैं। वैसे भारत में पुरानी पीढ़ी के लोग अधिक टेलीविजन देखना पसंद नहीं करते पर नई पीढ़ी किसी भी माध्यम से टेलीविजन देखने से छुट्टी भी नहीं है शायद दोनों के अपने-अपने आदर्श एवं जीवन शैलियों हैं। पर ,यह तो सच है कि न तो आज के युग में टेलीविजन से कट कर चला जा सकता है और साथ ही साथ यदि हम अपना सारा समय टेलीविजन को ही दे देंगे तो यह भी घातक हो सकता है।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्या : 49329/1989, स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश वत्स ने पब्लिक एशिया E-33, सेक्टर-7 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित कराया व 302, ||| फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली 96 से प्रकाशित किया है। संपादकीय कार्यालय : 302 ||| फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली-96 | मुख्य कार्यालय पब्लिक एशिया हाउस 686 जी, न्याय खंड-2, इन्दरापुरम, गाजियाबाद (उ.प्र.), Mob. 9891945513, Web-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasia1989@gmail.com

## मुख्य समाचार

### मोटरसाइकिल सहित चोर गिरफ्तार

अवैध असलहा व कारतूस भी हुआ बरामद



मनोज सिंहल, पब्लिक एशिया

**बुलंदशहर »** थाना चोला पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक शातिर वाहन चोर को चांदमारी कट के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल, अवैध असलहा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना चोला पर मुअसं 240/24 धारा 317(2), 317(5), 318(4), 336(3), 338 व 340(2) बीएनएस तथा 3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस मीडिया सेल द्वारा मीडिया को उपरोक्त जानकारी जारी की गई। बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता मोईन पुत्र इलियास निवासी ग्राम बिरौड़ी ताजपुर थाना चोला जनपद बुलन्दशहर है। अभियुक्त से 1 टीवीएस बाइक (सही नं. P-14FB-7780), 1 तमंचा 315 बोर मय 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा उपरोक्त बरामद मोटरसाइकिल को अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर वर्ष 2023 में जनपद गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद क्षेत्र से चोरी किया था, जिसके संबंध में थाना साहिबाबाद पर मुअसं 363/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त मोईन के आपराधिक इतिहास के अनुसार उसके विरुद्ध थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद तथा थाना चोला जनपद बुलन्दशहर पर 2 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में लोकेश प्रताप सिंह (प्रभारी निरीक्षक थाना चोला), उपनिरीक्षक संदीप सरोज, हैड कांस्टेबल चन्द्रवीर सिंह व कांस्टेबल अरविन्द कुमार शामिल रहे।

### डीजे का विरोध युवक को पड़ा भारी, सिर फोड़ा

एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

कादिर अब्बासी पब्लिक एशिया

**जहांगीराबाद।** नगर के एक मौहल्ले में देर रात्रि डीजे पर नाच कूद कर रहे युवकों ने डीजे चलाने का विरोध कर रहे युवक का सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने एसएसपी को आरोपी युवकों के विरूद्ध नामजद तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के मौहल्ला छैपियान निवासी भूपेंद्र शर्मा पुत्र गोपाल स्वरूप कौशिक ने एसएसपी को दी तहरीर में बताया कि गत 30 अक्टूबर की देर रात्रि में उसके पड़ोस में रहने वाले दो युवक डीजे की तेज आवाज पर नाच कूद कर रहे थे। पीड़ित ने परेशान होकर जब उक्त युवकों से डीजे बंद करने को कहा तो दोनों युवकों ने गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। जब पीड़ित ने इनका विरोध किया तो उक्त दोनों युवकों व उनकी मां ने लात-घूंसो से मारपीट करना शुरू कर दिया तथा किसी धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से पीड़ित का सिर फोड़ दिया। उक्त दोनों युवकों ने पीड़ित को कौली में भरकर जमीन पर पटक दिया जिससे पेट व कमर में काफी गुम चोट आई। बीच बचाव करने आए पीड़ित के भाई से भी उक्त तीनों ने लाठी-डण्डों से काफी मारपीट की। पीड़ित ने एसएसपी को तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज कराया है। स्थानीय पुलिस ने भी एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

> 'पीड़ित युवक की तहरीर पर नामजद आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### छात्रों को निशुल्क स्मार्टफोन एवं टेबलेट वितरण किये गये



विमल स्वामी, पब्लिक एशिया

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर नगर स्थित श्री भागीरथी संस्कृत महाविद्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा छात्रों को निशुल्क स्मार्टफोन एवं टेबलेट वितरण योजना स्वामी विवेकानंद के अंतर्गत संस्कृत छात्रों को स्मार्टफोन एवं टैबलेट फोन मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार रोहतगी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती वंदना रोहतगी ने संयुक्त रूप से छात्रों को स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण किये मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार रोहतगी ने कहा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा संस्कृत के छात्रों के लिए बहुत अच्छी पहल है छात्रों के लिए छात्रवृत्ति स्मार्टफोन टैबलेट आदि के द्वारा छात्र आधुनिक शिक्षा को भी आसानी से पढ़ सकते हैं और संस्कृत को आसानी से पढ़ा जा सकता है संस्कृत देव वाणी है इस विद्यालय से अनेको विद्वानों ने संस्कृत की शिक्षा ग्रहण करके इस विद्यालय का नाम रोशन किया है आज भी इस विद्यालय के छात्र आने को पदों पर आसीन है विद्यालय के प्राचार्य मोहनलाल शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया विद्यालय के अध्यापक अमित कुमार शर्मा ने मंच संचालन किया छात्रों ने संस्कृत संभाषण एवं संस्कृत गीत सुनकर अतिथियों का मन मोह लिया शास्त्री एवं आचार्य की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण किया गया इस अवसर पर आचार्य अमित शर्मा, आचार्य विनोद शर्मा ,मनोज कुमार, गोविंद शर्मा ,हिमांशु शर्मा, विरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### विशाल ब्राह्मण सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन 24 को

### चलो मुजफ्फरनगर, चलो मुजफ्फरनगर

पुष्पेन्द्र कुमार, पब्लिक एशिया

**हापुड़ »** आगामी 24 नवंबर 2024 दिन रविवार समय 11:00 बजे जनपद मुजफ्फरनगर के मोहम्मदपुर मॉडर्न निकट बोहरा कला में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा संगठन के तत्वाधान में होगा विशाल ब्राह्मण सम्मेलन। जनपद मुजफ्फरनगर के मोहम्मदपुर मॉडर्न गांव में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा संगठन के तत्वाधान में विशाल ब्राह्मण एकता सम्मेलन होगा जिसमें जनपद शामली मुजफ्फरनगर हापुर मेरठ मुरादाबाद बिजनौर बुलंदशहर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के ब्राह्मण इस सम्मेलन में पहुंचेंगे और आज जो ब्राह्मणों की वर्तमान स्थिति चल रही है उसे पर चर्चा होगी सभी भाइयों से निवेदन है की इस ब्राह्मण सम्मेलन में ज्यादा ज्यादा संख्या में पहुंचे और अपने ब्राह्मण भाइयों के विचार सुने।

# नेहरू युवा केंद्र हापुड़ एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मनाया गया युवा उत्सव

विमल स्वामी पब्लिक एशिया





**हापुड़।** नेहरू युवा केंद्र हापुड़ एवं युवा कल्याण एवं प्रादेशिक प्रांतीय रक्षक दल के संयुक्त तत्वाधान में जे एम एस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन, हापुड़ में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। श्रीमती रेखा नगर जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जे एम एस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन हापुड़ के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अंशुल अग्रवाल महानिदेशक डॉ सुभाष गौतम, युवा कल्याण अधिकारी श्री ऋषि कुमार एवं नेहरू युवा केंद्र, हापुड़ के उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

इसके उपरांत श्रीमती रेखा नगर तथा महानिदेशक और मैनेजिंग डायरेक्टर जेएमएस ग्रुप को फ्लॉवर बैज तथा शाल पहन कर सम्मानित किया गया द्य श्री देवेंद्र कुमार उपनिदेशक नहरी युवा केंद्र ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि के रूप में बताते हुए कहा कि कार्यक्रम में 6 प्रतियोगिताएं शामिल की जा रही हैं जिनमें साइंस मेला प्रदर्शनी समूह एवं एकल के रूप में संस्कृत कार्यक्रम के अंतर्गत लोक नृत्य समूह के रूप में लोकगीत समूह के रूप में तथा लोक नृत्य एवं लोकगीत अकाल के रूप में प्रस्तुत किए जाएंगे इसके साथ ही पेंटिंग प्रतियोगिता फोटोग्राफी प्रतियोगिता कहानी एवं कविता प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है सरकार की यह मनसा रही है कि युवाओं को गांव देहात से निकालकर युवाओं की प्रतिभा को गांव देहात से निकलकर जिला स्तर पर जिला स्तर से मंडल स्तर पर मंडल स्तर से राज्य स्तर पर तथा राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जाए उनको एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाए। श्रीमती रेखा नगर ने मुख्य अतिथि



के रूप में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है इसके लिए मैं नेहरू युवा केंद्र हापुड़ और युवा कल्याण विभाग को बधाई देती हूं । यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा है तथा युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक प्लेटफार्म सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है ताकि सभी युवा प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग ले और उनको जिले स्तर से मंडल स्तर और मंडल स्तर से राज्य स्तर और राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का मौका मिले। उन्होंने सभी युवाओं से अपील अपील करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति सभ्यता और संस्कारों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उद्घाटन के उपरांत सभी प्रतियोगिताएं अपने-अपने स्थान पर आयोजित की गई। इसमें विज्ञान मेला प्रदर्शनी के ग्रुप घटक के रूप में मोहम्मद गुफरान उत्तम प्रजापति मोनिका ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुकुल द्वितीय सौरव तोमर तथा तृतीय रूपेश ने प्राप्त किया सांस्कृतिक लोक नृत्य समूह में दिया सैनी ग्रुप ज्योति ग्रुप तथा निशि ग्रुप ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । लोक नृत्य एकल में स्वीटी, शिल्प एवं सिमरन ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए । पेंटिंग में निशु अकीदा कपिल ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में माहिरा रिजवी, अब्दुल अहद और पारुल ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया । सामूहिक गायन में परिधि महेश्वरी ग्रुप, गगन प्रजापति ग्रुप तथा अजूबा ग्रुप ने प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन में प्रियांशी , इरम सैफी आरसी ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

कहानी लेखन में संजना कशिश रमा तोमर ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। के अपन पर सभी प्रतिभागियों, मंडल के सदस्यों सभी समसेवकों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित जजों में श्रीमती शहबार संघर्ष शर्मा ओमपाल साक्षी गुप्ता राजेश जादौन केके वर्मा महेश कुमार विद्वान लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संचालन में श्री प्रमोद अख्तर कार्यक्रम एवं अकाउंट सहायक नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद श्री तालिब पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, लोनी से सनी तथा सौरभ तोमर ने अपना सहयोग किया ।

## दो लाख की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को निकाला

### जेठ के लड़के पर लगाया अश्लील हरकत करने का आरोप

कादिर अब्बासी, पब्लिक एशिया

**जहांगीराबाद।** एसएसपी के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने दो लाख रूपए की मांग पूरी न करने पर एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट में पीड़िता ने अपने जेठ के पुत्र पर भी अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है।

नगर के मौहल्ला जटियान निवासी विवाहिता नीलम पुत्री जगदीश ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी शादी करीब आठ वर्ष पूर्व 17 अप्रैल 2016 को खानपुर थाना क्षेत्र के गांव प्याना खुर्द निवासी गौतम सिंह पुत्र कलुआ उर्फ करन सिंह के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुई थी, जिसमें पिता ने अपनी सामर्थ्य से ज्यादा छह लाख रूपए खर्च किए थे। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालजन खुश नही थे और उस पर एक बडी गाड़ी कैंटर बनाने के नाम पर अतिरिक्त दहेज में दो लाख रूपए मायके से लाने का दबाव बनाते थे। मांग पूरी न होने पर पति, ससुर, तीनों जेठ-जेठानी, देवरानी व एक जेठ के पुत्र पर मानसिक व शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया हैं। वहीं सगे जेठ के लड़के पर अश्लील हरकत करने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि करीब 2 वर्ष पूर्व अपनी मांग पूरी न होता देख उसे घर से निकाल दिया। जिसके बाद से पीड़िता अपने मायके में रह रही है। इसके बाद उसे एक बच्चा भी पैदा हुआ जिसकी सूचना उसके ससुरालीजनों को दी गई लेकिन उक्त सभी लोग बिना दो लाख रूपए लिए उसे व उसके बच्चें को रखने को तैयार नही है। अब उपरोक्त सभी मुल्जिमान मुझे व मेरे बच्चे को जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़िता ने एसएसपी को तहरीर सौंपकर उक्त सभी आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

> एसएसपी के आदेश पर पीड़िता नीलम की तहरीर पर पति समेत सभी नामजद आरोपियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।
> **गिरिजा शंकर त्रिपाठी,** सीओ अनूपशहर।

## हिमांशु गौतम, मुख्य विकास अधिकारी ने फैमिली आईडी की समीक्षा में कम प्रगति पर लगाई फटकार

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी की प्रगति के संबंध में विकास भवन के सभागार में बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि एक फैमिली आईडी योजना सीएम डैशबोर्ड पर शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक योजना है। जिले का लक्ष्य 39729 के सापेक्ष स्वीकृत

आवेदन की संख्या लगभग 4493 मात्र है। इस कार्य में प्रगति लाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाए। शिथिलता सामने आने पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आयोजित बैठक में कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबंधन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन, योजनाओं में शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आच्छादन व जनसामान्य के लिए सरकारी सुविधाओं का सरलीकरण करने के उद्देश्य से फैमिली आईडी-एक परिवार एक पहचान योजना संचालित की जा रही है। ऐसे परिवार जिनके पास राशनकार्ड नहीं है उनकी फैमिली आईडी बनाने के लिए पोर्टल https://familyidup.gov.in विकसित किया गया है। शहरी क्षेत्रों में संबंधित एसडीएम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीओ स्वीकृत अधिकारी हैं। शहरी क्षेत्रों में लेखपाल व ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी सत्यापन एवं जांच अधिकारी है। पंचायत भवन पर फैमिली आईडी बनाने हेतु पंचायत सहायक द्वारा एवं स्वयं आवेदन निःशुल्क है। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त ग्राम पंचायत / ग्राम विकास अधिकारी/ लेखपालों को कड़े निर्देश दिये कि समस्त पात्र व्यक्तियों की फैमिली आई0डी0 प्रत्येक दशा में बनाना सुनिश्चित करें। पेन्शनर्स, प्रधानमंत्री किसान सम्मान आदि योजनाओं के लाभार्थियों (जिनकी फैमिली आई0डी0 नहीं बनी है) जिनकी सूचियों पूर्व में ही तहसील/विकास खण्ड को प्रेषित की जा चुकी हैं।

इसी के साथ जीरो पावर्टी अभियान की भी समीक्षा की गई जिसमें जनपद में कुल 556 इनूमरेटर के सापेक्ष 388 इनूमरेटर वेरिफाईड किए गए है तथा 298 कर्मचारियों द्वारा मोप यूं.पी मोबाइल एप Mop Up Mobile App डाउनलोड कर लिए गए हैं। निर्देश दिए गए कि लक्ष्य के अनुसार दिनांक 02.12.2024 तक पूर्ति सुनिश्चित की जाए। यदि समयान्तर्गत शतप्रतिशत पूर्ति नहीं की जाती है तो लापरवाह कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

ऐसे करें आवेदन....: आवेदक को अपना पंजीकरण फैमिली आईडी पोर्टल पर familyid-up-gov & emment-in रजिस्ट्रेशन लिंक के माध्यम से करना होगा। आवेदक को अपने नाम तथा मोबाइल नंबर के माध्यम से मोबाइल ओटीपी और कैप्चा का उपयोग कर पोर्टल पर पंजीकरण पूर्ण करना होगा। यदि परिवार के पास पहले से राशन कार्ड उपलब्ध है तो फैमिली आईडी पोर्टल पर आधार नंबर के साथ लॉगिन करने पर मैसेज प्रदर्शित होगा कि आपके परिवार की फैमिली आईडी उपलब्ध है। आवेदन करते समय परिवार के सभी सदस्यों के आधार व आधार से लिंक मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। आवेदन के दौरान सभी सदस्यों की मोबाइल ओटीपी के माध्यम से ईकेवाईसी करनी होगी।

साथ ही दिए गए टैब पर क्लिक करके फैमिली आईडी का प्रिंट भी डाउनलोड किया जा सकेगा। बैठक में उपजिलाधिकारी हापुड़, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपनिदेशक (कृषि), जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर व सिम्भावली, नायब तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर एवं धौलाना, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर व विकास खण्डों के ग्राम सचिव आदि उपस्थित रहे।

# हाथ के हुनर से सजा मिट्टी के बर्तनों का बाजार, दिनभर रहती खरीददारों की भीड़

*स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे लोग, मिट्टी के बर्तनों को दे रहे तव्जजो, कढ़ाई, कुकर और तवा पहली पसंद*

## हरियाणा पवेलियन में व्यापार मेले ने लघु एवं कुटीर उद्योगों को दिलाई नई पहचान

निशान्त वत्स, पब्लिक एशिया

**नई दिल्ली।** मिट्टी के बर्तनों के प्रति बढ़ती जागरूकता का ही परिणाम है कि आज लोगों का आकर्षण मिट्टी के बर्तनों की ओर बढ़ा है। जहां ये बर्तन सेहत के लिए वरदान साबित हो रहे है वहीं लोगों को अपनी समृद्ध विरासत से जोड़ने का काम भी कर रहे है।


बात अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के हरियाणा मंडप की हो रही है जहां फरीदाबाद के मोहना निवासी दयाराम, धर्मावती तथा फरीदाबाद की निशा के मिट्टी के बर्तनों के स्टाल पर भीड़ उमड़ रही है। दयाराम पिछले 33 वर्षो से मिट्टी के बर्तनों को तैयार कर लोगों के जीवन को शुद्ध पकाओ शुद्ध खाओ-पीओ के लक्ष्य के साथ लाभ पहुंचा रहें है। हरियाणा मंडप में दयाराम के अलावा दो अन्य स्टॉल भी मिट्टी के बर्तन की है। दाल, सब्जी व अन्य खाद्य वस्तुएं पकाने के लिए हांडी, कढ़ाई, बॉल, कुल्हड, गिलास व मिट्टी के तवे अच्छी खासी बिक्री में है।

14 से 27 नवंबर तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहा 43वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के हरियाणा मंडप में 36 स्टॉले लगी है जिनमें हरियाणा के लघु और कुटीर उद्योग की झलक दिखाई गई है।

### लाइव दिखाएं जा रहे बनते मिट्टी के बर्तन, धर्मावती का चल रहा चाक

हरियाणा पवेलियन में एक स्टॉल धर्मावती का भी है जहां मिट्टी के बर्तन बनाने का लाईव डेमो दिया जा रहा है, यहां धर्मावती देवी दिनभर आंगतुओं को मिट्टी के बर्तन बनाती नजर आती है। विशेषकर गिलास और कुल्हड़ बनाएं जा रहे है और महिलाएं धर्मावती के साथ लाइव डेमो में ही सेल्फी लेते है।







**मेले से मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान :** धर्मावती ने बताया कि पिछले कई वर्षो से वह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी स्टॉल लगाती है, यहां से न केवल उनका व्यापार बढ़ा है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनको पहचान भी मिली है। उन्होंने बताया कि उनका परिवार पिछले तीन दशक से मिट्टी के बर्तन बना रहा था जबसे सूरजकुण्ड और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में स्टॉल लगाई है तब से उनके पास आर्डर अधिक आएं है। इन्हीं मेलों से उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है और उनके पास फोन पर भी आर्डर आने लगे है, जिस कारण उनका व्यापार तरक्की के नये आयामों को छुआ है।

**हाथों के हुनर से मिट्टी में फूंक रहे जान :** फरीदाबाद के मोहना निवासी दयाराम द्वारा बनाएं गए मिट्टी के बर्तन आधुनिक लुक लिए हुए है विशेषकर मिट्टी का कुकर ऐसा बना है जो गृहणियों के पंसद बना हुआ है। दयाराम बताते है कि मिट्टी को तरासना एक कला है। पीढ़ी दर पीढ़ी यहीं काम कर रहे है इसलिए हर तरह के बर्तन को डिमांड पर तैयार करके देते है। उन्होंने बताया कि लोगों की सोच में बदलाव आया है और यही वजह है कि मिट्टी के बर्तनों की डिमांड बढ़ी है।

**ससुराल में आकर सिखा मिट्टी के बर्तन बनाना, अब यही आजीविका का साधन :** निशा ने बताया कि कुछ सालों पहले मिट्टी के बर्तनों की बिक्री बहुत कम थी, लेकिन अब लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुए है जिससे मिट्टी के बर्तनों की बिक्री बढ़ गई है। निशा ने बताया कि उनके ससुराल के लोगों का पारंपरिक व्यवसाय मिट्टी के बर्तन बनाने का था शादी के बाद भी उसने मिट्टी के बर्तन बनाने सीखे और अब तो अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले में उनकी स्टॉले लगती है। खाने में पौष्टिकता तभी रह पाएंगी जब खाद्य वस्तुओं को मिट्टी के बर्तन में पकाया जाएं, पकाने में थोडा ज्यादा समय लगे लेकिन खाना हमेशा अच्छा ही बनेगा।

## मुख्य समाचार

### नकोदर में उर्वरकों के नमूने भरने के अलावा उर्वरक भंडारों का रिकॉर्ड जांचा गया

एजेंसी

**जालंधर »** रबी सीजन के दौरान किसानों के लिये आवश्यक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल के निर्देश पर चलाये अभियान के तहत बुधवार को ब्लॉक नकोदर में खाद विक्रेताओं/ डीलरों की दुकानों और गोदामों की जांच की गयी। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ रणधीर सिंह ठाकुर ने बुधवार को बताया कि जांच के दौरान गेहूं और आलू की बुआई के लिये इस्तेमाल होने वाले विभिन्न उर्वरकों के आठ नमूने भरने के अलावा उर्वरक भंडारों का रिकॉर्ड भी जांचा गया है। उन्होंने कहा कि भरे गये नमूनों को लेबोरेट्री में जांच के लिये भेजा जायेगा और यदि कोई नमूना फेल पाया जाता है, तो जिम्मेदार उर्वरक विक्रेता/ डीलर के खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले भर में विभाग की टीमों द्वारा उर्वरक दुकानों की जांच लगातार सुनिश्चित की जा रही है, ताकि उर्वरक का अनावश्यक भंडारण न हो सके। उन्होंने बताया कि आज की गयी जांच के दौरान टीम में कृषि अधिकारी डॉ सुरजीत सिंह, कृषि विकास अधिकारी, डॉ अमरीक सिंह और विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल थे। मुख्य कृषि अधिकारी ने बताया कि अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा और यदि कोई उर्वरक विक्रेता/ डीलर बिना बिल के उर्वरक, दवा या बीज बेचता पाया गया तो खाद कंट्रोल ऑर्डर 1985 के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। डॉ.रणधीर सिंह ने किसानों को रबी की फसल लगाने के लिये डीएपी के विकल्प का प्रयोग करने की भी सलाह दी।

### सैनी और खट्टर ने देखी 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म

एजेंसी

**चंडीगढ़, »** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने चंडीगढ़ आई टी पार्क स्थित डीटी मॉल में मंगलवार सांय प्रदेश के मंत्रियों और विधायकों के साथ 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को देखा। श्री सैनी ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को हरियाणा में कर मुक्त करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह फ़िल्म 27 फ़रवरी, 2002 को गोधरा (गुजरात) में हुये साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की घटना पर आधारित है। इसमें घटना की महत्वपूर्ण सच्चाई को दिखाया गया है । फ़िल्म निर्माता ने इस मुद्दे को बहुत ही संवेदनशीलता और गरिमा के साथ संभाला और यह फिल्म हमें आत्ममंथन करने के लिये प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ़िल्म के माध्यम से 59 निर्दोष पीड़ितों को भी अपनी बात कहने का मौका मिला है। यह फिल्म वास्तव में उन 59 निर्दोष पुरुष, महिलाओं और बच्चों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। फिल्म के निर्माता ने फिल्म के माध्यम से इस घटनाक्रम की सच्चाई को देश के सामने उजागर किया, जिस घटना से पूरा देश अनभिज्ञ था।

### बच्चे राष्ट्र की प्रगति की आधारशिलाः शुक्ल

एजेंसी

**शिमला »** उत्तर प्रदेश में बाल अधिकार, संरक्षण और विकास के लिए कार्य कर रही सामाजिक संस्था सेफ सोसइटी, गोरखपुर द्वारा लखनऊ में आयोजित समागम' 24 कार्यक्रम में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअल माध्यम से राजभवन से जुड़े। इस अवसर पर, अपने संबोधन में राज्यपाल ने सेफ सोसाइटी द्वारा बाल अधिकार, संरक्षण और विकास को आगे बढ़ाने तथा वंचित आबादी के उत्थान के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस समागम की शुरूआत वर्ष 2023 में की गई थी। इसके माध्यम से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का निवेश सरकारी योजनाओं, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा एवं उनके विकास, के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए एक रचनात्मक पहल की गई थी। जिसके तहत सामाजिक विकास के प्रति जिम्मेदार सभी हितधारक एक मंच पर आकर चर्चा करें और कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह सोसाइटी उन लाखों बच्चों के लिए आशा की किरण है जो एक उज्जवल, सुरक्षित और अधिक न्यायसंगत भविष्य के लिए हमारी ओर देखते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला हैं। उनकी भलाई हमारे समुदायों के स्वास्थ्य और हमारे देश के विकास की दिशा निर्धारित करती है। इसलिए, यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चे को आगे बढ़ने, सीखने और सम्मान का जीवन जीने का अवसर मिले। श्री शुक्ल ने कहा कि हर सक्षम व्यक्ति के पास एक बच्चे के जीवन को प्रभावित करने की शक्ति है। चाहे वह स्वयंसेवा के माध्यम से हो, सलाह देने के माध्यम से हो, दान करने के माध्यम से हो, या हमारे दैनिक जीवन में बाल-अनुकूल प्रथाओं की वकालत करने के माध्यम से हो, हमारा योगदान मायने रखता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह समागम सार्थक संवाद, अभिनव समाधान और बाल अधिकारों और संरक्षण के लिए अटूट प्रतिबद्धता को प्रेरित करेगा।
इससे पूर्व, सेफ सोसइटी, गोरखपुर के निदेशक श्री विश्व वैभव शमाद्य ने राज्यपाल का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, राज्यपाल के सचिव सी. पी. वर्मा, लखनऊ कैंट से पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी, बाल विकास आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह फेल : रणधीर

**शिमला »** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं मीडिया विभाग के प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के फैसले और उच्च न्यायालय का निर्णय यह साबित करता है कि कांग्रेस की वर्तमान सरकार हर मोर्चे, हर क्षेत्र में फेल है तथा नाकाम सिद्ध हो रही है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा लगातार आरोप लगा रही है कि वर्तमान सरकार माफिया राज के दबदबे में काम कर रही है, सरकार पर माफिया का दबाव है चाहे वह खनन, भू, ड्रग, वन किसी भी प्रकार का माफिया हो। अब तो इस सरकार में तबादला माफिया भी सक्रिय हो गया है और यह माफिया सरकार के संरक्षण में पनप रहा है। माफिया का सरगना मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में है और मुख्यमंत्री का स्वयं उनको संरक्षण है ईडी की गिरफ्तारियां इन आरोपों को सिद्ध करती है। खनन माफिया ऊना, सिरमौर, बीबीएन और कांगड़ा में तेजी से फल फूल रहा है। कई जगह तो माफिया में सरकार के कर्णधार भी शामिल है, अगर इनको संरक्षण देने के लिए किसी अधिकारी पर दबाव दिया जाता है और वह मानता नहीं तो उसके ऊपर भी दबाव बनाया जाता है, वन माफिया के लिए तो जंगल कटान के रास्ते खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा हाल ही में उच्च न्यायालय ने हिमाचल भवन दिल्ली को कुर्क करने के आदेश दिए यह गंभीर विषय है, पर मुख्यमंत्री अपनी कमियों को छुपाने के लिए विपक्ष पर दोषारोपण कर रहे हैं यह मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता है। हम उनसे पूछना चाहेंगे कि 5000 करोड़ की कौन सी संपत्ति है जो भाजपा राज में नीलाम हुई, इस पर उन्हें स्पष्टीकरण देना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पर टिप्पणी की कि यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है, इसके विपरीत उनको अपने मित्र एजी से पूछना चाहिए क्या उच्च न्यायालय में लगे मामलों की ढंग से पैरवी भी की थी या नहीं, कांग्रेस नेता तो बोलते थे कि मुख्यमंत्री तानाशाह है शायद वह सही बोलते थे। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने पर्यटन विभाग के 18 होटल बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं सरकार तो पर्यटन बढ़ाने की गुणगान करती थी पर शायद उन्होंने इन होटलों को लाभ में लाने का प्रयास ही नहीं किया।

# भाजपा नगर निकाय चुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## महाराष्ट्र और झारखंड में स्पष्ट बहुमत के साथ बनेगी भाजपा व एनडीए की सरकार

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**चंडीगढ़, »** हरियाणा भारतीय जनता पार्टी की बैठकों का दौर दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय पंचकमल में बुधवार को कोर ग्रुप एवं सांसदों की बैठक हुई। बैठक में सरकार की योजनाओं, संगठनात्मक विषयों, सदस्यता अभियान, नगर निकाय चुनाव समेत संगठन को और मजबूत बनाने से जुड़े विषयों पर मंथन हुआ। बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव जल्दी ही करवाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि भाजपा निकाय चुनाव के लिए तैयार है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, किरण चौधरी, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु समेत तमाम नेता मौजूद रहे। कोर ग्रुप की बैठक के बाद सीएम आवास पर भी जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा संयोजक, विधानसभा प्रभारी एवं विधानसभा प्रवासी प्रभारियों की भी बैठक हुई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। कोर ग्रुप की बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडिया के सवालों




का जवाब दिया और कांग्रेस को भी घेरा। मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन का मुकाबला महा विकास अगाड़ी से नहीं बल्कि महाविनाश अगाड़ी से है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि महाविनाश अगाड़ी में जिस तरह के नेता हैं वे भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और उन पर मामले दर्ज हैं। नगर निकाय चुनाव के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय के चुनावों को जल्द ही कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता नगर निकाय चुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में बड़े स्तर पर सदस्यता अभियान चल रहा है। बीजेपी ने सदस्यता अभियान में 50 लाख सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा है उसको लेकर योजना और रणनीति बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव में कार्यकताओं ने कड़ी मेहनत की थी, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरी गति के साथ काम कर रही है और हमें तीव्र गति के साथ आगे भी काम करना है उसको लेकर भी कार्यकर्ताओं से चर्चा हुई है। एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने 50-55 साल शासन किया। देश के लोगों को कांग्रेस से अपेक्षाएं थी, लेकिन कांग्रेस ने लोगों की अपेक्षाओं को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने खुद की अपेक्षाएं पूरी की, लेकिन लोगों को उनकी अपेक्षाओं से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय सड़के नहीं थी, मेडिकल कॉलेज नहीं थे, शिक्षा के क्षेत्र में भी अभाव था। देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी के शासन को देख लिया, इसलिए कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया। सैनी ने कहा कि अब कांग्रेस के नेता देश के लोगों का ध्यान बांटने में लगे हुए हैं।

कांग्रेस नेताओं द्वारा जातिगत जनगणना और राहुल गांधी द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रमों के सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस 55 साल तक सत्ता में रही तब जनगणना क्यों नहीं करवाई? कांग्रेस ने पिछड़ों, गरीबों, वंचितों से केवल वोट लिए और उनका शोषण किया। कांग्रेस के राज में गरीब व्यक्ति को कुछ नहीं मिलता था, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार गरीब की सुध ले रही है। मोदी सरकार ने अंतिम छोर के गरीब व्यक्ति के घर तक लाभ पहुंचाया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में विकास के अनेक काम किए हैं। मोदी सरकार के कामों की बदौलत महाराष्ट्र और झारखंड में भी बीजेपी व एनडीए की सरकार बनेगी। विपक्षी पार्टियों को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में डबल इंजन की सरकार नहीं है उन राज्यों की सरकार लोगों को सुविधाओं से वंचित रखती है। पश्चिम बंगाल, पंजाब और हिमाचल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इन राज्यों की सरकारें केंद्र की योजनाओं से जनता को वंचित रख रही है।

## स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी के अनुरूप विशेष सावधानी बरतें जिलावासी : उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

**रोहतक»** एकाएक बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने जिला के नागरिकों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई एडवाइजरी के अनुरूप विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार वायु प्रदूषण के मुख्य स्रोत बाहरी वायु प्रदूषण (एंबिएंट एयर पॉल्यूशन), मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न प्रदूषण, औद्योगिक उत्सर्जन (जीवाश्म ईंधन जलने, प्रक्रिया और फ्यूजिटिव उत्सर्जन), वाहनों का एमिशन, सडक़ पर उडऩे वाली धूल, निर्माण और विध्वंस गतिविधियां, प्राकृतिक स्रोतों से उत्पन्न प्रदूषण, कूड़ा जलाना (कूड़ा, हॉर्टिकल्चर वेस्ट, फसल अवशेष आदि), खाना पकाने और आतिशबाजी के लिए ठोस ईंधन का उपयोग है द्य वायु प्रदूषण भारत में स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं का कारण है और इसके लिए तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वायु प्रदूषण का बुरा असर :** वायु प्रदूषण से सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों पर होता है द्य अंतर्निहित चिकित्सा स्थितियों (विशेष रूप से पुरानी फुफ्फुसीय या हृदय संबंधी समस्याओं) वाले रोगियों, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों और बुजुर्गों को अधिक सावधान रहना चाहिए और वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से बचना चाहिए। सिविल सर्जन डॉ रमेश चन्द्र ने बताया की वायु प्रदूषण एक प्रमुख पर्यावरणीय खतरा है जो कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। वायु प्रदूषण से निमोनिया, अस्थमा और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) सहित तीव्र और दीर्घकालिक श्वसन संबंधी रोग



हो सकते हैं। वायु प्रदूषण से इस्केमिक हृदय रोग और स्ट्रोक हो सकता है। वायु प्रदूषण से फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। वायु प्रदूषण से संज्ञानात्मक हानि और मनोभ्रंश हो सकता है। वायु प्रदूषण से समय से पहले जन्म और जन्म के समय कम वजन का जोखिम बढ़ सकता है। वायु प्रदूषण से मृत जन्म और गर्भपात का जोखिम बढ़ सकता है। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गर्ग ने बताया कि वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों को खुद से बचाने के लिए सावधानियां रखें। **क्या ना करें »** उच्च वायु प्रदूषण वाले स्थानों पर जाने से बचें जैसे धीमी और भारी यातायात वाली सडक़ें, प्रदूषण फ़ैलाने वाले उधोग, निर्माण- विध्वंश स्थलों आदि के पास के क्षेत्र। गंभीर एक्यूआई वाले दिनों में सुबह और देर शाम को खुली हवा में टहलने, दौडऩे एवं शारीरिक व्यायाम करने से बचें। सिगरेट, बीड़ी आदि का सेवन न करें। बंद परिसर में मच्छर मारने वाली काइल और अगरबत्ती जलाने से बचें। पटाखें न जलाएं। **क्या करें »** आँखों को नियमित रूप से स्वच्छ पानी से धोएं, गुनगुने पानी से नियमित गरारे करें, सार्वजनिक परिवहन या कार पूल का प्रयोग करें, घरों व कार्य स्थलों के अन्दर झाड़ू लगाने की बजाए गिला पोछा लगाएं, सांस फूलने, सीने में तकलीफ या दर्द, खांसी, आँखों में जलन होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

## हाईकोर्ट का सरकार को एक और बड़ा झटका,18 होटलों को बंद करने के आदेश

एजेंसी

**शिमला »** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को उच्च न्यायालय से एक और झटका लगा है। हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के उपक्रम हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के 18 होटलों को 'सफेद हाथी' करार देते हुए सभी को बंद करने के आदेश दिए हैं।

ये सभी होटल घाटे में चल रहे हैं और इसी वजह से इन्हें बंद करने के फरमान दिये गए हैं। न्यायालय ने कहा कि एचपीटीडीसी इन 'सफेद हाथियों' के रख-रखाव में सार्वजनिक संसाधनों का अपव्यय न करे और 25 नवंबर से इन्हें तुरंत प्रभाव से बंद करे। न्यायालय ने अपने आदेश में साफ किया है कि इन निर्देशों की अनुपालना करना पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होंगी।

न्यायालय ने कहा कि इन होटलों को साफ सुथरा रखने के लिए जो स्टाफ जरूरी हो वही इनमें रखा जाए व बाकी स्टाफ को अन्य होटलों को स्थानांतरित कर दिया जाए। ताकि जहां स्टाफ की कमी है वहां पर स्टाफ की भरपाई हो पाए।

न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि पर्यटन निगम की ओर से इन सफेद हाथियों को चलाए रखने के लिए जनता के संसाधनों को नष्ट न किया जाए लिहाजा इन 18 होटलों को तुरंत प्रभाव यानी 25 नवंबर से बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं।जिन 18 होटलों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं उनमें (1) पैलेस होटल, चायल (2) होटल गीतांजलि, डलहौजी (3) होटल बघाल, दाड़लाघाट (4) होटल धौलाधार, धर्मशाला (5) होटल कुनाल, धर्मशाला (6) होटल कश्मीर हाउस, धर्मशाला (7) होटल एप्पल ब्लॉसम, फागू (8) होटल चंदरभागा, केलंग (9) होटल देवदार, खजियार (10) होटल गिरिगंगा, खड़ापत्थर (11) होटल मेघदूत, कयारीघाट (12) होटल शबरी, कुल्लू (13) होटल लॉग हट्स, मनाली (14) होटल हडिंबा कॉटेज, मनाली (15) होटल कुन्जुम, मनाली (16) होटल भागसू, मैक्लोडगंज (17) होटल द कैस्टल, नागर और (18) होटल शिवालिक, परवाणू शामिल हैं।

न्यायालय ने अपने आदेश में जिक्र किया है कि पर्यटन निगम ने जो होटलों की आक्यूपेंसी का हवाला दिया है वह निराशाजनक है। आदेश में पर्यटन निगम के फ्लैगशिप होटलों की आक्यूपेंसी का भी उल्लेख किया है।

हाईकोर्ट ने कहा है कि एचपीटीडीसी अपनी संपत्तियों का उपयोग लाभ अर्जित करने के लिए करने में सक्षम नहीं हो पाया है। इन संपत्तियों का संचालन जारी रखना स्वाभाविक रूप से राज्य के खजाने पर बोझ है और अदालत यह न्यायिक रूप से स्वीकार कर सकती है कि राज्य द्वारा वित्तीय संकट की बात रोज़ की जा रही है, जो अदालत में वित्तीय मामलों से संबंधित मामलों में सूचीबद्ध होती है।

न्यायालय ने कहा कि इस मामले में जब 17.09.2024 को एक विस्तृत आदेश पारित किया, तो उसने उत्तरदाताओं से अपेक्षा की थी कि वे पर्यटन विकास निगम के संसाधनों को बढ़ाने के लिए कुछ ठोस और प्रभावी कदम उठाएंगे, लेकिन इस आदेश तक एचपीटीडीसी ने इस दिशा में एक भी छोटा कदम तक नहीं उठाया है।

अदालत ने निर्देश दिये हैं कि तीन दिसंबर 2024 को अगली सुनवाई में एचपीटीडीसी के प्रबंध निदेशक को आज कोर्ट द्वारा पारित आदेश के अनुपालन के संबंध में एक शपथ पत्र दाखिल करना होगा और साथ ही उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सूची भी प्रदान करनी होगी जो चतुर्थ श्रेणी के हैं और उन कर्मचारियों की सूची भी जो अब इस दुनिया में नहीं रहे, ताकि पर्यटन विकास निगम से प्राप्त बकाया राशि से संबंधित वह रकम सेवानिवृत्त कर्मचारियों और मृतक कर्मचारियों के परिवारों के पक्ष में जारी की जा सके। सुनवाई की अगली तिथि पर एचपीटीडीसी को यह भी कोर्ट को सूचित करना होगा कि सरकार तथा निजी संस्थाओं द्वारा निगम को भुगतान किए जाने वाले बकायों से कितनी और राशि प्राप्त हुई है।

## संपूर्ण विश्व कल्याण का महान विचार भारत की देन है : शिक्षा मंत्री महिपाल महिपाल ढांडा

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

**रोहतक»** भारत को विश्व गुरु बनाने में युवा वर्ग तथा विद्यार्थियों का विशेष योगदान होगा। सन् 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न युवा वर्ग के प्रयासों से पूरा होगा। युवा तथा विद्यार्थी वर्ग से राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सौ प्रतिशत योगदान देने का आह्वान हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के 43वें इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल यूनिफेस्ट 2024 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि किया।शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि संपूर्ण विश्व कल्याण का महान विचार भारत की देन है। उनका कहना था कि भारत ऐसा अनूठा देश है जो प्रतिस्पर्धा में विश्वास नहीं रखता, बल्कि मानव कल्याण के लिए कार्य करता है। महिपाल ढांडा ने युवा वर्ग से कहा कि कला, साहित्य, संगीत, नाटक आदि विधाओं में प्रतिभागिता से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। साहित्यिक और सांस्कृतिक मंचों के जरिए व्यक्तित्व विकास का रास्ता प्रशस्त करते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने तथा कर लो दुनिया मुठ्ठी का मंत्र अपनाने का परामर्श उन्होंने दिया। शिक्षा मंत्री ने यूनिफेस्ट 2024 के शानदार आयोजन के लिए एमडीटी प्रशासन







को बधाई दी। उन्होंने प्रत्येक प्रतिभागी को विजेता बताते हुए उनको हार्दिक शुभकामनाएं दी। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि यूनिफेस्ट 2024 साहित्यिक और सांस्कृतिक महापर्व है। इस महापर्व में भाग लेने से विद्यार्थियों में संचार कौशल, सॉफ्ट स्किल्स तथा जीवन कौशल की अभिवृद्धि होती है। कुलपति ने भारत तथा हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने में युवा वर्ग की भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. रणदीप राणा स्वागत भाषण दिया। उन्होंने यूनिफेस्ट 2024 बारे जानकारी दी। इस तीन दिवसीय इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल की आयोजन सचिव प्रो. दिव्या मल्हान ने मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का परिचय दिया। आभार प्रदर्शन एमडीयू के कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने किया। मंच संचालन प्रो. दिव्या मल्हान और डॉ. रवि प्रभात ने किया। कार्यक्रम समन्वयन निदेशक युवा कल्याण डा. प्रताप राठी ने किया।

मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विजयी टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। दादरी के विधायक सुनील सांगवान तथा प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. आदित्य बतरा की बतौर विशिष्ट अतिथि गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतिष्ठित समाजसेवी सीता राम व्यास, सिवाह सरपंच रणधीर, रमेश भाटिया समेत रोहतक के गणमान्य नागरिक, एमडीयू के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनूप सिंह मान, रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा, संकाय डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्राध्यापक, प्रतिभागी टीमों के प्रबंधक, प्रतिभागी, विवि कर्मी, विद्यार्थी कार्यक्रम में उप-स्थत रहे। ये तीन दिवसीय साहित्यिक और सांस्कृतिक महाकुंभ साहित्य, कला संगीत, नृत्य की खूबसूरत छटा बिखेर गया।

## सहकारी आंदोलन की मजबूती के लिये पंजाब सरकार की ओर से सहकारिता विभाग को पूरा समर्थन : चीमा

एजेंसी

**चंडीगढ़, »** सहकारिता विभाग को पंजाब के आर्थिक विकास की रीढ़ करार देते हुये राज्य के वित्त, योजना, उत्पाद शुल्क और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बुधवार को कहा कि पंजाब सरकार विशेष रूप से सहकारी आंदोलन और पूंजी विस्तार को मजबूत करने के लिये काम कर रही है। वित्त विभाग सहकारिता विभाग को पूरा सहयोग दे रहा है। श्री चीमा यहां टैगोर भवन में 71वें अखिल भारतीय सहयोग सप्ताह के अंतिम दिन राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम के दौरान, श्री चीमा ने राज्य भर में महिला कारीगरों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों के लिये विश्व स्तरीय बिक्री अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सहकारिता विभाग द्वारा तैयार वेब पोर्टल %फुलकारी% लॉन्च किया। उन्होंने वेरका के नये उत्पादों और सहयोग विभाग की एक कॉफी टेबल बुक का भी अनावरण किया। वित्त मंत्री ने खुलासा किया कि जब 2022 में वर्तमान सरकार ने सत्ता संभाली थी तब शुगरफेड पर 400 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी थी, जो पिछले दो वर्षों में एक संपन्न संस्थान में तब्दील हो गई है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान न केवल इन देनदारियों का भुगतान किया गया है, बल्कि संस्थान को काफी मजबूत किया गया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, गन्ने की खेती का क्षेत्रफल 2022-23 में 50,429 हेक्टेयर से बढ़कर 2024-25 में 56,391 हेक्टेयर हो गया है। उन्होने कहा कि इस संस्थान को घाटे से लाभ में लाने का प्रयास भी किया गया है, भोगपुर सहकारी चीनी मिल में धान के भूसे पर चलने वाले 14 मेगावाट के सह-उत्पादन संयंत्र ने 2023-24 में 15.31 करोड़ रुपये की कमाई की हैं।श्री चीमा ने मिल्कफेड को देश की शीर्ष तीन दुग्ध उत्पाद एजेंसियों में से एक बताते हुये कहा कि मिल्कफेड ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के दौरान प्रतिदिन 31 लाख लीटर दूध खरीदकर एक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने वेरका कैटल फीड प्लांट, घनिया के बांगर में 50 एमटीपीडी बाय-पास प्रोटीन प्लांट और गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय लुधियाना में 50,000 एलपीडी तक की क्षमता वाली किण्वित दूध प्रसंस्करण और पैकेजिंग इकाई की शुरुआत का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर उन्होंने वेरका के नए उत्पादों का अनावरण किया, जिनमें गाय के घी के 1-लीटर प्लास्टिक जार, शुगर-फ्री खीर, शुगर-फ्री मिल्क केक और शुगर-फ्री पियो प्रोटीन शामिल हैं। वित्त मंत्री चीमा ने किसानों को धान-गेहूं चक्र से हटाने के लिये मूंग के मूल्य समर्थन योजना के माध्यम से फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने में मार्कफेड की भूमिका की भी सराहना की।

## मुख्य समाचार

# हरियाणा के नए विधान भवन के लिए स्थान का चयन नियमों के तहत किया जाएगा : हरविंदर कल्याण

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**चंडीगढ़ ।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने बुधवार को यहां कहा कि प्रदेश के नए विधान भवन के निर्माण के लिए स्थान का चयन नियमों के तहत किया जाएगा।कांग्रेस की ओर से मौजूदा विधान भवन के ही विस्तार की मांग की जा रही है जबकि पंचकूला के करीबी स्थान पर चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से दस एकड़ जमीन नए विधान भवन के लिए चिन्हित की गई है।

कांग्रेस की मांग की ओर ध्यान दिलाए जाने पर हरविंदर कल्याण ने कहा कि नए विधान भवन के निर्माण के लिए स्थान का चयन सभी के साथ मंथन कर नियम के तहत किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि हरियाणा में 2026में विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन किया जाने वाला है और तब विधानसभा क्षेत्रों की संख्या मौजूदा 90 से बढ़कर 126होने की संभावना है। परिसीमन के बाद मौजूदा विधान भवन में सभी विधायकों की सीटों के लिए स्थान उपलब्ध नहीं होगा। इसलिए 126सीटों के स्थान के साथ नए विधान भवन का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। विधानसभा प्रशासन की मांग पर हरियाणा के जिला मुख्यालय पंचकूला से लगती चंडीगढ़ की दस एकड़ जमीन चिन्हित की गई है।इसके बदले चंडीगढ़ को पंचकूला में बारह एकड़ जमीन हस्तांतरित करना प्रस्तावित किया गया है। इस भूमि आदान प्रदान पर पंजाब के नेताओं ने आपत्ति दर्ज कराई है।पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को ज्ञापन सौंपकर हरियाणा को चंडीगढ़ में विधान भवन बनाने से रोकने की मांग की है।इसी बीच कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मांग की है कि हरियाणा को नए स्थान पर भवन बनाने के बजाय मोजूदा भवन का ही विस्तार करना चाहिए। विधान सभा के शीतकालीन सत्र का समापन मंगलवार को हुआ। पांच दिन के सत्र के समापन पर विधान सभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि सत्र की कार्यवाही कुल 26घंटे 19मिनट संचालित की गई।राज्यपाल के अभिभाषण पर पौने बारह घंटे चर्चा हुई।

ध्यानाकर्षण के बीस प्रस्तावों के नोटिस में से सात प्रस्तावों पर चर्चा कराई गई।सत्र के दौरान 13विधेयक पारित किए गए। पहली बार चुनकर आए 40विधायकों में से 34विधायक ,5से 12मिनट बोले। नए सदस्य 230मिनट बोले। सात ध्यानाकर्षण प्रस्ताव नए सदस्यों द्वारा लाए गए।चार नए सदस्यों ने विधेयकों में संशोधन प्रस्तावित किए।उन्होंने कहा कि यह सत्र पिछले करीब 35वर्ष के रिकॉर्ड में बेहतर रहा।उन्होंने कहा कि सुधार की प्रक्रिया जारी रहेगी।भावी योजनाओं के बारे में लोकसभा अध्यक्ष और उप राष्ट्रपति से विचार विमर्श किया गया है।सभी विधायकों और स्टाफ के लिए प्रशिक्षण प्रस्तावित है।

## निजी संस्थानों व कॉर्पोरेट कार्यालयों के कर्मचारियों को घर से कार्य करने की सलाह जारी : एडीसी नरेंद्र कुमार

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

**रोहतक »** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने वायु गुणवत्ता के दृष्टिगत लागू किए गए ग्रेप-4 चरण की हिदायतों अनुसार जिला में स्थित सभी निजी संस्थानों तथा कॉर्पोरेट कार्यालयों को सलाह दी है कि वे ग्रेप-4 के चरणों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यालय के कर्मचारियों को आगामी आदेशों तक घर से कार्य करने के लिए निर्देशित करें ताकि इस क्षेत्र में वायु की गुणवत्ता को सुधारने में मदद मिले। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा वायु गुणवत्ता को और अधिक खराब होने से बचाने के लिए ग्रेप-4 चरण लागू किया गया है। इसके तहत सार्वजनिक कार्यालयों, नगर निकाय कार्यालयों तथा निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत स्टाफ के काम करने तथा अन्य कर्मचारियों के घर से कार्य करने बारे निर्णय लेने के लिए सलाह दी गई है। इसी के दृष्टिगत उपरोक्त संस्थानों को सलाह जारी की गई है।



**वायु गुणवत्ता में गिरावट के दृष्टिगत जारी की गई है सलाह**

## जालंधर में अंतर-जिला वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी

**जालंधर »** पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने तीन आरोपियों की गिरफ्तारी और कई लाख रुपये की कीमत के सात वाहनों की बरामदगी के साथ एक अंतर-जिला वाहन चोर गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह नकोदर क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम कर रहा था और दोपहिया वाहनों को निशाना बनाता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील कुमार उर्फ सूरज निवासी गांव बोपाराय कलां नकोदर, जसकरण उर्फ टिड्डा निवासी चक कलां और गुरप्रीत सिंह उर्फ केशी निवासी गांव बोपाराय कलां नकोदर के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरकमलप्रीत सिंह खख ने बुधवार को कहा कि वाहन चोरों की गतिविधि के बारे में विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद उनकी प्रत्यक्ष निगरानी में एक विशेष अभियान चलाया गया। एसएसपी खख ने कहा कि गिरोह के काम करने के तरीके में वाहनों को चुराना और उन्हें विभिन्न जिलों में भारी छूट पर बेचना शामिल था। इस बरामदगी ने क्षेत्र में वाहन चोरी के नेटवर्क को एक बड़ा झटका दिया है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 18 नवंबर, 2024 को शंकर ब्रिज पर एक विशेष चेकिंग प्वाइंट स्थापित किया। टीम ने चोरी की गाड़ियों के साथ दो आरोपियों को पकड़ा और गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ के बाद, तीसरे आरोपी को पकड़ा गया, जिसके बाद सात मोटरसाइकिल बरामद हुये। आरोपियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन नकोदर सिटी में बीएनएस धारा 303(2), 317(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## एल.पी.एस. बोसार्ड कंपनी में स्वच्छ रक्तदान शिविर पी.जी.आई से आई डाक्टरों की टीम के सहयोग से लगाया गया




रोहतक । एल.पी.एस. बोसार्ड. के द्वारा आयोजित खड़ावड़ पर स्थित एल.पी.एस. बोसार्ड कंपनी में में स्वच्छ रक्तदान शिविर पी.जी.आई से आई डाक्टरोंकी टीम के सहयोग से लगाया गया।

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**रोहतक »** शिविर में 150 लोगों ने रजिस्टैऊशन करवाया व 108 लोगों ने अपना रक्तदान किया। जिसमें छात्राओं ने भी रक्तदान किया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया रक्तदान शिविर की अध्यक्षता एल.पी.एस. बोसार्ड के एम.डी. राजेश जैन, गरीमय उपस्थिति डा. लवलीन कौर, बी.पी. जैन स्कील डेवलोपमेंट की डायरेक्टर स्मृद्धि जैन, डा. ताशी नरूला व शिल्पा ने फिता काटकर स्वच्छ रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में ज्यादातर युवाओं, युवतियां का विशेष सहयोग रहा। शिविर में डाक्टरों की टीम ने 108 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया। सभी अतिथियों व सदस्यों द्वारा रक्तदाताओं को गिफट भेंट किये गये व बैज लगाकर, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रिफरैशमैंट केला, सेब, जूस पानी आदि दिया। राजेश जैन ने कहा हमारे जीवन का एक एक पल अमूल्य है। अच्छी सोच, अच्छी भावना, अच्छा विचार, अच्छे संस्कार मनुष्य को महान बनाता है। उन्होंने कहा कई तरह के दान में एक रक्तदान है। रक्तदान करना एक पुन्य का कार्य है। हमारे द्वारा दी गई रक्त की एक एक बूंद किसी का जीवन बचा सकती है एक बार दिया गया रक्त तीन जिंदगियों का बचाता है इसलिए हमें हर तीन महीने बाद रक्त जरूर दान करना चाहिए। रक्तदान शिविर में राजीव जैन, सन्नी निझावन, नेहा महेन्दीरता, प्रीति, डिम्पल, हिमांशु, मीनाक्षी, मनोज, दिप्ती, निधि, रोमा, रत्न प्रिया व शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## आईजीयू के प्रबंधन विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

एजेंसी

**चंडीगढ़ »** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय (आईजीयू) मीरपुर, रेवाड़ी के प्रबंधन विभाग ने बुधवार को एमबीए छात्रों के लिये 'बॉडी लैंग्वेज' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. दिव्या, सहायक प्रोफेसर, प्रबंधन अध्ययन विभाग, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से एवं मुख्य अतिथि डॉ. विपुल यादव, परीक्षा नियंत्रक, आईजीयू रहे। डॉ यादव ने छात्रों को हमारे जीवन में शारीरिक हाव-भाव और उसके महत्व के बारे में संबोधित किया। डॉ. दिव्या ने सत्र की शुरुआत लोगों के जीवन में संचार और शारीरिक भाषाओं के महत्व पर विस्तृत जानकारी के साथ की। उन्होंने बताया कि भावभंगिमा किसी व्यक्ति के आत्मविश्वास और समग्र स्वरूप को कैसे प्रभावित करती है। उन्होंने छात्रों को कौशल, गैर-मौखिक संचार के बारे में जानकारी दी।

## बाल महोत्सव 2024 मे हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल ने दिखाया दम, जीते पुरस्कार



सचिन सिधवानी, पब्लिक एशिया

**पानीपत »** जिला स्तरीय बाल महोत्सव 2024 जो कि पानीपत के बाल भवन में 14 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चला। जिसमें विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें समालखा स्थित हरे कृष्णा इंटरनेशनल के बच्चों द्वारा ग्रुप डांस प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर ने भाग लिया। यह जूनियर प्रतियोगिता 14 अक्टूबर को हुई थी। जिसमें 20 से 30 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

इस जूनियर ग्रुप डांस प्रतियोगिता में हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा दूसरा पुरस्कार जीता गया। वहीं 22 अक्टूबर को सीनियर ग्रुप डांस प्रतियोगिता में 40 से 50 स्कूल के बच्चों ने भाग लिया जिसमें हमारे स्कूल के द्वारा ग्रुप डांस प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार जीत गया। ग्रुप डांस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों द्वारा दूसरा और तीसरा पुरस्कार जीतने पर हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक सुभाष वर्मा एवं प्रधानाचार्य पुष्प ठाकुर ने कहा की बच्चों को अध्ययन के साथ-साथ हर एक्टिविटी में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए इन्होंने बच्चों पर खूब मेहनत की और बच्चों ने भी अपने टीचर प्रदीप प्रे के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं अगर प्रतियोगिता की बात की जाए तो कोई हारता है कोई जीतता है। बाल महोत्सव में चली इस प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

## ग्रेप पाबंदियों के उल्लंघन की शिकायतों के संदर्भ में जिला प्रदूषण नियंत्रण कक्ष स्थापित : उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा

### नियंत्रण कक्ष में शिफ्टों में तैनात किए गए अधिकारी व कर्मचारी

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

**रोहतक »** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा है कि ग्रेप पाबंदियों के उल्लंघन की शिकायत दर्ज करने तथा संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए स्थानीय लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित बाढ़ राहत शाखा के कमरा संख्या 102 में जिला मुख्यालय पर जिला प्रदूषण नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिला प्रदूषण नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो प्राप्त होने वाले संदेश, शिकायतों को संबंधित विभाग तक पहुंचाएंगे। जिला प्रदूषण नियंत्रण कक्ष का दूरभाष 01262-230401 है।

डयूटी में किसी प्रकार की कोताही को गंभीरता से लिया जाएगा। व्हाट्सएप के लिए मोबाइल नंबर 85263-11000 है। उपायुक्त द्वारा आगामी 30 नवंबर तक जिला प्रदूषण नियंत्रण कक्ष के लिए अधिकारियों की ड्यूटी जारी की गई है। जारी आदेशों के तहत 20 नवंबर को डीएफएससी कार्यालय के लेखाकार सुरेंद्र सिंह व सहायक बलविंदर सिंह, ऑडिटर भगवान व ऑडिटर सुरेंद्र मलिक, 21 नवंबर को ऑडिटर राकेश कुमार व निरीक्षक हरिओम सैनी तथा निरीक्षक आनंद स्वरूप व सत्यवान, 22 नवंबर को निरीक्षक प्रमोद लाठर व पवन धनखड़, निरीक्षक अनिल हुड्डा व रविंद्र कुमार, 23 नवंबर को निरीक्षक सुनीता वर्मा एवं गीता तथा उप निरीक्षक सलेंदर व टिंकू, उप निरीक्षक हरदेव सिंह व लिपिक योगेश तथा 24 नवंबर को उप निरीक्षक मनिंदर व देवेंद्र हुड्डा तथा उप निरीक्षक नवीन कुमार व नरेश कुमार की डयूटी लगाई गई है।उपायुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत 24 नवंबर को नगर निगम के बेलदार शिव कुमार व रविंद्र कुमार, 25 नवंबर को डीएफएससी कार्यालय के स्टैनो मोहित व लिपिक नवीन, लिपिक गौरव व अमित राठी, 26 नवंबर को नगर निगम के बेलदार व प्रदीप कुमार व डीएफएससी कार्यालय के लिपिक विनय कुमार तथा नगर निगम के लिपिक हरिश व बेलदार सुरेश कुमार, 27 नवंबर को नगर निगम के लिपिक विशाल कुमार व बेलदार रामफूल एवं लिपिक राहुल व बेलदार सतीश गर्ग, 28 नवंबर को नगर निगम के बेलदार विनय व सुरेश कुमार, डीईटीसी बिक्रीकर के टीआई महेश कुमार व विजय कुमार, 29 नवंबर को डीईटीसी सैलटैक्स के टीआई राजेंद्र बूरा व संजीव कुमार तथा सहायक प्रीति व लिपिक रेनू, 30 नवंबर को डीईटीसी सैलटैक्स के टीआई सुधीर कुमार व विकास तथा टीआई वीरेंद्र कुमार व वीरपाल एवं टीआई विकास तथा सहायक धर्मजीत की डयूटी लगाई गई है।



## हैल्पेज ऑफर्न्स व रोटरी पानीपत साउथ ने सयुंक्त रूप से किया भारतीय सेना के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन






सचिन सिधवानी, पब्लिक एशिया

**पानीपत »** बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय के जिला बार एसोसिएशन हॉल में हैल्पेज ऑफर्न्स व रोटरी पानीपत साउथ ने सयुंक्त रूप से भारतीय सेना के लिए 16वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस रक्तदान शिविर में 160 लोगों ने रक्तदान किया। यह रक्त सीमा पर तैनात भारतीय सेना के कर्मियों व उनके परिवारों के लिए जरुरत के समय में काम आएगा।

हैल्पेज ऑफर्न्स के संस्थापक मनन सिंगल व रोटरी पानीपत साउथ के प्रधान अश्वनी शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन विशेष रूप से भारतीय सेना के कर्मियों व उनके परिवारों के लिए किया गया है। इस रक्तदान शिविर में दिल्ली कैंट से सेना ब्लड बैंक व जिला रेड क्रॉस ब्लड बैंक ने भाग लिया।इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनू सिंह की अध्यक्षता में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय अग्रवाल व मेघराज गुप्ता विशिष्ठ अतिथिगण के रूप में उपस्थित रहे। हैल्पेज ऑफर्न्स से मनन सिंगल, गगन दीप सिंघ, अर्जुन काठपाल, डॉ. दीप्ति जैन, गवीश त्रेहन, जतिन वर्मा, नीतू जैन, आशीष गर्ग, अधिवक्ता वैभव देशवाल, वेदिका गुलाटी, सनव गाँधी, नव्या गर्ग, युवराज चुघ, मनदीप कौर, दिव्या पोपली, टीआ जैन, वरुण राज, मोहित मेहंदीरत्ता व रोटरी पानीपत साउथ से अश्वनी शर्मा, पंकज घुलिआनी, अजय मलिक, नवनीत गोयल, गगन कटारिया, अजय बत्रा, संजीव भाटिया, आशीष मेहता व प्रितपाल सिंह व अन्य मुख्य रूप से मोजूद रहे।

## मॉडल टाउन स्थित मैक्स मेड सेंटर मे मैक्स अस्पताल ने किया सीओपीडी पर जागरूकता सत्र का आयोजन

सचिन सिधवानी, पब्लिक एशिया




**पानीपत »** बुधवार को विश्व सीओपीडी दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शालीमार बाग के डॉक्टरों ने आज एक जन-जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस सत्र में क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) की समय पर पहचान, इसके प्रभावी प्रबंधन और संभावित रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित शालीमार बाग स्थित मैक्स सुपर अस्पताल के पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ निदेशक डॉ. इंदर मोहन चुघ ने बताया कि सीओपीडी जो कि एक सामान्य रोकथाम योग्य और उपचार योग्य पुरानी फेफड़ों की बीमारी है, विश्व स्तर पर मृत्यु के चौथे सबसे बड़े कारणों में से एक है।

डॉ. इंदर मोहन चुघ ने कहा कि क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) का समय पर इलाज अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक प्रगतिशील बीमारी है, जो वायु प्रवाह को बाधित करती है और सांस लेने में कठिनाई व पुरानी खांसी जैसे लक्षण पैदा करती है। समय पर उपचार, जीवनशैली में बदलाव, दवाएं और पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन से सीओपीडी के दैनिक जीवन पर प्रभाव को कम किया जा सकता है और श्वसन संक्रमण, हृदय संबंधी समस्याओं और यहां तक कि फेफड़ों के कैंसर जैसे जटिलताओं के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सीओपीडी में क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस (जिसमें वायुमार्ग में सूजन और अत्यधिक बलगम उत्पादन होता है) और एम्फिसीमा (फेफड़ों की वायु थैलियों को नुकसान पहुंचता है, जिससे उनकी लोच कम हो जाती है) शामिल हैं। इसके लक्षणों में सांस फूलना, पुरानी खांसी, घरघराहट, सीने में जकड़न और थकान शामिल हैं।

डॉ. चुघ ने यह भी बताया कि सर्दियों में सीओपीडी के लक्षण अधिक गंभीर हो जाते हैं क्योंकि ठंडी हवा वायुमार्ग को संकीर्ण कर देती है, बलगम का उत्पादन बढ़ जाता है और फ्लू व निमोनिया जैसी श्वसन संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, बाहरी गतिविधियों में कमी, वायु प्रदूषण में वृद्धि और धुआं व धूल जैसे इनडोर प्रदूषकों के संपर्क में आने से लक्षण और बिगड़ सकते हैं। इसलिए, सीओपीडी से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए सर्दियों में अपनी स्थिति का प्रभावी प्रबंधन करना बेहद जरूरी है। आपको बता दें कि शालीमार बाग दिल्ली स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल अत्याधुनिक तकनीक, विशेष क्लीनिकल दृष्टिकोण और बेहतरीन डायग्नोस्टिक क्षमताओं के साथ, विभिन्न श्वसन रोगों के उपचार के लिए पूरी तरह सक्षम है।

## संजीव को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा रोहतक का जिला सचिव नियुक्त किया



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**रोहतक »** संगठन व भारतीय जनता पार्टी के प्रति योगदान को देखते हुए संजीव को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा रोहतक का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहतक रणबीर ढाका की सहमति से रोहतक युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक नागपाल द्वारा की गई। इस अवसर पर संजीव ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है वे उसका पूरी निष्ठा व लग्न के साथ निर्वाह करेगें साथ ही पार्टी को मजबूत करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगें। उनके साथ लोकेश वर्मा, दिनेश अहलावत, नितेश शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपनी नियुक्ति पर सजीव ने सभी का तहेदिल से अभिनदंन किया।

# डीएपी की किल्लत को लेकर हंगामा

## किसान दिवस में किसानों ने अधिकारियों पर जताई नाराजगी




पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** कृषि विभाग का दावा है कि जिले में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है और यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने भी कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों में किसान डीएपी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। किसान दिवस के अवसर पर यह समस्या प्रमुख रूप से सामने आई, जहां किसानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

**किसान दिवस पर हंगामा:** कृषि विज्ञान केंद्र बिचपुरी में आयोजित किसान दिवस में किसानों ने डीएपी की कमी, नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने और सफाई में अनियमितताओं को लेकर हंगामा किया। उन्होंने शिकायत की कि शासनादेश के अनुसार जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और सभी विभागों के जिले स्तर के अधिकारियों का कार्यक्रम में उपस्थित होना अनिवार्य है। बावजूद इसके, अधिकांश विभागों के वरिष्ठ अधिकारी नहीं आए और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भेज दिया। खासकर विद्युत विभाग से कोई भी प्रतिनिधि नहीं पहुंचा, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ गया।

### किसानों की समस्याएं और मांगें

भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री मोहन सिंह चाहर ने डीएपी की किल्लत पर अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अगर खाद की कोई कमी नहीं है तो किसानों को सहकारी समितियों पर लंबी कतार में क्यों खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) को डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि इससे जुड़े किसान भी लाभान्वित हो सकें। श्याम सिंह चाहर ने किसान दिवस को औपचारिकता करार देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों में जिले स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। उन्होंने नहरों और माइनरों की सफाई में हो रही अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की।

### अधिकारियों और वैज्ञानिकों की उपस्थिति

इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। किसान दिवस में उप निदेशक कृषि पुरुषोत्तम मिश्रा, कृषि केंद्र प्रभारी डॉ. राजेंद्र सिंह चौहान, डॉ. भोज कुमार, आदर्श कुमार सहित कई अधिकारी और किसान नेता मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स को साइबर विशेषज्ञ ने साइबर सुरक्षा से संबंधित दी जानकारी

- कैडेटों के संग साइक्लोथोन यात्रा होगी ऐतिहासिकः ब्रिगेडियर एन एस चारग
- एक जनवरी को मेरठ से शुरू होगी साइक्लोथोन 26 जनवरी को पहुंचेगी दिल्ली

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** एनसीसी आगरा ग्रुप का एनसीसी का एटीसी 15 का दस दिवसीय कैंप चौधरी रघुनाथ सिंह महाविद्यालय किरावली आगरा में चल रहा है आज कैम्प के चौथे दिन कैडेटों को फायर सेफ्टी और साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से प्रदान किया गया। मेजर रविन्द्र कुमार ने लेक्चर हॉल में एनसीसी कैडेट्स को व्यक्तित्व विकास पर जानकारी दी गई। इस कैंप के दौरान लखनऊ निदेशालय के 14 कैडेट्स के संग ग्रुप कमांडर बिग्रेडियर नरेन्द्र सिंह चारग सेना मेडल द्वारा साइक्लोथोन की तैयारी की जा रही है। यह साइक्लोथोन 1 जनवरी 2025 को 1857 की प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के ऐतिहासिक स्थल मेरठ से प्रारम्भ हो कर उत्तर प्रदेश में लगभग 2000 किलोमीटर की यात्रा करते हुए देश की राजधानी दिल्ली में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संग 26 जनवरी 2025 को आरडीसी परेड में शामिल होंगे। इस दौरान कैम्प कमांडेंट कर्नल परितोष विभु,एडम आफिसर कर्नल दीपेन्द्र सिंह, मेजर किशन लाल, कैम्प एजुडेंट मेजर ओमवीर सिंह सोलंकी, मेजर रविन्द्र कुमार, लेफ्टिनेंट श्याम किशोर, थर्ड ऑफिसर वाई पी सिंह, थर्ड ऑफिसर मनोज पंत, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार गुरुमुख सिंह,बी एच एम हवलदार यतेन्द्र सिंह, हवलदार रसूल,विजय कुमार दीक्षित, सी पी शर्मा सहित सभी ऑफिस स्टॉफ,पीआई स्टॉफ एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।





## मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत: विधायक भगवान सिंह कुशवाह

# फतेहाबाद का प्रख्यात सती मेला शुरू

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**फतेहाबाद।** फतेहाबद तहसील का प्रख्यात सती मेला बुधवार से शुरू हो गया। पहले दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सती यशोदा देवी मंदिर पर जाकर माता की मनौती मांगी। दो दिवसीय मेले में दूर दराज से भक्तगण आते हैं तथा माता के दरबार में मत्था टेकते हैं। खेरागढ़ के विधायक भगवान सिंह कुशवाहा ने समर्थकों के साथ सती यशोदा देवी के दरबार में मत्था टेका तथा मिलेगा औपचारिक शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि मेला हमारी आस्था का प्रतीक है, इन्हें हमें सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। इस दौरान विधायक भगवान सिंह कुशवाहा एवं समाजसेवी राजेश कुशवाहा ,सांसद पुत्र परमवीर चाहर ने मंदिर पर पूजा अर्चना भी की। कार्यक्रम से पूर्व दोनों ही जनप्रतिनिधियों ने मेले का अवलोकन किया तथा दूर दराज से आए दुकानदारों से बातचीत भी की। इस दौरान राजस्थान, मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में सती यशोदा देवी के भक्त गढ़ मेले में मौजूद रहे। इस इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर बीपी कुशवाहा, पूनाराम कुशवाहा, उत्तम चंद कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, होरीलाल कुशवाहा समस्त मेला कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

# पुलिस ने बिहार जा रही 20 लाख रुपये की शराब पकड़ी

- कंटेनर में फिनायल के डिब्बों में छिपाकर हो रही थी तस्करी

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**फिरोजाबाद।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कंटेनर से 20 लाख रुपये की कीमत की अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बंद बॉडी कंटेनर में फिनायल के डिब्बों में अवैध शराब छुपाई जा रही है। जब पुलिस ने कंटेनर को रोका और उसकी जांच की, तो उसमें 118 पेटी हरियाणा मार्का की अवैध अंग्रेजी शराब मिली। यह शराब हरियाणा राज्य में बेची जाने वाली थी, लेकिन इसे बिहार में तस्करी के द्वारा ले जाया जा रहा था। बिहार में शराबबंदी लागू है, इसलिए वहां अवैध रूप से शराब की तस्करी की जाती है, ताकि इसे अधिक कीमत पर बेचा जा सके। पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग 20 लाख रुपये है।

### पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कंटेनर को रोका

एसपी सिटी रवी शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना रसूलपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कंटेनर में अवैध शराब तस्करी के लिए ले जाई जा रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कंटेनर को रोका और उसमें से 118 पेटी अवैध शराब जप्त की। इसके अलावा एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है, जो इस तस्करी में शामिल था।

इस कार्रवाई से पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है और यह संदेश दिया है कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करने का वादा किया है।

# आगरा में सचिव से 4 लाख रुपए लूटे

- बाइक में टक्कर मार कर गिराया, मुंह पर मारा घूंसा, रुपए से भरा बैग लेकर फरार

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा (प्रदीप सिंह, संवाददाता)।** सहकारी समिति के सचिव के साथ 4 लाख रुपए की लूट हो गई है। क्षेत्र के थाना शमसाबाद क्षेत्र में सहकारी समिति के सचिव को बदमाशों ने टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद उनका रुपए से भरा बैग लूटकर भाग गए। सचिव के साथ लूट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बदमाशों की पकड़ के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे देख रही है। कौलारा कला सहकारी समिति में मुकेश कुमार सचिव हैं। मंगलवार रात को वो खाद बिक्री का कैश लेकर वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में लुहारी टंकी के पास दो बाइक पर बदमाश आए। बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारी, जिससे वो गिर पडे.। इसके बाद एक बदमाश ने उनका रुपए से भरा बैग छीनने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने बैग नहीं छोड़ा। बदमाश ने उनके मुंह पर घूंसा मारा। इसके बाद वो बैग लूटकर फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया, लेकिन उस समय वहां पर कोई नहीं था। बदमाश इरादत नगर की तरफ भाग निकले। बैग में करीब 4 लाख रुपए कैश था।

### सूचना पर पहुंची पुलिस

सचिव के साथ लूट की सूचना पर एसीपी समेत थाने का फोर्स पहुंच गया। सचिव से पूछताछ के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे हैं। एसीपी गिरीश कुमार का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों को पकड़ने के लिए टीमें लगा दी गई है। जल्द ही बदमाश पकड़ लिए जाएंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई दंपति का ट्रेन में छूटा आईफोन, टूंडला जीआरपी ने आगरा जाकर लौटाया, खिल उठे चेहरे

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**फिरोजाबाद।** ऑस्ट्रेलिया से भारत आए एक दंपत्ति का मोबाइल बनारस से आते समय ट्रेन में खो गया। टूंडला जीआरपी ने विदेशी दंपत्ति से संपर्क कर उनका मोबाइल लौटा दिया। थाना प्रभारी ने खुद आगरा पहुंचकर दंपत्ति को मोबाइल सौंपा। अपना खोया मोबाइल पाकर विदेशी दंपत्ति बेहद खुश हुए। उन्होंने पुलिस का आभार जताया।

### टूंडला उतरते समय आईफोन 16 प्रो ट्रेन में ही छूट गया

राजकीय रेलवे टूंडला थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के अनुसार ऑस्ट्रेलिया निवासी डंकन राइस अपनी पत्नी के साथ भारत घूमने आए थे। वह ट्रेन संख्या 12581 से बनारस से टूंडला जा रहे थे, तभी टूंडला उतरते समय उनका आईफोन 16 प्रो ट्रेन में ही छूट गया। वहां से ट्रेन दिल्ली चली गई। दंपत्ति ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। यहां से पुलिस को सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मोबाइल बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए।

**काफी प्रयास के बाद मोबाइल दिल्ली से बरामद हुआ:** थाना प्रभारी ने बताया कि फोन बरामदगी के लिए टीटी और एस्कॉर्ट पुलिसकर्मियों से संपर्क किया गया, काफी प्रयास के बाद मोबाइल दिल्ली से बरामद कर टूंडला लाया गया। इसके बाद जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार ने विदेशी दंपत्ति से संपर्क कर आगरा के होटल में ठहरे विदेशी पर्यटकों को बुलाकर खुद ही उनका फोन लौटाया। फोन वापस मिलने पर विदेशी दंपत्ति ने पुलिस का आभार जताया है।

# एक्टिवा और बाइक की भिड़ंत बाइक सवार जीजा साले घायल



**फतेहाबाद (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** थाना डौकी क्षेत्र के वाजिदपुर पुलिया के पास एक्टिवा तथा बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार जीजा साले घायल हो गए।जिन्हें एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद भर्ती कराया। एक्टिवा सवार एक्टिवा लेकर भाग गया। संजय पुत्र फूल सिंह निवासी कांकड़ थाना डोकी शनि पुत्र बुद्ध सागर दोनों जीजा साले एक बाइक पर थे।बाजिदपुर के पास सामने से आ रही एक्टिवा से बाइक की भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों जीजा साले घायल हो गए। संजय अपनी बहन उषा देवी को पिनाहट छोड़कर आ रहा था। इसके बाद बाजिदपुर पुलिया के पास सामने से एक्टिवा बाइक की भिड़ंत में जीजा साला घायल हो गया ।मौके पर पहुंची एंबुलेंस 108 द्वारा घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया एक्टिवा सवार मौके से फरार हो गया।

## दूध व्यापारी की नृशंस हत्या का खुलासा

# मां से संबंध होने पर उतारा था मौत के घाट

- आरोपी निकला बाल अपचारी

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**मथुरा।** थाना महावन क्षेत्र में यमुना ऐक्सप्रेस-वे, माइल स्टोन 115 के पास दूध कारोबारी की कुल्हाडी से गला काट कर निर्मम हत्या की घटना का थाना महावन पुलिस स्वाट टीम व सर्विलांस सेल की मदद से खुलासा किया गया। घटना करने के आरोप में बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब है कि देवेन्द्र सिंह ग्राम नगला धनुआ का भांजा पंकज दूध का काम करता था, 16 नवम्बर को गांव धनुआ से कृष्णा दुग्धालय कंसखार थाना कोतवाली जनपद मथुरा दूध डालकर वापस अपने घर के लिये आ रहा था । तभी यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 115 के पास अन्डर ब्रिज से सिहोरा-कारव मार्ग पर अन्डर ब्रिज से करीब 50 मीटर आगे कारव की तरफ अज्ञात व्यक्ति ने पंकज की कुल्हाडी से गला काट कर निर्मम हत्या कर दी थी,जिसके सम्बन्ध में मृतक के मामा देवेन्द्र प्रधान ने थाना महावन पर तहरीर दी और पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया। घटना के खुलासे के लिए एसएसपी ने कई टीमें लगाई। चार दिन बाद घटना का पटाक्षेप कर दिया। घटना करने वाला बाल अपचारी है।

आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह अपने मामा के यहां रहकर गांव में सुबह शाम घरों से पशुओं का दूध निकलवाने जाया करता था। इसी दौरान पंकज के सम्बन्ध बाल अपचारी की मां से हो गये,जिसकी जानकारी बाल अपचारी को हुई और उसने पंकज की हरकतों को देख भी लिया। बस इसी बात को लेकर वह अन्दर कुण्ठा महसूस करने लगा। जिसके सम्बन्ध में बाल अपचारी द्वारा पंकज से ऐसा कार्य न करने के लिये भी बोला गया था। लेकिन पंकज ने उसकी बात नहीं मानी जिससे बाल अपचारी द्वारा आवेश में आकर समाज में अपने परिवाल की छवि धूमिल होने से बचाने के लिये पंकज की कुल्हाडी से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी।

# भारतीय बकरी क्षेत्र के लिए नीतियां और रणनीतियां राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**मथुरा।** बुधवार को भा.कृ.अ.प. केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम द्वारा पशुपालन एव डेयरी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से को 'अमृत काल में भारतीय बकरी क्षेत्र के लिए नीतियाँ और रणनीतियाँ' विषय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस संगोष्ठी का आयोजन भारतीय सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग के सहयोग से किया गया । संगोष्ठी में देशभर के नीति निमार्ता, विशेषज्ञ, शोधकर्ता, और बकरी पालन से जुड़े किसान एवं उद्योग के 150 प्रतिनिधि शामिल हुए। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बकरी क्षेत्र में अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के आधार पर नीतियाँ तैयार करना था, ताकि 'अमृत काल' में इस क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्य अतिथि अल्का उपाध्याय, आईएएस, सचिव (डीएएचडी) और विशिष्ट अतिथि डॉ. अभिजीत मित्र, एनिमल हसबेंड्री कमिश्नर, और डॉ. आर. भट्टा, डीडीजी (एनिमल साइंस) जैसे गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह संगोष्ठी बकरी पालन को लाभकारी व्यवसाय में बदलने की रणनीतियों पर केंद्रित रही। विशेषज्ञों ने बकरी स्वास्थ्य में सुधार, टीकाकरण कवरेज बढ़ाने और उत्पादन में होने वाले नुकसान को कम करने के लिए ठोस नीतियों की आवश्यकता पर जोर दिया।

संगोष्ठी के दौरान भारतीय बकरी पालन क्षेत्र के लिए आवश्यक रणनीतियों पर गहन चर्चा की गई। इसमें बकरी पालन से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों के बारे में विचार किया गया, साथ ही बकरी उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय सुधारने के लिए नीतियों पर भी विचार किया गया। विशेषज्ञों ने बकरी पालन में सुधार, पशुपालन के आधुनिक तरीकों, और नवाचार को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया।

भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस संगोष्ठी में भाग लिया और भारतीय बकरी क्षेत्र की दिशा और विकास के लिए आवश्यक कदमों पर अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी में बकरी पालन को अन्य कृषि गतिविधियों के साथ जोड़कर इसके लिए समग्र विकास योजनाएँ तैयार करने पर चर्चा की गई।

इस आयोजन में यह भी उल्लेख किया गया कि बकरी पालन, विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में, एक महत्वपूर्ण आय का स्रोत बन सकता है। पशुपालन के साथ-साथ बकरी उत्पादों की प्रौद्योगिकी और विपणन में सुधार करने से देशभर में आर्थिक सुधार संभव है।

इस संगोष्ठी के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि भारतीय बकरी क्षेत्र के लिए समग्र दृष्टिकोण और नीति निर्धारण से किसानों की स्थिति में सुधार होगा और बकरी पालन क्षेत्र के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

संस्थान निदेशक डॉ0 चेटली द्वारा अपने भाषण में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट एवं विशिष्ट अतिथिगण एवं कार्यक्रम में उपस्थित हुए समस्त आगंतुकों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज दिन का एक एतहासिक दिन है । इसके साथ ही संस्थान निदेशक डॉ0 चेटली ने संस्थान में चल रहे विभिन शोध-अनुसंधान कार्य, प्रशिक्षणों एवं परियोजनाओं की जानकारी दी जो कि किसानों के आर्थिक उत्थान एवं आय दोगुनी करने में सहायक है।

संगोष्ठी में बकरी दूध और मांस प्रसंस्करण के लिए सब्सिडी और छोटे पैमाने पर स्लॉटर हाउस स्थापित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। इसके अलावा, देशी नस्लों के संरक्षण के लिए जीनोमिक चयन और उच्च गुणवत्ता वाले जर्मप्लाज्म के लिए राष्ट्रीय भंडार बनाने की सिफारिश की गई। घटते चरागाहों और बदलते मौसम की चुनौतियों से निपटने के लिए सामुदायिक चारागाहों और जलवायु-प्रतिरोधी आवास जैसे टिकाऊ उपायों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। संगोष्ठी का समापन इस मांग के साथ हुआ कि भारत सरकार एक महीने को पशुपालन जागरूकता माह के रूप में मनाए, जिससे पशुधन विकास और उत्पादकता को बढ़ावा दिया जा सके। संगोष्ठी के अंत में निर्णय लिया गया कि बकरी पालन से संबंधित रणनीतिक दस्तावेज बनाकर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा तथा उसके अनुपालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश केंद्र सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग, द्वारा दिए जाएंगे । रणनीतिक दस्तावेज को बनाने की जिम्मेदारी केंद्रीय बकरी अनुसंधान के वैज्ञानिकों को दी गई है।

# बकायदार नलकूप उपभोक्ताओं के विद्युत विभाग ने उतारे ट्रांसफार्मर

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**पिनाहट।** बुधवार को पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र में विद्युत विभाग की टीम ने बकायदार नलकूप उपभोक्ताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अवर अभियंता नीरज कुमार के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान में पांच ट्रांसफार्मर उतारे गए।

नलकूप उपभोक्ताओं पर लगभग 28 लाख रुपये का बकाया था, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। विभाग की टीम ने पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र के गांव क्योंरी, उटसाना, उमरैठा सहित अन्य गांवों में चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान छोटे बकायदारों को बिल भुगतान के लिए कहा गया। यह कार्रवाई विद्युत विभाग की ओर से बकायेदारों के खिलाफ की गई है ताकि विभाग के राजस्व में बढ़ोतरी हो सके।

वही इस मामले में एसडीओ पिनाहट का कहना है कि बकायदारो के खिलाफ विद्युत विभाग की कार्यवाही की गई है आगे भी विद्युत बकायदारो के खिलाफ ऐसे ही सख्त से सख्त आवश्यक कार्यवाही जारी रहेगी।

# भाजपा 'हेराफेरी' के जरिए चुनाव जीतने के लिए प्रशासन पर दबाव बना रही है: अखिलेश का आरोप

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया गया कि वह उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव ''हेराफेरी के जरिए'' जीतने के लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में ''अनियमितताओं'' के बारे में निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। राज्य में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान हो रहा है।

यहां यादव संवाददाताओं से कहा, ''हमने करहल, सीसामऊ, मीरापुर, कुंदरकी और फूलपुर, मझवां सहित विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में अनियमितताओं के बारे में शिकायतें दर्ज कराई हैं। इसके बावजूद ऐसा लगता है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) इन पर आंखें मूंदे हुए है। ऐसा प्रतीत होता है आयोग की संवेदनाएं अब काम नहीं कर रही हैं।'' यादव ने आरोप लगाया, ''भाजपा इन उपचुनावों को वोट के जरिए नहीं, जोड़-तोड़ के जरिए जीतना चाहती है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि हार के डर से भाजपा प्रशासन पर अनुचित तरीके से काम करने का दबाव बना रही है।


उन्होंने कहा, ''मैं अपने मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे मतदान केंद्रों पर जाएं, सिर्फ एक बार नहीं बल्कि कई बार और तब तक वहीं रहें जब तक वे अपना वोट न डाल दें। यह हमें दिया गया अधिकार है और हर किसी को इसका इस्तेमाल करना चाहिए।'' उन्होंने सपा की पिछली शिकायतों के जवाब में जारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भी हवाला दिया और कहा,



''आयोग (निर्वाचन आयोग) ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि पुलिस किसी को नहीं रोक सकती, तलाशी नहीं ले सकती या पहचान पत्र नहीं देख सकती। इसके बावजूद, भाजपा बेईमानी का सहारा ले रही है क्योंकि उन्हें पता है कि वे जनता का समर्थन खो रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया, ''उनके अपने ही कई लोग विरोध कर रहे हैं। उनके मतदाताओं का उनसे मोह भंग हो रहा है और यहां तक कि उनके खिलाफ मतदान भी कर रहे हैं। भाजपा हमारे समर्थकों को मतदान करने से रोकने के लिए पुलिस का इस्तेमाल कर रही है क्योंकि उनके अपने मतदाता मतदान करने नहीं आ रहे हैं।'' यादव ने जोर देकर कहा कि भाजपा की हताशा सत्ता पर उसकी पकड़ कमजोर होने का संकेत देती है। उन्होंने कहा, ''उनका सिंहासन हिल रहा है और वे घबराए हुए हैं क्योंकि जनता और उनके अंदरूनी गुट दोनों ही उनके खिलाफ हैं।

# नालासोपारा की होटल में 5 करोड़ नहीं... बल्कि 15 करोड़ थे, जांच होना चाहिए : संजय राउत

मुंबई । शिवसेना (उद्धव गुट) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर लगे पैसे बांटने के आरोपों को गंभीर बताया। राउत ने कहा कि पूरे मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए। सांसद राउत ने दावा किया कि होटल में जो पांच करोड़ रुपये दिखाए गए थे, असल में वहां पूरे 15 करोड़ रुपये थे। राउत ने कहा कि नालासोपारा के जिस होटल में भाजपा नेता तावड़े को देखा गया, वहां मीडिया द्वारा बताया गया था कि होटल में पांच करोड़ रुपये थे। लेकिन असल में वे 15 करोड़ रुपये थे। अब सवाल उठता है कि सारे पैसे कहां गए? यह एक बड़ा सवाल है। चुनाव आयोग को मामले की गहरी जांच कर सच्चाई सामने लाना चाहिए। राउत ने कहा कि जो भी मामला दर्ज हुआ है, वह केवल पैसे के वितरण का नहीं, बल्कि आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद जब सब कुछ शांत हो जाएगा, तब इस मुद्दे पर पूरी तरह से जांच होगी और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। भाजपा की मंशा पर सवाल उठकर राउत ने कहा कि भाजपा का एक बड़ा नेता होटल में बवाल मचाता है, पैसे बांटने के आरोप लगते हैं, इसका मतलब दाल में कुछ काला है। इसके अलावा, राउत ने नाशिक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक होटल से करोड़ों रुपए जब्त होने की घटना को भी गंभीर मामला बताया। उन्होंने कहा कि हाल ही में नाशिक में मुख्यमंत्री शिंदे के काफिले से करोड़ों रुपये जब्त किए गए थे। यह बेहद गंभीर मामला है और ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल गाड़ियों में सिर्फ खोखा था और कुछ नहीं।



# मंदिर ट्रस्ट की दुकान से बेचा जा रहा प्रसाद, श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़

## –खाद्य सुरक्षा विभाग ने नमूने लेकर की थी जांच, अब करेगा कार्रवाई

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के दियोटसिद्ध स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट की दुकान पर बेचे जा रहे रोट को लेकर चौंकाने वाली जानकारी मिली है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंदिर से रोट के नमूने लिए, जो प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को दिए जाते थे। जांच में पाया कि ये रोट खाने लायक ही नहीं थे और सेहत के लिए खतरनाक हो सकते हैं। रोट बनाने के लिए आमतौर पर गेहूं का आटा, चीनी, देसी घी या वनस्पति तेल का इस्तेमाल होता है। हर साल करीब 50-75 लाख श्रद्धालु बाबा बालक नाथ के प्राचीन गुफा मंदिर में दर्शन करने आते हैं और बाबा को प्रसाद चढ़ाते हैं, जिसमें रोट भी शामिल है। कई श्रद्धालुओं ने रोट के बारे में शिकायतें की थीं, जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने नमूने जांच के लिए भेजे थे। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रसाद के रूप में चढ़ाए गए रोट बासी थे और इनका सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। सहायक आयुक्त (खाद्य एवं सुरक्षा) ने कहा कि विभाग दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई करेगा। होशियारपुर के एक श्रद्धालु मोहन सिंह ने बताया कि लाखों श्रद्धालु बिना जानकारी के इस प्रसाद को ग्रहण करते हैं। कई लोग इसे महीनों तक अपने घर में रखकर खाते हैं, जबकि इसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता।

# विवादित 'एक्स' पोस्ट के लिए चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह

नई दिल्ली। कांग्रेस की मणिपुर इकाई ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से पार्टी के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम के विवादित 'एक्स' पोस्ट के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करने का बुधवार को आग्रह किया। चिदंबरम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में क्षेत्रीय स्वायत्तता की वकालत थी। हालांकि, इस पोस्ट को बाद में डिलीट कर दिया गया था। खरगे को भेजे पत्र में मणिपुर कांग्रेस के नेताओं ने कहा, 'हम मणिपुर संकट को लेकर चिदंबरम के 'एक्स' पोस्ट की सामग्री की सर्वसम्मति से निंदा करते हैं।' पत्र में कांग्रेस नेताओं ने जातीय हिंसा से प्रभावित इस पूर्वोत्तर राज्य की एकता और अखंडता के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को भी दोहराया और खरगे से चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।



# मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट सेवा का निलंबन तीन दिन के लिए और बढ़ाया गया

इंफाल। मणिपुर सरकार ने हिंसा की हालिया घटनाओं के मद्देनजर सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवा का निलंबन बुधवार को तीन और दिन के लिए बढ़ा दिया। सरकारी आदेश में कहा गया है, 'राज्य सरकार ने कानून और व्यवस्था की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने के बाद मणिपुर के इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी और चुराचांदपुर जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को तीन दिन और निलंबित रखने का फैसला किया है।' मणिपुर सरकार ने 16 नवंबर को सात जिलों में मोबाइल ए?वं ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं दो दिन के लिए निलंबित कर दी थीं, ताकि असामाजिक तत्व ऐसी सामग्री का प्रसार न कर सकें, जिससे कानून एवं व्यवस्था प्रभावित हो। सोमवार को मोबाइल और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध दो दिन के लिए और बढ़ा दिया गया था। हालांकि, आम लोगों, स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न कार्यालयों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए मंगलवार को ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं सशर्त बहाल कर दी गई थीं।

# अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में नर हाथी की मौत, जांच शुरू


बिजनौर । उत्तरप्रदेश के बिजनौर जिले के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के रानी नांगल वन ब्लॉक में स्थित फायर लाइन में एक नर हाथी की मौत हो गई। वन विभाग को घटना की सूचना मिली, अधिकारी मौके पर पहुंचे और तीन सदस्यीय पशु चिकित्सकों की टीम से हाथी के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हाथी के मुंह में इंफेक्शन पाए जाने की संभावना है, जो कि उसकी मृत्यु का कारण हो सकता है। हालांकि, मामले की पूरी जांच जारी है और वन विभाग द्वारा इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# एसओजी की नारणपुरा के फ्लैट में रेड, 25.68 लाख के ड्रग्स के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद । शहर के नारणपुरा क्षेत्र स्थित एक सोसायटी के फ्लैट में रेड कर रु. 25.68 का एमडी ड्रग्स बरामद किया है। इस मामले में कुल 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और उसमें से 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पूर्व सूचना के आधार पर एसओजी ने अहमदाबाद के नारणपुरा क्षेत्र के एलिफेंटा सोसायटी के एक फ्लैट में एसओजी ने छापा मारा। इस कार्यवाही में एसओजी ने जिग्नेश पंड्या नामक आरोपी के फ्लैट से 256 ग्राम 860 मिलीग्राम एडी ड्रग्स बरामद किया है। जिसकी कीमत 25.68 लाख रुपए बताई जाती है। इस मामले में पुलिस ने । आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिसमें 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ है कि नारणपुरा क्षेत्र के एलिफेंटा सोसायटी में 14वीं मंझिल पर रहनेवाले जिग्नेश पंड्या अपने ही घर में नशेडियों के लिए पार्टी का आयोजन करता है। नशे की पार्टी में आनेवाले प्रत्येक शख्स से जिग्नेश एक हजार रुपए वसूल करता था।

# नड्डा ने देखी द साबरमती रिपोर्ट बोले- सच को छुपाने की कोशिश की थी

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली के दरियागंज में एक मल्टीप्लेक्स में पत्रकारों के साथ 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुए। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि यह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण सच्चाई है, जिसमें मासूम बच्चे, महिलाएं समेत 59 लोगों को जिंदा जला दिया गया था और इस सच्चाई को सबके सामने आने में लगभग 22 साल लग गए। गोधरा की पूरी सच्चाई सबके सामने रखने के लिए यह एक ईमानदार प्रयास है, इसके लिए मैं 'द साबरमती रिपोर्ट' की पूरी टीम की सराहना करता हूं एवं उन्हें विशेष बधाई देता हूँ। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह और



प्रदीप भंडारी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी भी उपस्थित थे और वे भी 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। नड्डा ने कहा कि यह बहुत भी दुर्भाग्यपूर्ण था कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले कांग्रेस सहित यूपीए ने गोधरा कांड के सच को छुपाने की कोशिश की थी, उस समय सोनिया गाँधी यूपीए की चेयरपर्सन थी। तथाकथित लेफ्ट लिबरल की भी कोशिश थी कि सच्चाई सामने नहीं आए। तथाकथित लेफ्ट लिबरल की एक 'इको सिस्टम' इस पर मिट्टी डालने की पूरी कोशिश की।

# संभल की जामा मस्जिद को बताया हरिहर मंदिर, कोर्ट ने 29 नवंबर तक मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** संभल की सदर शाही जामा मस्जिद पर एक बार फिर हरिहर मंदिर होने का दावा किया गया है। कैला देवी मंदिर के महंत त्रषिराज गिरि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के चर्चित अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के साथ जिला न्यायालय पहुंचे। उन्होंने जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह की अदालत में जामा मस्जिद की जगह पर पूर्व में हरिहर मंदिर होने का दावा पेश किया। याचिका में उन्होंने केंद्र, राज्य सरकार, एएसआई के अलावा जामा मस्जिद की कमेटी को पक्षकार बनाया है। इस मामले में न्यायलय ने 29 नवंबर तक रिपोर्ट मांगी है। कैला देवी के महंत ऋषि राज गिरि ने सिविल न्यायालय में वाद दायर कर सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की मांग की थी। न्यायालय ने इसे स्वीकार करते हुए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर उनसे 29 नवंबर तक रिपोर्ट मांग ली। उधर, शाम होते-होते सर्वे के लिए टीम जामा मस्जिद पहुंच गई। इसकी जानकारी होते ही मुस्लिम पक्ष में नाराजगी फैल गई। प्रशासन ने वादी महंत ऋषिराज को मस्जिद के पास से हटा दिया। टीम करीब दो घंटे की फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी के बाद लौट गई। इस दौरान मस्जिद के आसपास का इलाका छावनी बना रहा।

संभल की सदर शाही जामा मस्जिद पर एक बार फिर हरिहर मंदिर होने का दावा किया गया है कि जिस जगह जामा मस्जिद है, उस स्थान पर हरिहर मंदिर था। जिसे वर्ष 1529 में ध्वस्त कर मस्जिद का रूप दे दिया गया। मान्यता के अनुसार इसी स्थान पर भगवान के दशम अवतार भगवान कल्कि का अवतार होना है। यह स्थान एएसआई संरक्षित है। इसके बाद भी एएसआई को अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में न्यायालय से एडवोकेट कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किए जाना जरूरी है। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद रमेश चंद्र राघव को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर दिया। वह सर्वे करके एक हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

सदर शाही जामा मस्जिद में सिविल कोर्ट के आदेश पर आनन-फानन में सर्वे कराने को लेकर मुस्लिम पक्ष के लोगों में नाराजगी है। देर शाम जब लोगों को पता चला कि मस्जिद पर दावा करने वाले महंत ऋषिराज गिरि भी सर्वे टीम के साथ पहुंचे हैं तो लोग और भड़क गए। हालांकि लोगों की भावनाओं को समझते हुए प्रशासन ने उन्हें मस्जिद में जाने से रोक दिया और उन्हें वहां से हटा दिया। मस्जिद में सर्वे के लिए पहुंचे कोर्ट कमिश्नर रमेश चंद्र राघव के साथ डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसडीएम वंदना मिश्रा समेत कई अधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे। सूचना पर सांसद जियाउर रहमान बर्क, पालिका अध्यक्ष आशिया मुशीर के पति चौधरी मुशीर खां और सदर विधायक नवाब इकबाल के पुत्र सुहैल इकबाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने विरोध जता रहे लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। इस दौरान नमाज का वक्त हो जाने पर इसकी अनुमति भी दी गई और आधा घंटा का समय भी बढ़ा दिया गया।

### मस्जिद से कराई कई अपील

सर्वे के दौरान भीड़ के उग्र होते देख जामा मस्जिद से प्रशासन की ओर से भीड़ से शांति रखने की अपील की गई। कुछ देर शांत रहने के बाद नमाज के समय लोग फिर उग्र हो गए तो एसपी ने नमाज के लिए अंदर आने की अनुमति दी।स्थिति बिगड़ने के बाद पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाला। सर्वे से पूर्व ही एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने संभल कोतवाली के साथ नखासा, हयातनगर, कैलादेवी, हजरत नगर गढ़ी, असमोली थानों की पुलिस को बुला लिया।सर्वे के दौरान एसपी ने पुलिस बल को मस्जिद के चारों ओर तैनात कर दिया। जो भीड़ को नियंत्रित किया। शोर शराबे के दौरान सीओ की कई बार नोकझोंक भी हुई।

# यूपी में मतदान के बीच बुर्के को लेकर सियासी जंग, सपा-बीजेपी आमने-सामने

*** चुनाव अधिकारी बोले– जो भी वोट डालने आएगा उसका चेहरा देखा जाएगा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब, केरल, यूपी और उत्तराखंड की 15 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। इन 15 सीटों में 13 सीटें ऐसी हैं, जो विधायकों के सांसद बन जाने के बाद खाली हुई थीं। इसके अलावा एक सीट पर निधन और एक नेता के जेल जाने के बाद खाली हुई है।

यूपी में बुर्का विवाद पर यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिन्वा ने कहा है कि जो भी वोट डालने आएगा उसका चेहरा देखा जाएगा। बीजेपी और सपा के पत्रों पर स्थिति साफ करते हुए नवदीप रिन्वा ने कहा है कि नियम ये है कि जो भी वोट डालने आएगा उसका चेहरा देखा जाएगा। उसका वोटर कार्ड देखा जाएगा। वोटर लिस्ट में उसके नाम के साथ फोटो का मिलान होता है। पर्दानशीं महिलाएं जहां ज्यादा होती है वहां महिलाकर्मियों को लगाया जाता है। वह पहचान सुनिश्चित करती हैं यही व्यवस्था है।

यूपी में मतदान के बीच बुर्के को लेकर सियासी जंग चल रही है। बुर्के को लेकर समाजवादी पार्टी के बाद बीजेपी ने भी चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी। बीजेपी ने कहा है कि बिना आइडेंटिफिकेशन के कराया गया मतदान फर्जी है। बीजेपी ने इस मामले में चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि इससे पहले समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कहा था कि बुर्का पहनकर वोट देने जाने वाली महिलाओं को जांच के नाम पर परेशान न किया जाए। अखिलेश ने भी कहा कि पुलिस मतदाताओं की आईडी चेक नहीं कर सकती है। पांच राज्यों की 15 सीटों में से 9 सीटें यूपी की हैं, जहां यह उपचुनाव 2027 का सेमीफाइनल माना जा रहा है। इसके अलावा उत्तराखंड की 1, पंजाब की 4, केरल की 1 सीट और महाराष्ट्र की 1 लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए बुधवार को मतदान जारी है। उपचुनाव के नतीजों का संबंधित विधानसभाओं पर कोई सीधा असर नहीं पड़ेगा।

# मणिपुर में उग्रवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी, प्रस्ताव भी हुआ पास

**इंफाल (एजेंसी )।** मणिपुर में लंबे समय से हो रही हिंसा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के विधायकों ने एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें जिरीबाम जिले में हाल की हत्याओं के लिए जिम्मेदार उग्रवादियों के खिलाफ 'बड़े पैमाने पर अभियान' चलाने की बात कही गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि छह निर्दोष लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार कुकी उग्रवादियों के खिलाफ सात दिन के भीतर बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया जाए। इसके साथ ही उन्हें गैर कानूनी संगठन घोषित किया जाए। यह भी कहा गया कि इस मामले की जांच एनआईए को सौंपा जाए। बता दें कि इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर मणिपुर के लोगों की जान व माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फौरन हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। पार्टी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार हिंसा रोकने और स्थिति को सामान्य बनाने में पूरी तरह विफल रही है।

पारित हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि केंद्र सरकार 14 नवंबर के आदेश के अनुसार तत्काल प्रभाव से अफस्पा (सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम) लागू करने की समीक्षा करेगी। यह भी तय किया गया कि यदि इन सभी प्रस्तावों को निर्धारित अवधि के भीतर लागू नहीं किया जाता है तो सभी राजग विधायक मणिपुर के लोगों के परामर्श से आगे की कार्रवाई तय करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री सचिवालय ने कहा कि उच्चाधिकार प्राप्त समिति के निष्कर्षों के आधार पर उपद्रवियों पर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### तीन जिलों में कर्फ्यू में ढील

इंफाल घाटी के तीन जिलों में मंगलवार को कर्फ्यू में ढील दी गई और ब्रॉडबैंड इंटरनेट पर लगी रोक कुछ शर्तों के साथ हटा ली गई। वहीं, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मणिपुर में मौजूदा संकट के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। वहीं, एनडीए विधायकों ने छह महिलाओं और बच्चों की हत्या के लिए जिम्मेदार उग्रवादियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाने का आह्वान किया। इसके अलावा मणिपुर सरकार ने जिरीबाम गोलीबारी की घटना की जांच के बाद वरिष्ठ एसपी (कॉम्बैट) नेक्टर संजेनबाम को उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया है। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और एक अन्य घायल हो गया था। जिला प्रशासन द्वारा जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा गया है कि इम्फाल पूर्व और पश्चिम तथा काकचिंग जिलों में सुबह 5 बजे से 10 बजे तक निषेधाज्ञा में ढील दी गई है। मणिपुर सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवाओं पर लगाया गया प्रतिबंध आम लोगों, स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न कार्यालयों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए सशर्त हटा दिया है।

# भारत और चीन ने माना कि सेनाओं की वापसी से सीमा पर लौटी शांति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद समाप्ति के लिए हुए हालिया समझौते के बाद ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर भारत और चीन के विदेश मंत्रियों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की पहली महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें दोनों के बीच आपसी संबंधों से जुड़े अगले कदमों पर विचार किया गया। साथ ही यह सहमति जताई गई कि सीमा संबंधी मामलों पर चर्चा के लिए स्थापित दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों और विदेश सचिव-उप मंत्रियों के तंत्र के बीच जल्द बैठक होगी। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बैठक में दोनों वरिष्ठ मंत्रियों ने इस बात को भी स्वीकार किया कि सीमाई इलाकों से हुई सेनाओं की वापसी ने शांति और सौहार्द को स्थापित करने में योगदान दिया है। उधर, जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में भी रियो में हुई इस बैठक का जिक्र किया। उन्होंने कहा, जी-20 के दौरान सीपीसी पोलित ब्यूरो के सदस्य और चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। बातचीत में हमने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में हुई सैन्य वापसी में हुई प्रगति पर गौर किया। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में अगले कदमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके अलावा चीन के विदेश मंत्री से बातचीत में वैश्विक स्थिति पर भी चर्चा की गई।

### फिर से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों विदेश मंत्रियों की बातचीत में कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा की फिर से शुरुआत करने, सीमा पार बहने वाली नदियों को लेकर डेटा साझा करने, मीडिया का आदान-प्रदान और भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानों की शुरुआत जैसे मुद्दों को शामिल किया गया। वैश्विक परिस्थिति और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने अपने चीन के समकक्ष से कहा कि दोनों देशों के बीच मतभेद और अभिसरण है। हम ब्रिक्स और एससीओ तंत्र में रचनात्मक रूप से कार्य कर रहे हैं। जी-20 में भी हमारा सहयोग स्पष्ट है।

### किसी के दबाव में संबंधों को नहीं देखते

बातचीत में जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी को यह भी साफ किया कि हम मजबूती के साथ एक बहुध्रुवीय दुनिया के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें बहुध्रुवीय एशिया शामिल है। जिसे लेकर भारत चिंतित है। उसकी विदेश नीति स्वतंत्र विचारों और कदमों के साथ सैद्धांतिक और अनुकूल है। भारत दबदबा कायम करने के लिए उठाए जाने वाले एकतरफा कदमों के खिलाफ है। हमने कभी भी अपने संबंधों को दूसरे देशों के प्रभाव या दबाव के रूप में नहीं देखा है। वहीं, चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बैठक में कहा कि दोनों देशों के संबंध विश्व राजनीति में विशेषता लिए हुए हैं। हमारे नेताओं ने कजान की वार्ता में आगे बढ़ने पर सहमति जताई थी। दोनों वरिष्ठ मंत्रियों ने माना कि यह अनिवार्य है कि हमारा ध्यान संबंधों को स्थिर करने, मतभेदों को दूर करने और अगले कदम लेने पर केंद्रित होना चाहिए।

### एलएसी से पीछे हटी सेनाएं

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बीते दिनों नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा था कि भारत और चीन की सेनाएं एलएसी पर एक-दूसरे के सामने की आक्रामक मुद्रा से पीछे हट (डिसएंगेजमेंट) गई हैं और अब हमारा पूरा ध्यान डिएस्कलेशन के साथ तनाव कम करने पर होगा। डिसएंगेजमेंट को वह पूरी तरह से सेनाओं के पीछे हटने के रूप में ही देखते हैं। न तो इससे ज्यादा और न ही इससे कम। फिलहाल दोनों देशों की सेनाओं ने देपसांग और डेमचौक के इलाके में सैन्य गश्त का एक दौर पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देश एलएसी पर अपनी सैन्य तैनाती को बनाए हुए हैं। वर्तमान में एलएसी पर भारत और चीन ने 50 से 60 हजार सैनिकों की तैनाती की है। सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी कह चुके हैं कि भारतीय सेना विश्वास बहाली की कोशिशों में लगी हुई है। दोनों पक्ष इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए एक-दूसरे को भरोसा देने में लगे हुए हैं।



# अब केवाईसी न होने पर अकाउंट नहीं होगा फ्रीज, आरबीआई ने लगाई फटकार

## दिशा-निर्देशों का पालन सटीकता और सहानुभूति के साथ किया जाए

**नई दिल्ली।**
रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने उन बैंकों को फटकार लगाई है जो केवाईसी न होने पर अकाउंट फ्रीज कर रहे हैं जिनके खाते में सरकार से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) फंड मिलता है। इसमें सब्सिडी, पेंशन, किसी खास योजना का पैसा आदि शामिल हैं। इसके अलावा आरबीआई ने इन बैंकों को केवाईसी अपडेट में देरी करने के लिए भी दोषी पाया है। इस कारण काफी लोगों के अकाउंट फ्रीज हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक निजी क्षेत्र के बैंकों के निदेशकों को संबोधित करते हुए आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा कि बैंकों को तय करना चाहिए कि केवाईसी दिशा-निर्देशों का पालन सटीकता और सहानुभूति दोनों के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने पहले भी बैंकों को निर्देश दिए थे। इनमें कहा गया था कि बैंक केवाईसी के अभाव में उन अकाउंट को फ्रीज नहीं करें जिनमें सरकारी योजनाओं का पैसा ट्रांसफर होता है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक को ग्राहकों से संबंधित कई समस्याओं के बारे में पता चला है। इनमें ग्राहकों की केवाईसी को समय-समय पर अपडेट करने में बैंक के स्तर पर ज्यादा देरी होना। ग्राहकों की सहायता करने और जरूरी डॉक्यूमेंट्स प्राप्त करने में सक्रिय दृष्टिकोण की कमी होना। कई जरूरी कार्यों को पूरा करने के लिए स्टाफ का पूरा न होना। इस कारण किसी काम के लिए ग्राहक को मना करना। हर काम के लिए ग्राहक को होम ब्रांच भेजना। ग्राहकों की ओर से सभी जरूरी डॉक्यूमेंट देने के बाद भी सिस्टम में जानकारी अपडेट करने में देरी करना शामिल है। स्वामीनाथन ने कहा कि जिस तरह से दिशा-निर्देशों को लागू किया जा रहा है, उसके कारण कई अकाउंट फ्रीज हो रहे हैं। इससे ग्राहकों को उनका पैसा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्डों को यह तय करना चाहिए कि बैंकों की सर्विस में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। खासकर सीनियर सिटिजंस आदि के लिए।

# पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट स्कीम: अच्छा निवेश विकल्प

## - ऑनलाइन निवेश की सुविधा भी उपलब्ध




**नई दिल्ली ।**
आजकल निवेश करने वाले लोग बेहद सावधानी से अपनी धनराशि लगाने की प्रक्रिया में जुटे हैं। इस संदेश को ध्यान में रखते हुए, सरकारी पोस्ट ऑफिस द्वारा संचालित नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट स्कीम एक अच्छा निवेश विकल्प प्रस्तुत करती है। यह स्कीम विभिन्न आयु समूहों के लिए रुचिकर ब्याज दर के साथ आता है। एनएससी स्कीम में निवेश करने वालों को मिलने वाला 7.7 फीसदी का ब्याज न केवल उनके पैसे को दोगुना करता है, बल्कि इनकम टैक्स एक्ट के तहत निवेश की रकम पर टैक्स छूट का भी लाभ मिलता है। इस स्कीम का लॉक-इन पीरियड 5 वर्ष का होता है, जो निवेशकों के लिए एक सावधानीपूर्ण समयावधि प्रदान करता है। इस सेविंग्स स्कीम में छोटे बच्चों के नाम से भी अकाउंट ओपन कराने की सुविधा दी गई है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रहे। निवेशकों को सरकार द्वारा दी गई गारंटी के साथ निवेश करने का मौका मिलता है। इस स्कीम के तहत ऑनलाइन निवेश की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे निवेशकों को किसी भी समय और किसी भी स्थान से आसानी से निवेश करने का अवसर मिलता है। इस प्रकार, नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट स्कीम एक सुरक्षित, लाभकारी और आसान निवेश विकल्प प्रदान करती है जो निवेशकों के लिए एक बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

# एनसीआर में नया शहर बसाने की योजना, भूमि अधिग्रहण की कवायद तेज

## पहले चरण में 3,165 हेक्टेयर भूमि पर काम शुरू किया जाएगा



**नई दिल्ली ।**
नोएडा प्राधिकरण के एक वेरिष्ठ अेधिकारी ने नए नगर न्यू नोएडा के विकास की योजना में गति लाने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। इस नगर के लिए भूमि अधिग्रहण को सर्वे करने का काम अब भूमि मालिकों, गांववासियों और ग्राम प्रधानों के साथ किया जा रहा है। न्यू नोएडा का विकास डेडीकेटेड दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन (डीएनजीआईआर) के तहत किया जाएगा।

इस परियोजना में गौतम बुद्ध नगर के और बुलंदशहर के कई गांव शामिल होंगे। आर्थिक विकास को ध्यान में रखकर, पहले चरण में 3,165 हेक्टेयर भूमि पर काम शुरू किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस परियोजना के मास्टर प्लान 2041 को मंजूरी दी है, जिसमें भूमि के विभिन्न हिस्सों को आवासीय, व्यावसायिक, हरित, सार्वजनिक और अन्य क्षेत्रों के लिए आरक्षित किया गया है। डीएनजीआईआर क्षेत्र को दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे (डीएमआइसी) के एक महत्वपूर्ण निवेश क्षेत्र के रूप में माना जा रहा है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से जुड़े इस क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं होंगी।

इसके साथ ही न्यू नोएडा को पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। न्यू नोएडा का विकास एक उच्चतम स्तरीय परियोजना है जो मुख्य शहरों के साथ संविदान किया गया है। भूमि अधिग्रहण की तैयारियाँ तेजी से जारी हैं और यह नगर एक नया मील का पत्थर बनने की दिशा में अग्रसर है।

# ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर 55 फीसदी तक गिरा

## - निवेशकों को 38,000 करोड़ रुपए का नुकसान



**नई दिल्ली ।**
हाल ही में लिस्टेड कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने अपने निवेशकों को बड़ी चोट पहुंचाई है। इस कंपनी का शेयर करीब 55 फीसदी तक गिर चुका है, जिससे निवेशकों के लगभग 38,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। मंगलवार को यह शेयर 70 रुपए पर बंद हुआ, जबकि 20 अगस्त को यह उच्चतम स्तर पर था। ओला इलेक्ट्रिक के ग्राहकों की खराब सेवा और उत्पाद गुणवत्ता का आरोप शेयरों में गिरावट का मुख्य कारण बन रहा है। कई ग्राहकों ने गाड़ी में तकनीकी समस्याओं की शिकायत की है, जैसे कि ब्रेक शू की खराबी और बैटरी व सॉफ़्टवेयर की समस्याएं। इससे कंपनी के शेयरों में व्यापक गिरावट देखने को मिल रही है। इसके अतिरिक्त ओला इलेक्ट्रिक के खराब वित्तीय नतीजे भी शेयर में गिरावट का बड़ा कारण है। कंपनी की दूसरी तिमाही में 495 करोड़ रुपए का घाटा हुआ, जो कंपनी की बढ़ती संख्याओं को दर्शाता है। ओला के फाउंडर भाविश अग्रवाल की कॉमेडियन कुणाल कामरा के साथ सोशल मीडिया पर हुई बहस के बाद, कंपनी की भड़की किरकिरी का सामना करना पड़ा। कुणाल कामरा ने कंपनी के उत्पादों में पाई जा रही समस्याओं को सामने रखकर कंपनी पर हमला किया, जिससे कंपनी की साख और धक्का लगा। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों में गिरावट और वित्तीय संकष्टों के बढ़ते दबाव के बीच कंपनी का भविष्य अभी अनिश्चित बना हुआ है। निवेशकों और ग्राहकों की उम्मीदें कंपनी पर बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है।

# टाटा मोटर्स ने सऊदी अरब में लॉन्च किया पहला ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन




**दम्माम।**
टाटा मोटर्स ने सऊदी अरब में अपना पहला ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन (एएमटी) ट्रक, टाटा प्राइमा 4440.एस एएमटी लॉन्च करने का ऐलान किया है। टाटा मोटर्स ने दम्माम में हैवी इक्विपमेंट एंड ट्रक्स (एचईएटी) शो में अपने पांच हाई-परफॉरमेंस प्रोडक्ट प्रदर्शित किए जिन्हें देश की जरूरत के अनुरूप डिजाइन किया गया है और जो अलग-अलग तरह के एप्लीकेशन को पूरा करते हैं।

टाटा मोटर्स के एचईएटी शो पवेलियन के दौरान टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के हेड ने कहा कि सऊदी अरब टाटा मोटर्स के लिए एक खास और अहम क्षेत्र है। सऊदी अरब तेजी से बदलाव के दौर में है, इसलिए हम अपने एडवांस सॉल्यूशन के साथ इसकी उभरती गतिशीलता जरुरतों को सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि लेटेस्ट टेक्नोलॉजी, विश्वसनीयता और ग्राहक लाभप्रदता पर मजबूत फोकस के साथ, हमें सऊदी अरब में अपना पहला ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन ट्रक लॉन्च करने पर गर्व है।

टाटा मोटर्स के ट्रकों की रेंज व्यापक सेवाओं से पूरी की जाती है, जो इसके ऑफिशियल डिस्ट्रीब्यूटर मोहम्मद यूसुफ नागी मोटर्स कंपनी के साथ साझेदारी में प्रदान की जाती है। प्राइमा 4440.एस एएमटी कैरियर, हेवी इक्विप्मेंट ट्रांसपोर्टेशन के लिए उपयुक्त है। कंपनी के मुताबिक फ्यूल सेविंग और ड्यूरेबल ऑटोमेटेड ट्रांसमिशन के साथ यह ट्रक बहुत से स्मार्ट फीचर्स जैसे लोड-बेस्ड स्पीड कंट्रोल सिस्टम, सिस्टम डाउन प्रोटेक्शन सिस्टम और बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी के लिए ऑटो स्टार्ट-स्टॉप सिस्टम से लैस है। इसमें यूरो-वी कम्प्लाइंट 8.9-लीटर कमिंस इंजन है जो 400 बीएचपी और 1,700 एनएम का टॉर्क पैदा करता है ताकि यह तय हो सके कि सबसे भारी लोड, सबसे कठिन इलाकों और सबसे खड़ी ढलानों को संभालने के लिए पर्याप्त हो।

बयान में कहा गया कि न्यूमेटिकली सस्पेंडेड सीट और टिल्ट-एंड-टेलीस्कोपिक स्टीयरिंग व्हील वाला आधुनिक केबिन, ड्राइवर के आराम और सुविधा को बढ़ाता है, जिससे उत्पादकता में बढ़ोतरी होती है। टाटा मोटर्स 40 से ज्यादा देशों में एक वाइड कमर्शियल व्हीकल पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जिसमें 1 टन से लेकर 60 टन तक के कार्गो वाहन और 9-सीटर से लेकर 71-सीटर मास मोबिलिटी सॉल्यूशन शामिल हैं। टाटा मोटर्स की एडवांस आरएंडडी क्षमताओं द्वारा समर्थित, इन वाहनों को स्थानीय बाजार की जरुरतों के अनुरूप मजबूती से इसका निर्माण किया गया है।

# यूपीआई मंच पर तकनीकी अस्वीकारण की दर में 0.8 प्रतिशत की कमी: एनपीसीआई





## कम राशि वाले लेनदेन को यूपीआई लाइट में स्थानांतरित करने पर विचार

**मुंबई ।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के एक वेरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में यहां एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने बताया कि यूपीआई मंच पर तकनीकी अस्वीकरण की दर अब घटकर 0.8 प्रतिशत तक रह गई है। उन्होंने हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि तकनीकी अस्वीकरण की दर 2016 में 8-10 प्रतिशत से घटकर अब 0.7-0.8 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने अद्वितीय उपयोगकर्ताओं की संख्या को भी 40 करोड़ बताया। इसके साथ ही एनपीसीआई विचार कर रहा है कि कम राशि वाले लेनदेन को यूपीआई लाइट में स्थानांतरित करके सर्वर पर दबाव कम किया जा सके। इस बढ़ते उपयोगकर्ता संख्या और तकनीकी सुधार के साथ, यूपीआई मंच की प्रभावीता में सकारात्मक बदलाव देखने की संभावना है।

# सोने की कीमतों में तेजी का रुझानट्ठ रिपोर्ट

## - दिसंबर 2025 तक एक औंस सोने की कीमत पहुंच सकती है 3,000 डॉलर तक



नई दिल्ली। भारत में शादी का सीजन चल रहा है, और सोने-चांदी के बाजार में रौनक देखी जा रही है। 18 और 19 नवंबर को सुनहरे वस्त्रों के बीच सोने की कीमतों में गिरावट देखी गई थी, लेकिन अब एक रिपोर्ट ने लोगों के ध्यान को आकर्षित किया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सोने की कीमतों में बड़ी तेजी आने की संभावना है। इसके अनुसार केंद्रीय बैंकों की सोने में बढ़ी हुई खरीदारी और अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकती हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2025 तक एक औंस सोने की कीमत 3,000 डॉलर तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुता बिक ट्रम्प प्रशासन और बढ़ती व्यापारिक टेंशन के कारण भी सोने की कीमतों में इजाफा हो सकता है। अमेरिकी वित्तीय स्थिति को लेकर बढ़ती चिंताएं भी सोने की कीमतों को समर्थन दे सकती हैं। भारत में भी सोने की कीमतों में बदलाव देखा गया है। नोएडा में 19 नवंबर को 22 कैरेट सोने की कीमत 7,095 रुपए प्रति ग्राम थी, जो 20 नवंबर को बढ़कर 7,165 रुपए हो गई है। 24 कैरेट सोने की कीमत भी 7,450 रुपए से बढ़कर 7,523 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। इस रिपोर्ट ने सोने खरीदने वालों को सोचने पर मजबूर कर दिया है, जिसके चलते उलझन और चिंताएं उभर रही हैं।

# मारुति ब्रेजा ने की 16,565 यूनिट्स की बिक्री, ब्रेजा और फ्रोंक्स का दबदबा




**नई दिल्ली ।**
बीते महीने अक्टूबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, देश में सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में मारुति सुजुकी का दबदबा रहा। मारुति ब्रेजा ने 16,565 यूनिट्स की बिक्री के साथ पहला स्थान हासिल किया। यह आंकड़ा पिछले साल के 16,050 यूनिट्स से 3.21प्रतिशत अधिक है। वहीं, मारुति फ्रोंक्स ने 44.57प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 16,419 यूनिट्स बेचीं। अन्य प्रमुख मॉडल्स के प्रदर्शन की बात करें तो टाटा पंच- 15,740 यूनिट्स (2.76प्रतिशत वृद्धि), टाटा नेक्सन- 14,759 यूनिट्स (12.6प्रतिशत गिरावट), हुंडई वेन्यू- 10,901 यूनिट्स (5.87प्रतिशत गिरावट), किआ सोनेट- 9,699 यूनिट्स (49.38प्रतिशत वृद्धि) और महिंद्रा एक्सयूवी 300- 4,865 यूनिट्स (96.55प्रतिशत वृद्धि)। हुंडई एक्सटर और निसान मैग्नाइट ने क्रमशः 7,127 और 3,119 यूनिट्स की बिक्री की, जबकि टोयोटा टैसर ने 3,092 यूनिट्स बेचीं। हालांकि, मारुति जिम्नी और रेनो काइगर की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। एसयूवी सेगमेंट का बाजार में हिस्सा अब 50 प्रतिशत से ऊपर हो गया है। फ्रोंक्स और ब्रेजा जैसी गाड़ियों के साथ मारुति ने इस सेगमेंट में अपनी मजबूती दिखाई है। बेहतर फीचर्स और किफायती कीमत के चलते ये मॉडल्स बाजार में लगातार लोकप्रिय हो रहे हैं। बेहतर स्पेस और ग्राउंड क्लीयरेंस के चलते ग्राहक इन्हें हैचबैक गाड़ियों पर प्राथमिकता दे रहे हैं। मारुति सुजुकी के मॉडल्स ने अपनी विश्वसनीयता और परफॉर्मेंस से ग्राहकों को आकर्षित किया है।

# ट्रम्प प्रशासन का दबाव कम करने भारत से संबंध सुधारने की कोशिश कर रहा चीन: अघी

## - चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों में शुल्कों में कमी करने का सुझाव दिया गया था

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच सामरिक और राजनितिक एकीकरण की महत्वपूर्ण घटना हुई है जो अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बाद हुई है। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा कि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावों के नतीजे के बाद अमेरिका चीन के दबाव को कम करने के लिए भारत के साथ समर्थन की ओर ध्यान देने के लिए कोशिश कर रहा है। अमेरिका में हाल ही में पुनरावृत्ति संपन्न हुई और जो उम्मीदवार राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया है, उन्होंने चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों में शुल्कों में कमी करने का सुझाव दिया था। अघी ने कहा कि ट्रम्प की जीत ने भारत-चीन संबंधों पर भी सकारात्मक प्रभाव डाला है। इस संबंध में अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति ने भी चीन के साथ अधिक सख्ती बनाने की सिफारिश की है। चीन के साथ सामान्य व्यापारिक रिश्तों को समाप्त करने की मांग की गई है। इससे पहले भारत ने पिछले महीने चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के मामले में समझौता किया और सैन्य गतिरोध को समाप्त करने का आह्वान किया था। इस नए परिवर्तन के साथ अमेरिका-चीन संबंधों की समीक्षा और जलवायु में परिवर्तन की संभावना है जिससे व्यापार युद्ध के आसार हैं। यह एक महत्वपूर्ण समय है जहां भारत और अमेरिका के बीच रक्षा और सामरिक सहयोग की जरूरत है।

# बिटकॉइन ने बनाया नया रिकॉर्ड, 94 हजार डॉलर के पार पहुंची कीमत

## - बिटकॉइन का बाजार मूल्य 1.82 ट्रिलियन डॉलर पर



**वाशिंगटन ।**
आधुनिक वित्तीय दुनिया में क्रिप्टोकरेंसी के क्षेत्र में बिटकॉइन ने एक बार फिर से अपनी ताकत दिखाते हुए नई ऊंचाई को छू लिया है। बिटकॉइन की कीमत 94,000 डॉलर के पार पहुंच गई है, जो एक रिकॉर्ड है। इस बड़ी बढ़त के पीछे बितकॉइन के प्रमुख समर्थक पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला के मालिक एलन मस्क का समर्थन माना जा रहा है। कंपनी क्वाइन डेस्क के आंकड़ों के मुताबिक बिटकॉइन की कीमत ने 94,038.97 डॉलर के स्तर तक पहुंच कर रिकॉर्ड बनाया। पिछले हफ्ते में बिटकॉइन में 2 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली, जबकि पिछले महीने में इसने 33 फीसदी से अधिक का रिटर्न दिया। वर्तमान में बिटकॉइन का बाजार मूल्य 1.82 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। इसके साथ ही एलन मस्क की पसंदीदा क्रिप्टोकरेंसी डॉगकॉइन की भी कीमत में बढ़ोतरी देखने को मिली है। वर्तमान में डॉगकॉइन की कीमत 0.38 डॉलर हो गई है, जो पिछले हफ्ते में 1.30 फीसदी तक बढ़ गई है। ट्रंप की जीत के बाद डॉगेकॉइन ने निवेशकों को 175 फीसदी का रिटर्न दिया है, जबकि पिछले एक साल में इसने 400 फीसदी से ज्यादा की कमाई दी है। ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट ने भी नई ऊंचाई छू ली है और अब यह 3 ट्रिलियन डॉलर से ऊपर पहुंच चुका है। हालांकि पिछले 24 घंटे में गिरावट आई है, लेकिन कुल मार्केट कैप में 5 नवंबर के बाद से 800 बिलियन डॉलर से ज्यादा का इजाफा हुआ है।

# एसएलसीएम ने बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ की साझेदारी

## - कंपनी 19 भारतीय राज्यों में 17,000 से अधिक गोदामों का संचालन करती है

**नई दिल्ली ।** कृषि वित्त पोषण में सुधार के लिए सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट (एसएलसीएम) ने बक ऑफ बड़ौदा के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के माध्यम से किसानों को अपनी फसलों के बदले ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी। कंपनी के अनुसार एसएलसीएम ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां 73 प्रतिशत बढ़ाकर 11,952 करोड़ रुपये हो गई है। इससे पहले यह 6,911 करोड़ रुपये थी। इस साझेदारी से कंपनी की एग्री रीच प्रौद्योगिकी से डिफॉल्ट जोखिम को कम करने और कृषि परिवेश के लिए वित्तीय पहुंच में सुधार होगा। एसएलसीएम क्षेत्र में भारत और म्यांमा में 20 से अधिक वित्तीय संस्थानों के साथ साझेदारी कर रही है। कंपनी 19 भारतीय राज्यों में 17,000 से अधिक गोदामों और 36 कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं का संचालन करती है और विभिन्न वस्तुओं का प्रबंधन करती है। कृषि सेक्टर में नए और विशेषज्ञ सेवाएं किसानों को बढ़ी हुई आवश्यकताओं का सामना करने में मदद कर सकती हैं। इस साझेदारी के माध्यम से एसएलसीएम के सामर्थ्य का उपयोग करके किसानों को अधिक विकल्प देने का काम भी किया जा सकता है।

# गोदरेज ने कोलकाता में 53 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया

## परियोजना की अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 500 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड एक भारतीय रियल एस्टेट कंपनी ने अपनी नवीनतम परियोजना के लिए कोलकाता में 53 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। यह भूमि कोलकाता के जोका में स्थित है और इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगी। कंपनी ने इस समाचार को शेयर बाजार में जारी हुए एक वक्तव्य के माध्यम से जानकारी दी कि इस परियोजना में 13 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र का विकास किया जा सकता है। मुख्य रूप से आवासीय प्लॉट के विकास को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना की अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 500 करोड़ रुपये है। कंपनी के एक अेधिकारी ने बताया कि यह भूमि हमारी उपस्थिति को गहरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य एक उत्कृष्ट प्लॉट विकास परियोजना के निर्माण में समर्पित है। यह अधिग्रहण कंपनी के विकास के कल्पना को मजबूती देगा और क्षेत्र में उनकी उपस्थिति को मजबूत करेगा।

पब्लिक एशिया
Web:- www.publicasia.in

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य चीन में स्कूल गेट पर वाहन की चपेट में आने से कई बच्चे घायल



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के मध्य क्षेत्र स्थित हुनान प्रांत के एक प्राथमिक विद्यालय के गेट पर मंगलवार सुबह वाहन की चपेट में आ जाने से कई बच्चे घायल हो गए। मीडिया में इस बारे में खबरें प्रसारित हुईं। खबरों के मुताबिक, हुनान के चांगडे स्थित योंगान प्राथमिक विद्यालय में सुबह आठ बजे कक्षा के लिए जब बच्चे आ रहे थे तभी यह घटना हुई। इस बारे में तत्काल कोई विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है और यह भी साफ नहीं है कि क्या वाहन के नियंत्रण खो देने से यह हादसा हुआ या यह जानबूझकर किया गया एक हमला था। यह घटना ऐसे वक्त हुई है जब कुछ दिन पहले चीन के झुहाई क्षेत्र स्थित 'स्पोर्ट्स फैसिलिटी में एक व्यक्ति ने अपनी कार से वहां मौजूद लोगों को रौंद डाला था। इस घटना में 35 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 43 व्यक्ति घायल हो गए थे।

### पाकिस्तान की टिकटॉक स्टार इम्शा रहमान के बाद मथिरा का प्राइवेट वीडियो हुआ लीक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की एक और सेलेब्रिटी मथिरा मोहम्मद का निजी वीडियो लीक हो गया है। हालांकि, उन्होंने इन फोटो वीडियो को फर्जी बताया है। साथ ही कहा है कि उनके नाम और तस्वीरों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। खास बात है कि यह घटना ऐसे समय पर हुई है, जब टिक टॉक स्टार इम्शा रहमान समेत कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के वीडियो वायरल होने की खबरें सामने आई थीं। मथिरा ने एक्स पर लिखा, लोग मेरे नाम और फोटोशूट के दौरान ली गई तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और फर्जी चीजें जोड़ रहे हैं। शर्म आनी चाहिए। इन बकवास बातों में मुझे शामिल न करें। मथिरा पाकिस्तान में काफी पॉपुलर हैं और सेलेब्रिटी टीवी होस्ट हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें फॉलो करने वालों की संख्या 25 लाख से ज्यादा है। वहीं, एक्स पर उन्हें 60 हजार से ज्यादा यूजर फॉलो करते हैं। इन सेलेब्स के वीडियो भी हुए वायरल मथिरा से पहले कथित तौर पर इम्शा रहमान के वीडियो भी वायरल होने की खबरें सामने आई थीं, जिनमें वह आपत्तिजनक स्थिति में हैं। इसके चलते उन्हें सोशल मीडिया यूजर्स की काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। आरोप लगाए जा रहे थे कि उन्होंने ये वीडियो जानबूझकर वायरल कराए हैं। खबर है कि अब उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट्स को डिएक्टिवेट कर दिया है। रहमान से पहले सोशल मीडिया स्टार मिनाहिल मलिक को लेकर भी इसी तरह के दावे किए जा रहे थे। कथित तौर पर उनके निजी वीडियो वायरल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने भी इनके चलते सोशल मीडिया से दूरी बना ली थी। बाद में उन्होंने इन वीडियोज के फर्जी होने का दावा किया था और शिकायत दर्ज कराई थी।



### ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई कोमा में ! कार्यालय ने तस्वीर जारी कर दी सफाई



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें तेज हो गई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि 85 वर्षीय खामेनेई कोमा में हैं और उन्होंने गुप्त बैठक में अपने बेटे मोजतबा खामेनेई को उत्तराधिकारी नामित किया है। हालांकि, रविवार को खामेनेई के आधिकारिक कार्यालय ने इन अटकलों को खारिज करते हुए उनकी एक तस्वीर साझा की। इसमें खामेनेई को लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी के साथ बातचीत करते हुए देखा गया। खामेनेई के एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट पर यह तस्वीर पोस्ट की गई, जिसमें लिखा गया, इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्लाह खामेनेई ने लेबनान में ईरान के अनुभवी राजदूत मोजतबा अमानी से आज दोपहर अपने दैनिक बैठकों के दौरान मुलाकात की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खामेनेई अक्टूबर में गंभीर रूप से बीमार थे, और उनके उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई थीं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह दावा किया था। वहीं, खामेनेई ने अक्टूबर 5 को पांच साल बाद पहली बार एक सार्वजनिक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने फिलिस्तीन और लेबनान के हमास और हिज़्बुल्लाह के समर्थन में बयान दिया था। मो जतबा अमानी, जिनसे खामेनेई ने मुलाकात की, सितंबर में लेबनान में एक विस्फोट में घायल हो गए थे। यह विस्फोट हिज़्बुल्लाह के उपकरणों में हुआ था, जिसमें 39 लोगों की मौत और लगभग 3,000 लोग घायल हुए थे। अमानी ने अपनी सेहत से जुड़ी रिपोर्ट खामेनेई को सौंपी।

# हरिनी अमरसूर्या श्रीलंका की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनीं



**कोलंबो, एजेंसी।** हरिनी अमरसूर्या श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री बनाई गई हैं। इस पद पर पहुंचने वाली वह श्रीलंका की तीसरी महिला नेता हैं। वे 2 महीने पहले श्रीलंका में बनी अंतरिम सरकार में भी प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। प्रधानमंत्री बनाई गई हरिनी अमरसूर्या की पढ़ाई 1991 से 1994 तक दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से हुई है। उन्होंने 5 साल पहले ही राजनीति में एंट्री ली थी। श्रीलंका में 14 नवंबर को संसदीय चुनाव हुए थे। इसमें राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन एनपीपी को जीत मिली थी। सोमवार को सरकार की नई कैबिनेट का गठन किया गया।

राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कैबिनेट के सदस्यों को राष्ट्रपति सचिवालय में शपथ दिलाई। इस कैबिनेट में राष्ट्रपति समेत 22 सदस्य हैं। कैबिनेट में 2 महिलाओं और 2 तमिल सांसद भी शामिल किए गए हैं। डिप्टी मिनिस्टर के नाम बाद में घोषित किए जाएंगे। श्रीलंका के संविधान के अनुसार कैबिनेट मंत्रियों की संख्या 30 और उप मंत्रियों की संख्या 40 से ज्यादा नहीं हो सकती। दिसानायके ने सरकार की लागत को कम करने के लिए कैबिनेट को छोटा रखा है।

**तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनीं हरिनी अमरसूर्या :** अमरसूर्या श्रीलंका में प्रधानमंत्री पद पर काबिज होने वाली तीसरी महिला हैं। उनसे पहले सिरिमाओ भंडारनायके (3 बार) और चंद्रिका कुमारतुंगा (1 बार) देश की महिला प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। हरिनी अमरसूर्या 2020 में पहली बार सांसद बनी थीं। राजनीति में कदम रखने से पहले अमरसूर्या श्रीलंका ओपन यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर थीं।

अमरसूर्या का जन्म एक मिडिल क्लास फैमिली में हुआ था। उनके पिता एक चाय बागान के मालिक थे। साल 1972 में श्रीलंका में भूमि सुधार कानून लागू हुआ। इसमें अमरसूर्या के पिता का चाय बागान सरकार ने ले लिया। इसके बाद वे गाले से कोलंबो आकर बस गए।

4 साल तक भारत में पढ़ाई की, इम्तियाज अली और अर्नब गोस्वामी बैचमेट थे साल 1988-89 में श्रीलंका में तमिल आंदोलन को लेकर हालात हिंसक हो गए। इस दौरान स्कूल, कॉलेज बंद हो गए। ऐसे में हरिनी अमरसूर्या आगे की पढ़ाई के लिए भारत आ गईं। यहां उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में दाखिला लिया। 1991 से 1994 तक उन्होंने सोशियोलॉजी की पढ़ाई की। इस दौरान चर्चित फिल्ममेकर इम्तियाज अली और पत्रकार अर्नब गोस्वामी उनके बैचमेट थे।

भारत से लौटने के बाद अमरसूर्या स्वास्थ्य से जुड़े एनजीओ से जुड़ गईं, वहां वह सुनामी से प्रभावित हुए बच्चों की मदद करती थीं। इसके कुछ सालों बाद वह पीएचडी की पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया चली गईं। वहां से लौटने के बाद 2011 में एक कॉलेज में प्रोफेसर बनीं। अमरसूर्या ने साल 2015 में सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। इसी दौरान उनका दिसानायके से संपर्क हुआ। वह साल 2019 में उनकी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना से जुड़ गईं। साल 2020 में वह संसदीय चुनाव जीतकर पहली बार सांसद बनीं। 21 कैबिनेट मंत्रियों ने ली शपथ, राष्ट्रपति दिसानायके बोले- हमारा आकलन, सरकार के कामकाज से होगा

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के समक्ष सोमवार सुबह कोलंबो स्थित राष्ट्रपति सचिवालय में 21 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। कार्यक्रम में घोषणा की गई कि उपमंत्रियों को बाद में शपथ दिलाई जाएगी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 21 सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद दिसानायके ने जिस कैबिनेट के साथ शासन की बागडोर संभाली उसमें हरिनी अमरसूर्या और विजिता हेराथ शामिल थे। नए कैबिनेट मंत्रियों का चयन 14 नंवबर को हुए संसदीय चुनाव में विजयी रहे नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के 159 सांसदों में से किया गया। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली लागू होने के बाद यह पहली बार है जब किसी राजनीतिक दल ने संसद में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया।

नए मंत्रिमंडल को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा कि लोगों ने श्रीलंका की राजनीतिक और आर्थिक दिशा बदलने के लिए सितंबर और नवंबर में दो बार एनपीपी को वोट दिया। दिसानायके ने कहा कि लोगों ने एनपीपी पर उनकी नीतियों और पार्टी सदस्यों की ईमानदारी के आधार पर भरोसा जताया है और अब से लोग एनपीपी का मूल्यांकन सरकार के रूप में उनके प्रदर्शन के आधार पर करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि श्रीलंका के लोगों ने जातीय और धार्मिक विभाजनों से ऊपर उठकर उन्हें वोट दिया है और वे लोगों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## एलओसी पर सहमति के बाद पहली बार चीनी विदेश मंत्री से मिले जयशंकर



**रियो डी जेनेरियो , एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी ने सोमवार रात रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की है। हाल ही में लद्दाख में सीमा को लेकर बनी सहमति के बाद यह दोनों की पहली मुलाकात थी। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने सीमा पर हुई प्रगति को स्वीकार किया और भारत और चीन के लिए भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा, रियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पोलित ब्यूरो के सदस्य और चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। हमने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में हुई वापसी में हुई प्रगति पर चर्चा की और हमारे द्विपक्षीय संबंधों में अगले कदमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वैश्विक स्थिति पर भी चर्चा की। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वांग ने दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास को बढ़ावा देने की जरूरत पर बातचीत की। वांग यी ने भारत से सीधी फ्लाइट्स फिर से शुरू करने, पत्रकारों का आदान-प्रदान करने और वीजा की सुविधा देने पर सहयोग बढ़ाने का भी आग्रह किया है। इससे पहले चीन ने पिछले महीने विवादित सीमावर्ती इलाकों में सैन्य गतिरोध को समाप्त करने के लिए समझौते को लागू करने की पुष्टि की थी। इस दौरान जयशंकर ने स्पष्ट किया है की कि कजान में नेताओं द्वारा किए गए समझौतों को योजना के अनुसार लागू किया जा रहा है। जयशंकर ने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि जमीनी स्तर पर उस योजना का कार्यान्वयन योजना के अनुसार हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने-अपने विदेश मंत्रियों और विशेष प्रतिनिधियों को जल्द ही एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया है।

## डाकुओं के ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक, कई अपराधियों की मौत- नाइजीरियाई वायु सेना

**अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य जामफारा में एयर स्ट्राइक में कई डाकू मारे गए हैं। नाइजीरियाई वायु सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नाइजीरियाई वायु सेना के प्रवक्ता ओलुसोले अकिनबोयेवा ने कहा कि हवाई हमले शुक्रवार को जम्फारा के त्सेफ स्थानीय सरकारी क्षेत्र के बब्बन काउये गांव में किए गए, जहां संदिग्ध डाकू मौजूद थे। प्रवक्ता ने कहा कि सेना के हवाई हमलों का उद्देश्य नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में डाकुओं के खतरों को खत्म करना था। उन्होंने कहा, खुफिया सूत्रों से पता चला है कि अपराधियों ने सैन्य कर्मियों या नागरिकों पर हमला करने की योजना बनाई है।

वायु सेना प्रवक्ता ने कहा, इस ऑपरेशन से डाकुओं की ताकत को गंभीर झटका लगा है। चाड के राष्ट्रपति महामत इद्रिस देबी इत्नो और नाइजीरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नुहू रिबादू की एक अहम बैठक रविवार को हुई। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाने और आतंकवाद से निपटने पर चर्चा हुई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, दो सप्ताह पहले महामत देबी ने मल्टीनेशनल ज्वाइंट टास्क फोर्स से चाड के हटने की धमकी दी थी।

# खालिस्तानियों को खत्म करने के लिए भारत के साथ आया न्यूजीलैंड

**वेलिंगटन, एजेंसी।** झूठ के पांव नहीं होते हैं और जब सच सामने आता है तो झूठ का सिर झुक जाता है। अब जो खबर आई है वो इसी कहावत को सच साबित कर रही है। हाल ही में न्यूजीलैंड में हुए खालिस्तान के तथाकथित जनमत संग्रह पर न्यूजीलैंड की सरकार की प्रतिक्रिया ने ये साबित कर दिया कि झूठ और नफरत फैलाने वालों की सच्चाई ज्यादा दिन तक छुप नहीं सकती। न्यूजीलैड की सरकार ने खालिस्तानी समर्थन संगठन सिख फॉर जस्टिस यानी एसएफजे के एजेंडे को सिरे से खारिज करते हुए भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को सम्मान देने की बात कही। खालिस्तानी संगठन एसएफजे जिसे भारत में अनलॉफुल एक्टिविटी एक्ट यूएपीए के तहत प्रतिबंधित किया गया है। दुनिया के अलग अलग देशों में ऐसे जनमत संग्रह आयोजित करा रहा है। इससे पहले कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देशों में भी इस संगठन ने इसी तरह के शो आयोजित किए जो कि भारत विरोधी एजेंडे का हिस्सा हैं। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एसएफजे ने अपने समर्थन में इस तथाकथित जनमत संग्रह का आयोजन किया। हालांकि न्यूजीलैंड की सरकार ने तुरंत स्पष्ट कर दिया कि ऐसे आयोजन उनकी नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विरूद्ध हैं।

न्यूजीलैंड की सरकार ने कहा कि हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। हम मानवाधिकार का समर्थक भी हैं। लेकिन वहीं वैद्य और शांतिपूर्ण होने चाहिए। ये प्रतिक्रिया स्पष्ट रूप से दिखाती है कि खालिस्तानी एजेंडा न केवल गैर कानूनी है बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी कोई समर्थन नहीं मिल रहा है। खालिस्तान के इस कथाकथित जनमत संग्रह को कवर करने में पाकिस्तानी मीडिया ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। पाकिस्तानी चैनलों ने इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश करने की कोशिश की। लेकिन सच्चाई ये है कि ये केवल भारत विरोधी दुस्प्रचार का हिस्सा है। पाकिस्तान जो खुद बलूचिस्तान और अन्य प्रांतों में मानवाधिकारों का हनन कर रहा, वो ऐसे झूठे अभियानों के जरिए ध्यान भटकाना चाह रहा है। भारत और न्यूजीलैंड के संबंध हमेशा से सकारात्मक और मजबूत रहे हैं। हाल ही में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री पीटर्स के बीच कई बैठके हुई। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह तथाकथित जनमत संग्रह से अवगत है और जबकि देश घर और दुनिया भर में मानवाधिकारों का एक मजबूत समर्थक है, बशर्ते ऐसी पहल वैध और शांतिपूर्ण हो। एसएफजे कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और यूके जैसे अन्य देशों में इसी तरह के जनमत संग्रह कराता रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स की इस साल कई बार मुलाकात हुई, जिसमें इस महीने की शुरुआत भी शामिल है। बातचीत के प्रमुख क्षेत्र शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कृषि, गतिशीलता और भारत-प्रशांत की स्थिति पर रहे हैं।



# पंजाबी सिंगर गैरी संधू पर ऑस्ट्रेलिया में हमला शो के दौरान हमलावर स्टेज पर चढ़ा, गला पकड़ा

**न्यू साउथ वेल्स , एजेंसी।** पंजाब के जालंधर से संबंध रखने वाले पंजाबी सिंगर गैरी संधू पर ऑस्ट्रेलिया में एक शो के दौरान विवाद के बाद हमला किया गया। संधू के शो में आए एक फैन ने उन्हें मारने की कोशिश की। आरोपी ने स्टेज पर चढ़कर संधू का गला पकड़ लिया था। हालांकि, मौके पर मौजूद संधू के सिक्योरिटी गार्ड और पुलिस ने किसी तरह उक्त युवक को पकड़ स्टेज से नीचे उतारा। बाद में उसकी धुनाई की और पुलिस उसे गिरफ्तार कर ले गई। बता दें कि गैरी संधू इन दिनों ऑस्ट्रेलिया टूर पर हैं।

**उंगली उठाकर इशारा करने पर भड़का था हमलावर :** बीते रविवार को ऑस्ट्रेलिया में गैरी संधू लाइव शो कर रहे थे। यहां बड़ी संख्या में लोग जमा थे। गैरी संधू ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में शो कर रहे थे, जहां उनकी आवाज से लोगों में उत्साह था। इसी दौरान एक गाने की प्रस्तुति देते हुए गैरी ने भीड़ की ओर हाथ की बीच की उंगली उठाकर इशारा किया। (यह इशारा सामाजिक रूप से अभद्र माना जाता है) इसके बाद भीड़ से एक युवक निकलकर स्टेज पर चढ़ गया और गैरी की ओर लपका। उसने आकर गैरी की गर्दन पकड़ ली। इसके तुरंत बाद ही गैरी की टीम के लोग और सुरक्षा में तैनात न्यू साउथ वेल्स के पुलिसकर्मी गैरी के पास पहुंच गए।

**सुरक्षाकर्मियों ने गैरी को हमलावर से बचाया :** उन्होंने गैरी को हमलावर के चंगुल से काफी मशक्कत कर छुड़ाया। इस दौरान हमलावर और गैरी संधू के बीच काफी बहस और गाली-गलौज भी हुई। हमलावर काफी आक्रामक हो रहा था, इसलिए पुलिस ने उसे उठाकर धरती पर गिरा लिया और उसकी धुनाई की गई। हालांकि, इस हमले को लेकर अब तक गैरी ने या उनकी टीम ने कोई बयान साझा नहीं किया है। जबकि, सोशल मीडिया पर इस हमले का वीडियो जारी कर कई लोग गैरी को ट्रोल करने में लगे हुए हैं।

**जालंधर के रूड़का कलां गांव के रहने वाले हैं संधू :** बता दें कि पंजाबी गायक गैरी संधू कई सुपर हिट गाने कर चुके हैं। वह मूल रूप से जालंधर के गांव रूड़का कलां के रहने वाले हैं। वह फिलहाल यूनाइडेट किंगडम में ही रहते हैं।



# ब्राजील: प्रधानमंत्री मोदी ने मेलोनी से की द्विपक्षीय वार्ता, रक्षा, व्यापार रहा अहम मुद्दा

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक की. इस दौरान दोनों नेताओं ने अहम मुद्दों पर बातचीत की. वार्ता का केंद्र रक्षा क्षेत्र, सुरक्षा, व्यापार को बढ़ावा और प्रौद्योगिकी के विकास पर रहा. पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इटली के बीच मित्रता एक बेहतर भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है. प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रियो डी जेनेरियो जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मिलकर खुशी हुई. मुलाकात के दौरान रक्षा क्षेत्र, व्यापारिक विकास और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा हुई. हमने संस्कृति, शिक्षा और ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की. भारत-इटली की दोस्ती एक बेहतर विश्व के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान दे सकती है. पीएम मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान विभिन्न देशों के प्रधानमंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक की. कुछ नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन के इतर भी बैठक हुई. पीएम मोदी ने प्रमुख रूप से नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर , फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज, इंडोनेशिया, पुर्तगाल के नेताओं से भेट की. अपनी चर्चाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने वाणिज्य और रक्षा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर साझा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो को भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने का आश्वासन दिया.

जायसवाल ने एक्स पर लिखा,भारत-इंडोनेशिया- गर्मजोशी और मैत्रीपूर्ण संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 ब्राजील शिखर सम्मेलन के दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से मुलाकात की. प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति प्रबोवो को बधाई दी और उन्हें भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मौजूदा क्षेत्रों में और नए क्षेत्रों की खोज के माध्यम से विस्तारित करने का आश्वासन दिया. इसके अतिरिक्त पीएम मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज से मुलाकात की. बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा पर हैं. यात्रा के पहले चरण में नाइजीरिया पहुंचे, इसके बाद उनका पड़ाव ब्राजील था. यहां वह जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए. यहां से गुयाना के लिए निकलने का कार्यक्रम है।

# चीन: निजी स्कूल की कैंटीन में परोसा जा रहा सड़ा हुआ बदबूदार मांस

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के दक्षिणी शहर कुनमिंग के एक निजी स्कूल में अक्टूबर 2024 की शुरुआत में खाद्य सुरक्षा को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया। युन्नान प्रांत के चांगफेंग मिडिल स्कूल में कई छात्रों को पेट दर्द और पाचन संबंधी समस्याएं होने लगीं। पहले इसे सामान्य मौसमी बीमारी समझा गया, लेकिन जल्द ही पता चला कि समस्या स्कूल की कैंटीन में परोसे जा रहे खाने से जुड़ी है। एक अभिभावक ने स्कूल की रसोई का निरीक्षण किया और वहां खराब, बदबूदार मांस पाया, जो बच्चों को परोसा जाने वाला था। इस मांस की तस्वीरें अभिभावकों के वीचैट ग्रुप में वायरल हो गईं, जिससे भारी आक्रोश फैल गया। इस घटना को सड़ा मांस कांड कहा जा रहा है और यह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया। जब अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन से इस मुद्दे पर सवाल किए, तो उन्हें अनदेखा कर दिया गया। अभिभावकों ने जबरदस्ती कैंटीन में प्रवेश किया और वहां ब्राजील से आयातित मांस का एक पैकेट देखा, जिस पर 2015 लिखा हुआ था। इसे देखकर अभिभावकों ने इसे जॉम्बी मांस कहकर संदर्भित किया। बाद में पता चला कि यह तारीख मांस की गुणवत्ता प्रमाणन से जुड़ी थी, न कि उसके उत्पादन या समाप्ति की। स्कूल प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी लेने की बजाय एक रसोई कर्मचारी को दोषी ठहराया और उसे सार्वजनिक माफी मांगने पर मजबूर किया। स्कूल के वाइस प्रिंसिपल ने अभिभावकों के सामने हल्की मुस्कान के साथ खड़े रहकर मामले को टालने की कोशिश की, जबकि स्कूल का चेयरमैन बीच बैठक से चला गया। स्थानीय प्रशासन ने 16 अक्टूबर को जांच शुरू की। रिपोर्ट में सामने आया कि मांस खराब होने का कारण उसकी गलत हैंडलिंग थी। इसे घंटों तक प्लास्टिक बैग में रखा गया और फिर बिना ठंडे परिवहन के सामान्य तापमान पर छोड़ दिया गया। जांच से यह भी पता चला कि स्कूल कैंटीन का संचालन करने वाली कंपनी के पास आवश्यक लाइसेंस नहीं था। यह कंपनी सालाना 400,000-500,000 युआन (55,000-70,000डालर) फीस लेती थी, जबकि स्कूल प्रति छात्र 26,000 युआन (3,600डालर) ट्यूशन और प्रति भोजन 14 युआन (2डालर) चार्ज करता था। जांच के बाद तीन स्कूल अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया और प्रिंसिपल व कानूनी प्रतिनिधि को हटा दिया गया। स्कूल पर 100,000 युआन (13,700डालर) का जुर्माना लगाया गया।





# खलनायक बन नंदमुरी बालकृष्ण से दो-दो हाथ करते दिखे बॉबी देओल-रवि किशन

अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म एनबीके 109 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर आए दिन नई जानकारियां सामने आ रही हैं। वहीं, अब आखिरकार निर्माताओं ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म का टाइटल टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही वीडियो में अभिनेता की दमदार झलक भी देखने को मिली। नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म एनबीके 109 के निर्माताओं ने आज शुक्रवार, 15 नवंबर को फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया। फिल्म के पहले लुक वीडियो में नंदमुरी बालकृष्ण को एक डाकू के अवतार में दिखाया गया है और इसलिए इसका शीर्षक डाकू महाराज रखा गया है। अगले साल संक्रांति पर बड़ी रिलीज के रूप में आने वाली यह फिल्म एक ऐसे राजा की कहानी है, जिसने बिना किसी राज्य के लड़ाई लड़ी। यह एक ऐसे व्यक्ति की भी कहानी है, जिसे मृत्यु को भी हिला देने वाले सम्राट के रूप में सम्मानित किया गया। फिल्म का निर्माण करने वाली आधिकारिक प्रोडक्शन कंपनी सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने ट्विटर पर फर्स्ट लुक वीडियो साझा किया और नंदामुरी बालकृष्ण को डाकू महाराज के रूप में पेश किया। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में रवि किशन और बॉबी देओल बतौर खलनायक नजर आएंगे, जिसकी झलक टीजर में भी देखने को मिली।

### बॉबी–रवि की खलनायकी

टीजर में निर्देशक की खुद की आवाज भी शामिल है, जिसमें मुख्य खलनायकों को एक–एक करके पेश किया गया है। रवि किशन और बॉबी देओल स्टाइलिश अंदाज में दिखाई देते हैं, इसके बाद यह खुलासा होता है कि फिल्म की कहानी इन गुंडों के बारे में नहीं है, बल्कि उन्हें नियंत्रित करने वाले के बारे में है। इसके बाद बालकृष्ण घोड़े पर सवार होकर बहादुरी के साथ प्रवेश करते हैं और खुद को डाकू महाराज के रूप में पेश करते हैं।





# ऋतिक रोशन की वॉर 2 से श्रद्धा कपूर के जुड़ने की है चर्चा

**जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन की आगामी फिल्म वॉर 2 को लेकर फैंस के बीच जबर्दस्त उत्सुकता है। फिल्म की हर छोटी-बड़ी जानकारी पर फैंस लगातार नजरे बनाए रखते हैं। इस वजह से फिल्म को लेकर कई तरह की अटकलें भी काफी ज्यादा जोर पकड़ लेती हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये अटकलें लगाई गई हैं कि इस बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर में एक खास गाना होने वाला है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर नजर आएंगी।**

### श्रद्धा कपूर के डांस नंबर की है चर्चा

इस तरह के रिपोर्ट्स से निश्चित ही फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। हालांकि, इस तरह की अटकलों पर फिल्म की टीम के तरफ से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। इसलिए फैंस को अभी और इंतजार करना पड़ेगा, निर्माताओं की आधिकारिक पुष्टि के बाद ही इस पर विश्वास किया जा सकता है। बताते चलें कि वॉर 2 की शूटिंग इस वक्त जोर–शोर से जारी है। फिल्म में जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन एक दूसरे से भिड़ते नजर आने वाले हैं।

### अयान मुखर्जी कर रहे हैं निर्देशन

जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन के पहली बार पर्दे पर एक साथ आने से फिल्म को लेकर उत्साह काफी बढ़ा हुआ है। इसके अलावा इसके पिछले भाग की सफलता ने भी इसके अगले भाग के लिए माहौल बनाया हुआ है। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं, जिन्होंने वेक अप सिड, ये जवानी है दिवानी, ब्रह्मास्त्र जैसी फिल्में बना चुके हैं। ऐसे में वॉर 2 दर्शकों से एक शानदार विजुअल और इंटेस एक्शन थ्रिलर का वादा करती है। फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा के यशराज बैनर के तले किया जा रहा है।

### यशराज के स्पाई यूनिवर्स का है हिस्सा

बताते चलें कि वॉर साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ एक दूसरे से भिड़ते हुए नजर आए थे। दोनों अभिनेताओं को एक साथ देखने के लिए फैंस सिनेमाघरों में भारी संख्या में पहुंचे थे और फिल्म सुपरहिट रही थी। बताते चलें कि ये फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली किस्त होगी। इस यूनिवर्स के तहत यशराज टाइगर सीरीज, वॉर बना चुका है तथा आलिया और शरवरी अभिनीत अल्फा की शूटिंग जारी है, जो स्पाई यूनिवर्स की ही अगली कड़ी होगी।





# बागी 4 में दिखेगा टाइगर श्रॉफ का सबसे खूंखार अवतार

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ हाल ही में रिलीज हुई सिंघम अगेन में दिखाई दिए थे। इसके पहले आई उनकी सभी फिल्में फ्लॉप रही थीं। अब वह अपनी सुपरहिट फिल्म बागी से वापसी कर रहे हैं। एक्शन फ्रैंचाइज की चौथी किस्त बागी 4 का पहला पोस्टर सोमवार 18 नवंबर सुबह मेकर्स ने जारी किया। पोस्टर में एक्टर का उनके मशहूर किरदार रॉनी का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। लोग उन्हें इस अवतार में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी की रिलीज डेट भी सामने आई गई है। आइए बताते हैं कि आप कब देख सकेंगे। बागी 4 के फर्स्ट–लुक पोस्टर में टाइगर को खून से लथपथ, एक टूटे–फूटे वॉशरूम में कमोड पर बैठे हुए दिखाया गया है। उन्होंने एक हाथ में चाकू, दूसरे हाथ में शराब की बोतल पकड़ी हुई है और सीधे कैमरे की ओर देखते हुए सिगरेट चबा रहे हैं। वहीं उनके सामने फर्श पर लोगों की बॉडी पड़ी है, जिन्हें उन्होंने मार गिराया है। जबकि पीछे की दीवारों पर खून के छींटे थे। टाइगर के ठीक ऊपर की दीवार पर 4 उकेरा गया है। पोस्टर में लिखा है- इस बार, वह पहले जैसा नहीं है। साजिद नाडियाडवाला की प्रोड्यूस्ड फिल्म बागी 4 आने वाले 5 सितंबर, 2025 को स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है। बागी 4 का डायरेक्शन ए हर्ष ने किया है, जो बजरंगी और वेदा जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।


# साउथ सिनेमा में है बहुत एकता

अभिनेता अजय देवगन और अक्षय कुमार ने बॉलीवुड सिनेमा को लेकर कुछ बातें कही हैं। एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में अक्षय कुमार और अजय देवगन ने साउथ सिनेमा और बॉलीवुड को लेकर कुछ बातें कही हैं। दोनों अभिनेताओं का मानना है कि इंडस्ट्री में एकता की कमी है। अजय देवगन ने कहा, मैं मानता हूं कि हमारे पास एकता नहीं हूं। इस बात को अक्षय कुमार ने भी माना। उन्होंने कहा, मैं इस बात की सराहना करता हूं कि किस तरह से एक साथ मिलकर काम करते हैं। दोनों इस दौरान साउथ सिनेमा के काम को लेकर बात कर रहे थे।



### बॉलीवुड सिनेमा को लेकर बोले अक्षय कुमार

जब अभिनेता से फिल्म इंडस्ट्री में एकता के बारे में पूछा जाए। हिंदी सिनेमा में दो अभिनेता और दो अभिनेत्रियों को लेकर फिल्में क्यों नहीं बनती। अक्षय कुमार ने कहा, अजय और मैंने साथ में की फिल्में की हैं। मैंने सुनील शेट्टी के साथ भी काम किया है। अब ऐसा नहीं होता, ये बहुत ही दुखद है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अजय देवगन इन दिनों सन ऑफ सरदार 2 के लिए काम करने वाले हैं। अक्षय कुमार इन दिनों स्काईफोर्स, शंकरा और जॉली एलएलबी 3 और हाउसफुल 5 में नजर आने वाले हैं।



# टॉम्ब रेडर सीरीज में लारा क्रॉफ्ट की भूमिका निभा सकती हैं सोफी टर्नर

गेम ऑफ थ्रोन्स में सैंसा स्टार्क की भूमिका के लिए मशहूर सोफी टर्नर कथित तौर पर प्राइम वीडियो के लिए आने वाली टॉम्ब रेडर सीरीज में हॉलीवुड स्टार लारा क्रॉफ्ट की प्रतिष्ठित भूमिका निभा सकती हैं। यह सीरीज लोकप्रिय टॉम्ब रेडर वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित है, जिसे पहले एंजेलीना जोली और एलिसिया विकेंडर ने निभाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोफी टर्नर उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने इस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया है। टॉम्ब रेडर सीरीज में फीबी वालर–ब्रिज लेखक और निर्माता दोनों के रूप में काम करेंगी। फीबी एक अंग्रेजी लेखिका, निर्माता और अभिनेत्री हैं, जिनके टेलीविजन और फिल्म में काम के लिए जाना जाता है। फ्लीबैग, किलिंग ईव, सोलो- ए स्टार वार्स स्टोरी और नो टाइम टू डाई जैसी फिल्में और सीरीज के लिए जानी जाती हैं। फोबे वालर–ब्रिज इंडियाना जोन्स और डायल ऑफ डेस्टिनी में भी दिखाई दी हैं और उन्होंने डैनियल क्रेग की जेम्स बॉन्ड फिल्म नो टाइम टू डाई का सह–लेखन किया है।

फीबी ने कहा, एक महिला एक्शन किरदार निभाने का अवसर... बॉन्ड पर काम करने और इंडी पर एक अभिनेता के रूप में काम करने के बाद, मुझे लगता है कि मैं इसके लिए खुद को तैयार कर रही हूं। क्या होगा अगर मैं एक एक्शन फ्रैंचाइजी की बागडोर संभाल सकूं, जो मैंने सीखा है, एक ऐसे किरदार के साथ जिसे मैं पसंद करती हूं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉम्ब रेडर सीरीज में सोफी टर्नर नजर आ सकती हैं। फिल्म का निर्माण वेल्स स्ट्रीट प्रोडक्शंस के माध्यम से फोबे वालर–ब्रिज और जेनी रॉबिन्स द्वारा किया जा रहा है। टॉम्ब रेडर वीडियो गेम के निर्माता क्रिस्टल डायनेमिक्स, अमेजन एमजीएम स्टूडियो के साथ मिलकर सीरीज के निर्माण करेंगे। कंसल्टिंग प्रोड्यूसर में उनके स्टार पार्टी बैनर से अमांडा ग्रीनब्लाट और रयान एंडोलिना शामिल हैं। यह सहयोग प्राइम वीडियो पर लारा क्रॉफ्ट के बेहतरीन काम को दर्शाएगा।

# दिव्यांका के लिए आसान नहीं था अभिनेत्री बनने का सफर

दिव्यांका त्रिपाठी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। दिव्यांका पिछले काफी दिनों से बेबी प्लानिंग को लेकर ट्रोलिंग का शिकार हो रही हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। दिव्यांका ने अपने दम पर टीवी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई है, हालांकि अभिनेत्री के इस फैसले को लेकर परिवार वाले खिलाफ थे। परिवार वालों का कहना था कि दिव्यांका अपने इस फैसले के कारण परिवार का नाक कटवाएंगी। दिव्यांका के पेरेंट्स ने इस फैसले को लेकर उनका सपोर्ट किया था।





# दिवंगत इरफान के बेटे बाबिल के साथ काम कर रहे हैं शूजित सरकार

**मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक शूजित सरकार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म आई वांट टू टॉक के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच उन्होंने अपने दिवंगत दोस्त और अभिनेता इरफान खान के साथ अपनी दोस्ती को लेकर भी बात की है।**

उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि वो इरफान के बेटे बाबिल के साथ भी एक फिल्म में काम कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने अपनी सफल और प्रशंसित फिल्म सरदार उधम सिंह को लेकर दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में पहले दिवंगत इरफान खान को मुख्य भूमिका में लेने की योजना थी।

### बाबिल के साथ भी काम कर रहे हैं शूजित

इरफ़ान के साथ अपने निजी और पेशेवर संबंधों पर विचार करते हुए, शूजित ने साझा किया, इरफान एक प्यारे दोस्त थे। मुझे लगता है कि अब एक बहुत बड़ा शून्य है। इरफान के साथ फिल्म निर्माता का स्थायी संबंध उनके बेटे, बाबिल खान के साथ भी आगे बढ़ा है। शूजित ने खुलासा किया कि बाबिल उनकी आगामी फिल्म द उमेश क्रॉनिकल्स का हिस्सा हैं, एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसमें अमिताभ बच्चन का भी कैमियो है। उन्होंने कहा, मैंने उनके बेटे को एक फिल्म के लिए कास्ट किया और यह अभी भी प्रक्रिया में है। वह हमारे साथ एक फिल्म कर रहे हैं।

### मेरी सभी फिल्में इरफान के इर्द–गिर्द घूमती हैं

इरफान के साथ अपने गहरे रिश्ते के लिए मशहूर निर्देशक ने माना कि अभिनेता उनके लिए एक रचनात्मक प्रेरणा रहे। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में मेरी सभी फिल्में इरफान के इर्द–गिर्द घूमती हैं। इसलिए विक्की इसके थोड़ा करीब आ पाए। उन्होंने सरदार उधम में बेहतरीन काम भी किया। हालांकि, इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि उन्हें फिल्म के लिए इरफान खान की कमी खली। दिवंगत अभिनेता की बेहतरीन अभिनय क्षमता को याद करते हुए उन्होंने फिल्म में विक्की के प्रदर्शन की सराहना की।

### अभिषेक बच्चन के अभिनय से संतुष्ट हैं निर्देशक

इस बातचीत के दौरान शूजित सरकार ने यह भी बताया कि उनकी आगामी फिल्म, आई वांट टू टॉक भी मूल रूप से इरफान को ही ध्यान में रख कर लिखी गई थी। हालांकि, अभिषेक बच्चन ने यह भूमिका निभाई और ऐसा अभिनय किया जिससे निर्देशक को बेहद संतुष्टि मिली। उन्होंने कहा, इसमें भी इरफान को ही लिया जाना था, लेकिन अभिषेक भी इसके काफी करीब पहुंच गए। उनके अभिनय से मैं बहुत संतुष्ट हूं।

सरदार उधम सिंह को बंद करना चाहते थे शूजित साइरस भरूचा के साथ बातचीत के दौरान शूजित ने इस फिल्म से जुड़ी खट्टी–मीठी यादों को साझा किया। उन्होंने कहा कि एक वक्त पर दिवंगत अभिनेता इरफान खान, सरदार उधम में मुख्य भूमिका निभाने वाले थे, लेकिन फिर वो बीमार पड़ गए। निर्देशक ने बताया कि एक समय पर, वो इसे बंद करने का फैसला ले चुके थे। हालांकि, जब वह बाद में इरफान खान से मिले, तो उन्होंने कहा कि उन्हें ये फिल्म बनानी चाहिए, यह उनके बच्चे जैसा है। इसके बाद इस फिल्म पर शूजित सरकार ने फिर से काम करना शुरू किया और फिल्म में विक्की कौशल की एंट्री हुई।



पब्लिक एशिया
Web:- www.publicasia.in

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी2024 : भारतीय महिला हॉकी टीम ने दोहराया इतिहास, चीन को 1-0 से हराकर फिर बनी एशियन चैंपियन

**राजगीर (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने इतिहास को दोहराया है। दरअसल, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर भारत ने फिर से चैंपियन बन गया है। चीन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया और गेंद को ज्यादातर समय अपने नियंत्रण में रखा और दूसरी तरफ चीन के खिलाड़ी मैच में एक भी गोल करने में नाकामयाब रहे। भारत ने तीसरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है और साउथ कोरिया की बराबरी कर ली है। बता दें कि, साउथ कोरिया ने भी 3 बार ACT चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल तीन बार जीता था।

हरेंद्र सिंह के हेड कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम ने अपना पहला खिताब जीता। वहीं भारत की तरफ से एकमात्र गोल दीपिका ने किया है। सलीमा टेटे के अगुवाई मं भारतीय महिला टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में दबदबा कायम रखा और पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं हारा। सेमीफाइनल में भारत ने जापान को 2-0 से मात दी थी। ये तीसरी बार है जब भारत एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम करने में कामयाब हुआ है। इससे पहले भारत ने 2016, 2023 में ये खिताब अपने नाम किया था।

वहीं मुकाबले की बात करें तो, पहला हाफ में दोनों टीमों की तरफ से कोई गोल नहीं हुआ। हां लेकिन दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में भारत को मिले पेनाल्टी कॉर्नर पर दीपिका ने गोल करके खचाखच भरे बिहार खेल यूनिवर्सिटी स्टेडियम में मौजूद दर्शखों में उत्साह का संचार कर दिया। दूसरे हाफ में पहले ही मिनट में लालरेम्सियामी ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। इस पर पहला शॉट चूक गया लेकिन गेंद सर्कल के भीतर ही थी और नवनीत की स्टिक से डिफ्लैक्ट होकर दीपिका के पास पहुंची जिसने शानदार फ्लिक से उसे गोल के भीतर डाला। भारत के पास तीसरे क्वार्टर में ही बढ़त दोगुनी करने का सुनहरा मौका था लेकिन 42वें मिनट में मिले पेनाल्टी स्ट्रोक पर दीपिका का शॉट चीन की गोलकीपर ने दाहिनी ओर डाइव लगाकर बचा लिया।



# विराट की पोस्ट से परेशान हुए प्रशंसक



**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की एक पोस्ट से उनके प्रशंसक चिंता में पड़ गये हैं। इसका कारण ये है कि पिछले कुछ समय में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं अब विराट ने अपने कपड़ों के ब्रांड रॉगन की 10वीं वर्षगांठ पर सभी को हैरान करते हुए लिखा, पीछे मुड़कर देखें तो हम हमेशा थोड़े अलग रहे हैं। हम कभी भी किसी भी बॉक्स में फिट नहीं हुए। दो बेमेल, जो बस एक-दूसरे से जुड़ गए। हम पिछले कुछ सालों में बदल गए हैं पर हमेशा अपने तरीके से काम किया है। कुछ लोग हमें पागल कहते थे; दूसरे इसे समझ नहीं पाए। उन्होंने आगे लिखा, लेकिन ईमानदारी से? हमें परवाह नहीं थी। हम यह पता लगाने में व्यस्त थे कि हम कौन हैं। 10 साल के उतार-चढ़ाव और यहां तक कि महामारी भी हमें हिला नहीं सकी। अगर कुछ भी हो, तो इसने हमें याद दिलाया अलग होना हमारी ताकत है।।

वहीं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से पहले पूर्व रिकी पोंटिंग ने कोहली की प्रशंसा की, उन्हें खेल का एक पूर्ण सुपरस्टार बताया, जो अपने खेलने के तरीके के प्रति बेहद भावुक हैं जिसके कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया में बहुत सम्मान मिला है। उन्होंने कहा, कोहली एक स्टार हैं। वह एक सुपरस्टार हैं, इतने लंबे समय से खेल के सुपरस्टार हैं। वह जिस तरह से खेलते हैं, उसके प्रति भावुक हैं। वह अपनी टीम के प्रति भावुक हैं। वह जीतना चाहते हैं और वह अपने दिल की बात कहते हैं। यही वह चीज है जो सुपरस्टार खिलाड़ी दुनिया भर में पैदा करते हैं और बनाते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया से कमजोर नजर आ रहा भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण

## –कमिंस से भी कम हैं भारतीय गेंदबाजों के कुल विकेट

**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय टीम के इस बार ऑस्ट्रेलिया दौरे में गेंदबाजी आक्रामण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा बाकि गेंदबाज नये हैं और टीम में अनुभव की कमी है। ऐसे हालातों में वे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के सामने वे कहीं नहीं टिकते। भारतीय दल में शामिल सभी छह तेज गेंदबाजों के टेस्ट विकेट मिलाकर भी पैट कमिंस से कम हैं। कमिंस के विकेट 269 हैं जबकि भारतीय गेंदबाजों के कुल विकेट भी 265 है। इससे दोनो के बीच का अंतर पता चलता है। अपनी धरती पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के गेंदबाज उछाल भरी पिचों पर और भी घातक हो जाते हैं। की वहीं पिच जब ऑप्टस स्टेडियम की हो तो यह तय है कि ये उसकी तेजी के कारण हावी रहेंगे हालांकि हालात भारतीय तेज गेंदबाजों के लिए भी वही होंगे पर अनुभवी की कमी उनके आड़े आ जाएगी। इसके अलावा हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भातरीय गेंदबाज असफल रहे थे और उन्हें इससे भी उबरना होगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के पहले टेस्ट से बाहर होने के कारण बुमराह को गेंदबाजी के साथ ही कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालनी होगी। उन्हें खुद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के साथ ही अन्य गेंदबाजों से भी अनका सबसे अच्छा प्रदर्शन निकलवाना होगा। तेज गति और उछाल वाली पिच पर गेंदबाजों के लिए सही लेंथ का चुनाव सबसे अहम होता है। बुमराह के अलावा मोहम्मद सिराज ही केवल ऑस्ट्रेलिया की हालातों को कुछ जानते हैं। बुमराह कमान संभालेंगे तो सिराज को दूसरे छोर से अपना बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। सिराज का हालिया प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में अन्य गेंदबाजों का भी अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करना होगा। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने हालांकि गेंदबाजी को ठीक बताया है। उन्होंने कहा, गेंदबाजों ने अभ्यास में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने हालातों को बहुत अच्छी तरह से समझा। मुझे लगता है कि हम 22 तारीख के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रहे है।मोर्कल ने पिछले कुछ समय से खराब लय में चल रहे सिराज का बचाव करते हुए कहा, वह शानदार गेंदबाज और मजबूत मानसिकता वाला इंसान हैं। गेंदबाजी में उनका रवैया आक्रामक रहता है और वह भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में शीर्ष पर हैं। मैं इस दौरे पर उनके प्रदर्शन को देखने का इंतजार कर रहा हूं। सिराज ने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे पर तीन मैचों में 29.53 औसत से 13 विकेट लिए थे।

# हार्दिक टी20 अंतरराष्ट्रीय सूची में फिर शीर्ष पर, तिलक वर्मा ने लगाई 69 स्थान की लंबी छलांग

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या बुधवार को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए जबकि उभरते हुए स्टार खिलाड़ी और टीम के उनके साथी तिलक वर्मा भी 69 स्थान की लंबी छलांग के साथ बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं।

हार्दिक ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टी20 श्रृंखला के दौरान गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पीछे छोड़ा। हार्दिक ने चार मैच की श्रृंखला के दूसरे मैच में नाबाद 39 रन की पारी खेली जबकि चौथे और अंतिम मुकाबले में आठ रन देकर एक विकेट चटकाया जिससे भारत को 3-1 से श्रृंखला जीतने में मदद मिली।



हार्दिक दूसरी बार टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में नंबर एक बने हैं। वह इस साल आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के बाद पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे। पांड्या आईसीसी रैंकिंग में छलांग लगाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नहीं हैं। श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे वर्मा ने दो शतक की मदद से 280 रन बनाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में 69 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। वर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और इंग्लैंड के फिल सॉल्ट के बाद तीसरे स्थान पर हैं। वह भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज हैं।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान से चौथे पायदान पर हैं। भारत के संजू सैमसन भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में दो शतक की बदौलत बल्लेबाजों की रैंकिंग में 17 स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा और नाथन एलिस को टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में सबसे अधिक फायदा हुआ है। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन की बदौलत तीन स्थान आगे बढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ नौवें स्थान पर हैं।

# बुमराह का सामना करना बेहद कठिन : हेड

पर्थ । ऑस्ट्रेलियई क्रिकेटरों का मानना है कि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बॉडर–गावस्कर सीरीज में अहम भूमिका निभा सकतो है। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी उनको लेकर कितने परेशान है उसका अंदाजा हेड के सोशल मीडिया में आये इस बयान से लगाया जा सकता है जिसमें उन्होंने कहा कि बुमराह का सामना करना बेहद कठिन रहेगा। वहीं पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा कि वह कब आकर अपनी गेंदबाजी से मैच बदल दें कहा नहीं जा सकता। बुमराह शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भारत की कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा इस मैच से बाहर हैं। आस्ट्रेलिया के कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि जीत के लिए बुमराह को रोकना जरुरी होगा। बुमराह को लेकर ये डर वेवजह नहीं है। बुमराह ने पिछले दो टेस्ट दौरों पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ 32 विकेट लिए थे। हेड ने कहा, 'उसका सामना करना बेहद कठिन है। आपको लगता है कि आप एक कदम आगे हैं लेकिन हमेशा वह आपसे एक कदम आगे निकलता है। खेल के किसी भी प्रारूप में वह सबसे अलग है। वह एक्स फैक्टर है और हर मैच में छाप छोड़ने वालों में से है। बड़े मैचों में आपको बड़े खिलाड़ी चाहिये और वह सबसे बड़ा है। वह बल्लेबाजों की परेशानी का कारण बनने वाला है। बुमराह का गेंदबाजी एक्शन भी पारंपरिक नहीं है जिससे भी उन्हें समझना कठिन होता हे। वहीं सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा, 'जब मैने पहली बार बुमराह का सामना किया तो मुझे लगा कि अरे यह अचानक कहां से आ गया।

# कोएत्जी, एडवड्र्स और सुफियान को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर लगी फटकार

दुबई - नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवड्र्स, ओमान के गेंदबाज सुफियान महमूद और दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को सप्ताहांत में अपने मैचों में आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। एडवड्र्स को खिलाड़ियों और सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के दो अनुच्छेदों का उल्लंघन करते पाया गया। अनुच्छेद 2.8 जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने' से संबंधित है और अनुच्छेद 2.2 जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग' ' से संबंधित है। ओमान और नीदरलैंड के बीच तीसरे टी–20 के दौरान उनके आउट होने के बाद दोनों उल्लंघन हुए। पहली घटना उस समय हुई जब एडवड्र्स ने पगबाधा आउट दिए जाने पर अंपायर को अपना बल्ला दिखाया। वहीं दूसरी घटना में उन्होंने अपनी टीम के ड्रेसिंग रूम की ओर लौटते समय अपना बल्ला और दस्ताने मैदान पर फेंक दिए। प्रतिबंधों के अनुसार उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और दो डिमेरिट अंक प्राप्त किए गए हैं। उसी मैच में महमूद पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया, क्योंकि उन्हें खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया। यह घटना उस समय हुई जब गेंदबाज (महमूद) ने बल्लेबाज तेजा निदामनुरु को आउट किया और उन्हें वापस उनकी टीम के ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा करके विदा किया। एडवड्र्स और महमूद दोनों ने अपने–अपने अपराध स्वीकार किए और आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के नियामुर राशिद राहुल द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार किया और इस तरह औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं रही। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच चौथे टी–20 में गेराल्ड कोएत्जी को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। कोएत्जी को इसके लिए फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया।



# कैरी ने इन बदलावों से हासिल किया फार्म

पर्थ । ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरु होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले शानदार लय में आ गये हैं। कैरी ने हाल ही में घरेलू टूर्नामेंट शेफील्ड शील्ड में काफी रन बनाये हैं। कैरी के अनुसार अपनी बल्लेबाजी में किए गए सामान्य तकनीकी बदलाव से ही वह अच्छा फार्म हासिल कर पाये हैं। कैरी ने शेफील्ड शील्ड सत्र में 90.4 की औसत से 452 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। सत्र की शुरुआत में कैरी की बल्लेबाजी में बदलाव इन कारणों से आये हैं। पहला कारण यह है कि वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से लंबे समय से दूर हैं जिससे वह तरोताजा हुए है। दूसरा कारण तकनीकी बदलाव है जो उन्होंने गेंदबाज के गेंद छोड़ने पर बल्ले को थोड़ा ऊपर रखकर किया, जिससे उन्हें अपने स्ट्रोकप्ले को ताकत और सटीकता के साथ हिट करने के लिए अधिक समय मिला। कैरी ने ऑस्ट्रेलिया के पहले टीम प्रशिक्षण सत्र के बाद कहा, यह केवल मामूली है, लेकिन इस समय ऐसा लगता है कि मैं अच्छी स्थिति में हूं और गेंद पर काफी अच्छी तरह से प्रतिक्रिया कर रहा हूं। आप खेलते हैं और खेलते हैं और, आपको वास्तव में बहुत अधिक चीजों पर काम करने का मौका नहीं मिलता है। उन्होंने कहा, कुछ समय के लिए मैच नहीं होने के कारण मैंने अपने हाथों से थोड़ा सा खेल किया और कुछ ऐसा पाया जो अच्छा लगा और उसी के साथ आगे बढ़ा। मैंने अपने हाथों को थोड़ा ऊपर उठाया, बल्ले को आसमान की ओर उठाया और वहां से, बस प्रतिक्रिया करने की कोशिश की। यह तुरंत ही काफी अच्छा लगा, इसलिए मुझे बहुत अधिक खोज करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। अब उनका लक्ष्य टेस्ट सीरीज में अपने फार्म को बनाये रखना है।



# नडाल ने टेनिस को अलविदा कहा , डेविस कप का अपना अंतिम मैच हारे

**मलागा (एजेंसी)।** स्पेन के टेनिस स्टार रफल नडाल ने खेल से संन्यास ले लिया है। यहां हुए डेविस कप क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड्स के हाथों स्पेन की हार के साथ ही नडाल का करियर समाप्त हो गया। अपने इस अंतिम टूर्नामेंट में नडाल को बॉटिक वैन डे जैस्चुल्प ने 6-4, 6-4 से हराया। डेविस कप के साथ ही टेनिस से विदा होते हुए 38 साल के नडाल भावुक हो ये और उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि मैं खुशकिस्मत था जो अपने शौक को करियर बना सका और इतनी सफलता हासिल कर सका। 22 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि डेविस कप में वह अपना पहला मैच हार गए थे और अब अपना अंतिम मैच भी हार गये। इस तरह उन्होंने एक सर्किल को पूरा कर लिया है। नडाल का नाम विश्व के महाने टेनिस खिलाड़ियों में शामिल है । पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रहे नडाल सर्बिया के नोवाक जोकोविच के बाद दूसरे सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच के नाम 24 खिताब हैं जबकि नडाल के नाम 22 खिताब हैं। फ्रैंच ओपन के सबसे सफल खिलाड़ी होने की वजह से उन्हें लाल बजरी का बादशाह भी कहा जाता है। 22 ग्रैंड स्लैम में से 14 खिताब उन्होंने फ्रैंच ओपन के रुप में जीते हैं। इसके अलावा 4 बार स ओपन और 2-2 बार विबंलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किए। नडाल ने अपने करियर में 1080 एकल खिताब जीते हैं। इसके सात ही वह 209 हफ्तों तक लगातार वर्ल्ड नंबर 1 रहे। उनके नाम 92 एकल खिताब भी हैं।

इसके अलावा उन्होंने 2008 ओलंपिक में टेनिस के एकल में स्वर्ण पदक भी जीता था हालांकि इस बार वह फाइनल में जोकोविच से हार गये थे। उनके शानदार करियर के सम्मान में सेंटर कोर्ट पर एक समारोह का भी आयोजन किया गया था। उनके करियर की झलकियां दिखाता वीडियो जब चलाया गया तो नडाल की आंखें भर आई। समारोह के बाद नडाल ने अपने साथी खिलाड़ियों को गले लगाया और दोनों हाथों से उनका अभिवादन किया। नडाल की विदायी को लेकर स्विटरजरलैंड के रोजर फेडरर और अमेरिका की सेरेना विलियम्स सहित कई दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने भी उन्हें अपना संदेश देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



# भारतीय टीम का आना बीसीसीआई नहीं सरकार पर निर्भर : शोएब अख्तर

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने चैम्पयंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाक दौरे से इंकार करने को लेकर कहा कि ये क्रिकेट बोर्ड नहीं बल्कि सरकार पर निर्भर है। अख्तर ने कहा, यह वास्तव में सरकारों पर निर्भर है। इसका बीसीसीआई से कोई लेना–देना नहीं है। दौरे का फैसला सरकार ही कर सकती है। इस मामले में वे ही फैसला करेंगे। इसलिए हमें उम्मीद नहीं खोनी चाहिए। हमें समाधान की उम्मीद करनी चाहिए। हम सभी जानते हैं कि आईसीसी को 95–98 प्रतिशत प्रायोजन लाभ भारत से मिलता है। भारतीय टीम के नहीं आने से पाकिस्तान आईसीसी प्रायोजन करार से मिलने वाले 100 मिलियन डॉलर खो देगा जबकि मेजबान देश कमाएगा। इसलिए अच्छा ये होगा कि भारत पाकिस्तान में आकर खेले। लेकिन यह वास्तव में सरकार पर निर्भर करता है। इसका बीसीसीआइ से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा, विराट कोहली पाकिस्तान में बेहद लोकप्रिय हैं। पूरा पाकिस्तान विराट को खेलते देखना चाहता है। कल्पना कीजिए कि वह पाकिस्तान में शतक बनाता है। यह अच्छा होगा, वह यहां शतक नहीं बनाता और जल्दी आउट हो जाता है। यह उसके लिए एक पूर्ण चक्र होगा। उन्होंने आगे कहा, पाक पर यह ठप्पा लगा है कि वह विश्व कप या चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं कर सकता। अगर यह चैंपियंस ट्रॉफी सफल होती है, तो यह बड़े आयोजनों के लिए एक कदम होगा। इसलिए मुझे भारतीय टीम के आने की उम्मीद है।



# यशस्वी पर्थ में सफल रहा तो आगे परेशानी नहीं आयेगी : शास्त्री

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रहे रवि शास्त्री ने युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे में और बेहतर बल्लेबाज के तौर पर उभरेगा। शास्त्री ने कहा कि अगर यशस्वी पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट में अच्छा स्कोर करते हैं तो उन्हें अन्य मैचों में भी परेशानी नहीं आयेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया से वापसी पर वह एक बेहतर बल्लेबाज के तौर पर उभरेगा। उसकी तकनीकी और रवैया बेहद सकारात्मक रहता है। इसी कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ सफल रहा था। वह सहजता से खेलता है जिससे गेंदबाज उसपर दबाव नहीं बना पाते। वह हालात के अनुरूप ढल जाता है। पर्थ की पिच में काफी उछाल है इसलिए यहां खेलना आसान नहीं है ऐसे में यहां सफल रहना सबसे काफ अहम होगा। इसके लिए आपको इसके लिए तैयार रहना होगा। लेकिन यहां सफल रहने पर वह आगे अच्छा ही खेलेगा। उसे ऐसी पिचें पसंद भी है और खुलकर रन बना सकता है।



यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की शुरूआत में टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। शास्त्री ने कहा, 'वह काफी चुनौतियों का सामना करके आया है इसलिए रनों की भूख और जुनून उसकी आंखों में दिखता है। वह खेल में डूब जाना चाहता है। शास्त्री जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह काफी कठिन होगा। मैं तीन बार कोच के तौर पर यहां आया हूं और मुझे पता है कि आपको सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाने के लिए शुरू से ही अच्छा खेलना होगा। मेजबानों को जरा भी अवसर नहीं दिया जा सकता। यही एक तरीका है। और कोई तरीका नहीं है।

उन्होंने कहा, 'आपको शुरू ही से समझना होगा कि मीडिया ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ ही होगा पर आप अच्छा खेलते हैं तो मीडिया आपका भी साथ देगा। वहीं विराट कोहली के खराब फॉर्म को लेकर शास्त्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि टेस्ट श्रृंखला की शुरूआत से ही कोहली फिर से रन बनाएगा। उसे बनाना ही है और मैं उसे फिर से उसी तरह खेलते देखना चाहता हूं। ऑस्ट्रेलिया में उसने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है।

# आईपीएल नीलामी में ऋषभ को मिल सकती है सबसे अधिक रकम : उथप्पा

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक 25–28 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन न किए जाने के बाद ऋषभ पर सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली नीलामी में सभी टीमों की निगाहें रहेंगी। नीलामी में उनके होने से, पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमों उन पर भारी बोली लगा सकती हैं। उथप्पा ने कहा, मुझे लगता है कि ऋषभ पंत को 25–28 करोड़ के आसपास में खरीदा जाएगा। उन्हें निश्चित रूप से बड़ी रकम मिलेगी और वे इस नीलामी में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले खिलाड़ी बनेंगे। पंत को इतनी कीमत पर खरीदना देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि मुझे लगता है कि पंजाब किंग्स उन्हें खरीदना चाहेगी और आरसीबी भी उन्हें नेतृत्व की भूमिका और विकेटकीपर–बल्लेबाज के तौर पर खरीदना चाहेगी। वहीं भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की राय जाहिर की। मुझे लगता है कि ऋषभ आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। अगर पंत और पंजाब किंग्स के बीच अच्छा तालमेल है, तो वे उन्हें खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, नहीं तो आरसीबी ऋषभ के लिए सबसे संभावित जगह बन जाएगी। लेकिन मेरा मानना ??है कि अन्य टीमें भी पंत के लिए बोली लगाएंगी। इस मेगा नीलामी में भारतीय खिलाड़ी सबसे ज्यादा बिकने वाले हैं।उथप्पा को यह भी लगता है कि डीसी श्रेयस अय्यर को वापस खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेगी, जो 2015 से 2021 तक फेंचाइजी के साथ थे।



# इस मैदान पर अर्शदीप सिंह का करियर फलेगा-फूलेगा : रॉबिन उथप्पा का दावा

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा कि वह चाहेंगे कि लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेगा नीलामी के दौरान तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के लिए कड़ी मेहनत करे। बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज को जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली आईपीएल मेगा नीलामी से पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने रिलीज कर दिया था। अर्शदीप ने 60 टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और पहले ही 18.10 की औसत से 95 विकेट ले चुके हैं, जिससे वह टी20 में भारत के लिए सबसे सफल तेज गेंदबाज बन गए और 2022 में डेब्यू करने के बावजूद अब तक के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इस साल भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा और टूर्नामेंट में 8 मैचों में 12.47 की औसत से 17 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

### अर्शदीप का आईपीएल रिकॉर्ड

2019 से अपने आईपीएल डेब्यू के साल से अर्शदीप ने 65 मैचों में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उन्होंने 27.00 की औसत से 76 विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/32 का रहा है। इस साल सीजन में उनका अब तक का सबसे मजबूत प्रदर्शन रहा। उन्होंने 14 मैचों में 26.58 की औसत से 19 विकेट लिए।

### लखनऊ का मैदान बढ़िया होगा

रॉबिन ने कहा कि वह चाहेंगे कि एलएसजी ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस पर अपने 'राइट-टू-मैच' का इस्तेमाल करे और अर्शदीप के लिए जाए। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज को इकाना स्टेडियम में गेंदबाजी करना पसंद आएगा। उन्होंने कहा कि मैं आरटीएम के रूप में स्टोनिस को चुनूंगा। मैं वास्तव में अर्शदीप के लिए कड़ी मेहनत करूंगा क्योंकि यह एक ऐसा स्थान है जिसमें उसे गेंदबाजी करने में भी मजा आएगा। यह एक बड़ा स्थान है, इसलिए तेज गेंदबाज इन स्थानों को पसंद करते हैं। यह बड़ा मैदान है। पिच पर उछाल भी होती है। वह वैसे भी सामान्य परिस्थितियों में फलता-फूलता है। मुझे लगता है कि वह यहां खूब फलेगा-फूलेगा।



## अयोध्या में संत सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ







# पांच सौ साल पहले एकजुट हुए होते, तो नहीं देखना पड़ता गुलामी का मुंह : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में किया सुग्रीव किले के श्री राजगोपुरम द्वार का अनावरण

पब्लिक एशिया ब्यूरो





माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी बुधवार को अयोध्या में प्राचीन ऐतिहासिक दिव्यदेश श्री सुग्रीव किला में स्थापित श्री राजगोपुरम का अनावरण करते हुए।

**अयोध्या »** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में सुग्रीव किले के भव्य श्री राजगोपुरम द्वार का अनावरण किया। इस अवसर पर देशभर से आए साधु-संतों को संबोधित करते हुए उन्होंने अयोध्या की पौराणिक और ऐतिहासिक महत्ता की चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में भव्य श्रीराममंदिर के निर्माण और सनातन धर्म की एकता पर बल देते हुए कहा कि जो काम 500 साल से रुका हुआ था, जिसके लिए न जाने कितनी पीढ़ियां बलिदान हो गईं, वो केवल सनातनियों के एकजुट होने मात्र पर मोदी जी के नेतृत्व में दो वर्ष में ही पूरा हो गया। अगर 500 साल पहले हमने एकता दिखाई होती, तो गुलामी का सामना नहीं करना पड़ता।

**...तो दुनिया की कोई ताकत हमें कमजोर नहीं कर सकती :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी स्मृतियां हमें समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती हैं। जब भी हम एकता का परिचय देंगे, तो दुनिया की कोई ताकत हमें कमजोर नहीं कर सकेगी। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण को पीढ़ियों के संघर्ष का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि 500 साल का लंबा इंतजार समाप्त हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान करने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों की एकता को इस सफलता का आधार बताया।

**सीएम ने की समाज को बिखराव से बचने की अपील :** मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में धर्म और समाज को कमजोर करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या जो समाज और राष्ट्र को कमजोर करती हो, हमें उससे खुद को अलग करना होगा। ऐसे तत्वों को बेनकाब कर समाज से अलग-थलग करना धर्म का कार्य होना चाहिए।

**देवरहा बाबा से भी रहा है सुग्रीव किला का संबंध :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सुग्रीव किला का संबंध देवरहा बाबा से भी रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्थल श्रीराम के वनवास काल से जुड़ा है, जब भरत जी ने इसे श्रीराम के निवास के लिए तैयार किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले इस किले तक पहुंचने का मार्ग संकरा था, लेकिन अब इसे चौड़ा और सुगम बना दिया गया है। उन्होंने इसे अयोध्या के विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया। योगी ने कहा कि अयोध्या अब न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण का केंद्र है, बल्कि विश्व की सबसे सुंदर नगरी के रूप में भी विकसित हो रही है।

**अयोध्या में हो रहा विश्वस्तरीय सुविधाओं का विकास :** योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के विकास की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन चुका है, जो अयोध्या को वैश्विक स्तर पर जोड़ने में मदद करेगा। उन्होंने अयोध्या को विश्व की सबसे सुंदर नगरी बनाने का संकल्प दोहराया और इसे अयोध्यावासियों की जिम्मेदारी बताया कि वे इस धरोहर को सुरक्षित और संरक्षित रखें। मुख्यमंत्री ने

» बोले सीएम योगी, पहले सुग्रीव किले तक आने का रास्ता था बेहद संकरा, आज दोनों ओर चौड़ी सड़कें
» संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या को श्रीराम के आदर्शों वाली नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा : योगी

अयोध्या के विकास के साथ अन्य धार्मिक स्थलों के कायाकल्प की भी बात कही। उन्होंने कहा कि संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या को श्रीराम के आदर्शों वाली नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने संत पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के योगदान का भी उल्लेख करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त किया। इस अवसर पर जगद्गुरू रामानुजाचार्य पूज्यस्वामी श्रीविश्वेशप्रपन्नाचार्य जी महाराज, श्रीरंगम से पधारे संतजन, हनुमानगढ़ी के श्रीमहंत धर्मदास जी महाराज, श्रीमहंत रामलखन दास, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी सहित पूज्य संतजन एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# तिब्बती बच्चों को अपनी भाषा, संस्कृति, धर्म से दूर कर रहे हैं चीनी बोर्डिंग स्कूल



एजेंसी

**नई दिल्ली »** चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की सरकार तिब्बत में बगावत को हमेशा के लिए शांत करने के लिए शिक्षा को हथियार बना कर काम कर रही है और तिब्बत में जगह-जगह तथाकथित आवासीय विद्यालयों में करीब आठ लाख तिब्बती बच्चों को माता-पिता की इच्छा के खिलाफ बलपूर्वक भर्ती कराके उन्हें तिब्बती भाषा एवं संस्कृति से पृथक कर घृणा एवं हिंसा सिखायी जा रही है। तिब्बती भाषा एवं संस्कृति के विद्वान एवं तिब्बत एक्शन इंस्टीट्यूट के डॉ. ग्याल लो ने यहां सेंटर फॉर चाइना एनालिसिस एंड स्ट्रैटजी (सीसीएएस) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में तिब्बत में चीनी कम्युनिस्ट शासन की इस नयी दमनकारी बर्बर नीति का खुलासा किया। यह प्रणाली चीनी छात्रों की तुलना में तिब्बती और जातीय अल्पसंख्यक बच्चों को अधिक लक्षित करके बनायी गयी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीसीएएस के अध्यक्ष जयदेव रानाडे ने की।

डॉ. ग्याल लो ने बताया कि तिब्बती बच्चों पर चीन के सरकारी बोर्डिंग स्कूलों का बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ये संस्थान तिब्बत में तिब्बती युवाओं की राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना को पारंपरिक संस्कारों से दूर करके चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंडा में ढाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीनी बोर्डिंग स्कूल तिब्बती बच्चों की राजनीतिक विचारधारा और सांस्कृतिक संस्कारों को समाप्त करके उन्हें एक चीनी विचार में आत्मसात करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ये संस्थान, जिन्हें अक्सर आधुनिकीकरण और शिक्षा के उपकरण के रूप में स्थापित किया जाता है, ऐसे स्थान बन गए हैं जहाँ तिब्बती बच्चों को उनकी भाषा, धार्मिक प्रथाओं और ऐतिहासिक परंपराओं को नष्ट करने के लिए व्यवस्थित प्रयासों के अधीन किया जाता है। डॉ. ग्याल लो ने खुलासा किया कि 78 प्रतिशत तिब्बती छात्र (लगभग आठ लाख बच्चे) अब तिब्बत में औपनिवेशिक बोर्डिंग स्कूलों के एक नेटवर्क तक सीमित हैं, जहाँ उन्हें चीनी सरकार की नीति के तहत अपने परिवारों से जबरन अलग होने और व्यवस्थित एक चीन के सांस्कृतिक विचार में ढाला जा रहा है। इसके लिए माता-पिता को डराने-धमकाने और विकल्पों की कमी के ज़रिए अपने बच्चों को इन संस्थानों में भेजने के लिए मजबूर किया जाता है।उन्होंने कई ऐसे वीडियो भी साझा किये जिनमें बच्चों को बलपूर्वक गाड़ियों में डाल कर बोर्डिंग स्कूल ले जाया जा रहा है और एक बच्चा किसी तरह से छूट कर तेजी से भाग कर एक नदी में छलांग लगा देता है और आत्महत्या का प्रयास करता है हालांकि उसे किसी तरह से बचा लिया जाता है।

# झारखंड के लातेहार में उग्रवादियों ने मचाया तांडव, पांच हाईवा को किया आग के हवाले

अनिल, पब्लिक एशिया



**रांची »** झारखंड के लातेहार में कल देर रात मंगलवार को कोयला ढुलाई में लगे पांच हाईवा को उग्रवादियों ने आग के हवाले कर दिया।इस दौरान उग्रवादियों ने चालकों के साथ मारपीट करने और 15-20 राउंड फायरिंग करने की भी सूचना है।

लातेहार के हेरहंज थाना क्षेत्र के लात जंगल के पास मंगलवार रात को उग्रवादियों ने डीवीसी द्वारा संचालित तुबेद कोल माइंस से कोयला ले जा रहे पांच हाईवा को आग के हवाले कर दिया। इस बाबत जेपीसी (झारखंड प्रस्तुत कमेटी) नामक उग्रवादी संगठन ने पर्चा छोड़कर घटना की जिम्मेदारी ली है। उग्रवादियों ने इस दौरान दहशत फैलाने के लिए 15 से 20 राउंड फायरिंग भी की है।

उग्रवादियों द्वारा कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए जा रही पांच हाईवा को आग के हवाले कर देने से हाईवा पूरी तरह जलकर नष्ट हो गयी। जानकारी के मुताबिक 10 के 12 की संख्या में अपराधी पहुंचे और कोयला ट्रांसपोर्टिंग कर रही हाईवा वाहन में आग लगा दिया ।उग्रवादियों ने घटनास्थल पर पर्चा छोड़ दिया है. जेपीसी (झारखंड प्रस्तुत कमेटी) नामक उग्रवादी संगठन ने घटना की जिम्मेदारी ली है। इस दौरान चालकों के साथ मारपीट की गई है।दहशत बनाने के लिए उग्रवादियों ने 15 से 20 राउंड गोली भी चलाई है। घटना के बाद आज अहले सुबह बुधवार को पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

# नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार कदम बढ़ा रही

एजेंसी



**रायपुर/नई दिल्ली »** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार कदम बढ़ा रही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को नयी दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान यह बात कही। बैठक में राज्य के विकास, सुरक्षा एवं अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई।

श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार को नक्सलवाद के खिलाफ हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। बैठक के दौरान श्री साय ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे अभियानों और सुरक्षा बलों की कार्रवाई की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है।गृह मंत्री ने इन प्रयासों की सराहना की और केंद्र की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में नक्सल उन्मूलन की रणनीतियों पर भी चर्चा हुई।

श्री साय ने कहा कि श्री शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती के साथ लड़ाई लड़ी जा रही है। सुरक्षा के मोर्चे पर हमारी सरकार ने एंटी-नक्सल ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले 11 महीने में लगभग 200 नक्सली मारे गए हैं, वहीं 700 से अधिक नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है।

# अधिवक्ता शैलश सिंह ने राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की



## अधिवक्ता समाज राष्ट्रीय लोक दल के साथ-शैलश

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**लखनऊ»** बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान में केन्द्र सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री जयंत चौधरी के नेतृत्व में आस्था जताते हुए उच्च न्यायालय में अधिवक्ता शैलेष कुमार सिंह ने रालोद के राष्ट्रीय सचिव श्री अनुपम मिश्रा की प्रेरणा से अपने तमाम सहयोगियों व साज के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

राष्ट्रीय सचिव श्री अनुपम मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी नवांगतुको का स्वागत करते हुए उन्हें किसान मसीहा स्व चौधरी चरण सिंह जी द्वारा किसानो, मजदूरों,नौजवान व समाज के वंचित वर्ग के लिए किए गए संघर्ष व कार्यों के विषय में अवगत कराते हुए सभी नवांगतुक सदस्यों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कन्धे से कन्धा मिलाकर पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए बढ़ चढ़कर काम करने का आह्वान किया। शैलश कुमार सिंह ने ने सर्वप्रथम ज़मीनी स्तर पर संगठन को मज़बूत बनाने का प्रयास किये जाने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए अपने सभी साथियों से सहयोग व साथ का आह्वान किया।

सदस्यता ग्रहण के उपरांत सभी ने चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पार्टी के सिद्धांतों पर चलने का वचन लिया साथ ही

राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के हित में हर संभव सहयोग एवं समर्पण हेतु तत्पर रहने का संकल्प लिया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में अधिवक्ता शैलेश सिंह के अलावा प्रमुख रूप से अधिवक्ता अटल बिहारी ,जीतेन्द्र कश्यप, शरद श्रीवास्तव ,गौरव सिंह, करण,

अधिवक्ता वेद प्रकाश, संतोष कुमार, मोहित जायसवाल, शिवा सिंह, सुरेश, अखंड प्रताप सिंह व अन्य कई शामिल रहे।

# प्रदूषण के लिए कोई सकारात्मक काम नहीं कर रही 'आप' सरकार

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**नई दिल्ली »** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के साथ सबसे प्रदूषित शहर भी है। अक्टूबर के शुरुआत से लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है जिस पर अरविन्द केजरीवाल की रहनुमाई वाली आतिशी सरकार नियंत्रण पाने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। गैस चैंबर बनी राजधानी में स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति उत्पन्न होने के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। यह बात त्रिलोकपुरी में पड़पड़गंज विधान सभा अध्यक्ष अमरदीप द्वारा आयोजित जनसभा में कही इस मौके पर उन्हें पगड़ी भी पहनाई गयी ।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 10 वर्ष केजरीवाल सरकार और अब आतिशी सरकार प्रदूषण के लिए कोई सकारात्मक काम करने की बजाय प्रदूषण के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराती है। चार बार संशोधन करके विंटर एक्शन प्लान इस वादे के साथ लागू किया, प्रदूषण मुक्त दिल्ली बनाऐंगे और रेड लाईट ऑन गाड़ी ऑफ, ''विशेष जल छिड़काव अभियान'' 70 एंटी स्मॉग गन, स्मॉग टावर, ''धूल प्रदूषण के विरुद्ध, पानी छिड़काव अभियान'' कई योजनाओं को लागू करने के बावजूद दिल्ली में ग्रेप 4 लागू करने की नौबत आ गई है। दिल्ली वालों की सांसो छीन रहे गंभीर होते प्रदूषण की जवाबदेही सरकार के पास नही है। उन्होंने कहा कि जब पंजाब में कांग्रेस सत्ता में थी तो केजरीवाल ने प्रदूषण के लिए पंजाब में पराली जलाने को जिम्मेदार ठहराकर केवल नौटंकी करते थे परंतु अब आप पंजाब में उनकी सत्ता होने पर दिल्ली में प्रदूषण के लिए अन्य पड़ोसी राज्यों को जिम्मेदार ठहराकर दिल्ली वालों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि जब कांग्रेस दिल्ली की सत्ता में थी, तो वह हमेशा दिल्ली के विषयों पर जवाबदेह होती थी लेकिन केजरीवाल लोगों की समस्याओं को सुने बिना केवल लोगों की प्रदूषण, टूटी सड़कों और अन्य समस्याओं को दूर करने की बजाय अपने मन की बात कह रहे है। केजरीवाल ने पूरे 11 वर्ष लोगों के कल्याण, राजधानी में सुधार के लिए कोई ठोस काम करने की बजाय लोगों को झूठ बोलकर सिर्फ गुमराह करने का काम किया है।

उन्हांने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदूषण के मुद्दे पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई थी और उसे ग्रेप-4 लागू करने का निर्देश दिया था और पूछा था कि उसने प्रदूषण से निपटने के लिए पूरे साल में क्या कदम उठाए है। यह आश्यर्चजनक है कि सरकार के पास सुप्रीम कोर्ट का कोई जवाब नहीं था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि 1500 वर्ग किलोमीटर में फैली दिल्ली में वायु गुणवत्ता को मापने के लिए सिर्फ 40 स्टेशन नाकाफी है। लेकिन हकीकत यह भी है कि जिन क्षेत्रों में प्रदूषण अधिक होता है वहां एक्यूआई मापने वाले स्टेशन है। एक्यूआई स्टेशन 37 वर्ग किलोमीटर पर एक स्टेशन है। क्या हवा में गुणवत्ता है, कहना सरकार के प्रदूषण को रोकने वाले आंकड़ों में कितनी वास्तविकता है, यह कहना मुश्किल है? पर्यावरण विशेषज्ञ का कहना है कि एक स्टेशन से इतने बड़े क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले इलाकों की पहचान नही हो सकती। मतलब साफ है आम आदमी पार्टी प्रदूषण रोकथाम के लिए सिर्फ खाना पूर्ति कर रही है।

# नासिक से प्याज लेकर कांदा एक्सप्रेस रेलगाड़ी दिल्ली पहुंची

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**नई दिल्ली »** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्याज़ की खपत के लिए, नासिक से प्याज लेकर कांदा एक्सप्रेस रेलगाड़ी आज एक बार फिर दिल्ली के किशनगंज स्टेशन 1336 टन लेकर पहुंची। प्याज की विश्वसनीय और कम खर्च पर आपूर्ति के लिए रेल रेक द्वारा प्याज का बड़े पैमाने पर परिवहन किया जा रहा है। नासिक क्षेत्र के प्याज किसानों को थोक परिवहन के माध्यम से अतिरिक्त राजस्व का समर्थन मिल रहा है। रेल परिवहन में यह रणनीतिक बदलाव न केवल प्याज की कीमतों को स्थिर करके उपभोक्ताओं का समर्थन करता है बल्कि सहकारी समितियों को सड़क के लागत प्रभावी परिवहन विकल्प को प्रदान करता है। रेलवे द्वारा किसानों को शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं को सीधे भेजने के लिए,शेतकरी समृद्धि की शुरुआत की हुई हैं। रेल द्वारा इतने बड़े पैमाने पर प्याज की ढुलाई से दिल्ली में प्याज की उपलब्धता में वृद्धि हो रही है। इस पहल से प्याज़ की आवक बढ़ रही है और मंडियो मे प्याज़ की खुदरा मूल्य भी स्थिर हो रही है।